राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-227
लखनऊ, शनिवार 06 अप्रैल, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



मतदाताओं के पास समय से पहुंचे मतदाता पर्ची : नवदीप रिणवा 03

दिल्ली में वेंटिलेटर पर है स्वास्थ्य व्यवस्था : एलजी 12

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान की धरती से विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा

# कांग्रेस के पापों की कीमत देश ने चुकाई

**मैं कहता हूं भ्रष्टाचार हटाओ, विपक्षी कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राजस्थान की धरती से विपक्ष पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा, मैं कहता हूं भ्रष्टाचार हटाओ, वे (विपक्षी) कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ। लोकसभा चुनाव से पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान के चुरू में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि देश ने हमेशा कांग्रेस के पापों की कीमत चुकाई है। लेकिन अब, जब इन परिवारवादी भ्रष्टाचारियों की लूट का हिसाब लिया जा रहा है, तो वे सभी एक हो गए हैं।

उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन के लोग चुनावी रैलियां नहीं कर रहे हैं बल्कि वे भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए रैलियां कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आगे विपक्षी पार्टी को चेतावनी देते हुए कहा, मैं इन भ्रष्ट परिवार वालों से कहना चाहता हूं



कि आप कितना भी झूठ फैला लें, मोदी डरने वाला नहीं हैं।÷ प्रधानमंत्री ने कहा कि देशहित से भी ज्यादा कांग्रेस ने हमेशा तुष्टिकरण को प्राथमिकता दी है। ये वो लोग हैं, जिन्होंने कोर्ट में जाकर कहा था कि प्रभु श्रीराम तो काल्पनिक हैं। अभी कुछ महीने पहले ही अयोध्या में, भव्य राम मंदिर का सपना पूरा हुआ। पूरा देश प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मन रहा था, लेकिन कांग्रेस पार्टी खुलेआम हमारी आस्था का अपमान कर रही थी। प्रधानमंत्री ने कहा, ÷कांग्रेस और उसके सहयोगी गरीबों, दलितों और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के कल्याण और सम्मान की उपेक्षा करते हुए, अपने हितों को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने ऐतिहासिक रूप से बाबा साहेब आम्बेडकर की उपेक्षा की है, दशकों तक भारत रत्न के साथ उनकी मान्यता में बाधा डाली और आपातकाल लगाया, संविधान को बंधक बना लिया।÷ प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे आईएनडीआई गठबंधन पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देने में विफल रहा और इसके विपरीत, मोदी ने इस लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया। भाजपा ने देश के पहले दलित राष्ट्रपति और पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति को नियुक्त किया। प्रधानमंत्री ने विपक्ष के दुस्साहस की ओर भी इशारा किया और कहा कि हमारी सेना की सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के दौरान, कांग्रेस और उसके सहयोगी सेना की बहादुरी का सबूत मांग रहे थे। इस अहंकारी गठबंधन ने हमारे सशस्त्र बलों का अपमान किया और देश को विभाजित करने की कोशिश की। यही कांग्रेस पार्टी की असली पहचान है। पिछले दशक पर विचार करते हुए, हम दस साल पहले देश की गंभीर स्थिति को याद कर सकते हैं, जब कांग्रेस शासन के दौरान बड़े पैमाने पर घोटालों और लूट के कारण अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो गई थी।

**आज दुश्मन के घर में घुसकर मारता है भारत : पीएम मोदी**

उन्होंने आतंकवाद पर भारत के रुख को दोहराते हुए कहा, आज दुश्मन भी जानता है- भारत घर में घुसकर मारता है। एक राज्य के रूप में राजस्थान के महत्व और पूरे देश में इसके जुड़ाव पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरा देश विकसित भारत के मिशन पर काम कर रहा है। इस विकसित भारत मिशन में राजस्थान की बहुत बड़ी भूमिका है। जब राजस्थान विकसित हो जायेगा तो पूरा देश विकसित हो जायेगा। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में मोदी सरकार ने विकसित भारत के लिए मंच तैयार किया है। उन्होंने कहा कि हम जो भी ठान लेते हैं उसे हासिल करने का हमारा ट्रैक रिकॉर्ड है।

**मोदी 3.0 में होंगे कई मजबूत फैसले**



**कोटा।** लोकसभा चुनाव में कोटा- बूंदी सीट से भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला ने कहा कि नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने 10 साल में राम मंदिर निर्माण, धारा 370 हटाने, ट्रिपल तलाक हटाने, महिला आरक्षण, भारतीय न्याय संहिता, सीएए जैसे महत्वपूर्ण देशव्यापी निर्णय लिए हैं। मोदी का तीसरा कार्यकाल और भी कई मजबूत फैसलों के लिए अतुलनीय रहेगा। बिरला ने शुक्रवार को बूंदी के केशवरायपाटन क्षेत्र के गांवों में जनसम्पर्क किया। उन्होंने विजय नगर, चितावा, रंगपुरिया, ईश्वर नगर, लेसरदा, मायजा, करवाला, बनियानी, छांवछ, छोडेला, खेड़ली, जलोदा, अरनेटा, रडी, चडी, हस्तिनापुर, भीया, इंद्रपुरिया और गुडली में जनता से मिलकर भाजपा को भारी मतों से जिताने की अपील की। बिरला ने कहा कि मजबूत नेता ही देशहित में बड़े निर्णय कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में वह सामर्थ्य है जिससे उन्होंने यह कर दिखाया है। उनमें यह ताकत देशवासियों के अपार प्यार और समर्थन से आती है। मोदी ने जनता के भरोसे पर ही अबकी बार 400 पार का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य जनता ही पूरा करेगी। पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल ने कहा कि जनता में भाजपा के प्रति समर्थन देख विपक्षी नकारात्मक बातें कर चुनाव को गलत दिशा में ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं को संयम और धैर्य से चुनाव लड़ना है। भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला शनिवार को रंगपुर, किशनपुरा तकिया, मानसगांव, रामराजपुरा, बृजेशपुरा, ताथेड़, डाहरा, मोरपा, गोदल्याहेड़ी, किशनपुरा, जाखोड़ा, जगन्नाथपुरा, दसलाना, मंडानिया, बोरखंडी, नया नोहरा, मानपुरा, हनुवंतखेड़ा और देवली अरब में जनसम्पर्क करेंगे।

## उत्तर, पूरब, पश्चिम व दक्षिण में तीसरी बार भी मोदी की गूंज



समृद्धि न्यूज

**अलीगढ़।** प्रदेश में कभी कोई सोचता था कि यहां बेटी और व्यापारी रात को निडर होकर घर से निकल सकते हैं, लेकिन आज यह संभव है। हम सिर्फ राम को ही नहीं लाएं हैं बल्कि बेटी और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए खतरा बनने वाले का राम नाम सत्य भी करवा देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु राम का नाम लेकर जीवन यापन करते हैं। बिना उनके कोई काम नहीं होता है। वहीं जो समाज की सुरक्षा के लिए खतरा बनेगा उसका राम नाम सत्य भी तय है। 10 वर्ष पहले जो सपना आपने देखा था, आज वह हकीकत बन गया है। यह आपके एक कीमती वोट से संभव हो पाया है, इसलिए आपको अपने एक वोट की कीमत को समझना है। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी सतीश कुमार गौतम के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए खेरेश्वर मंदिर वाले बाबा खेरेश्वर महादेव, ऐतिहासिक सरोवर धरणीधर और महान चंद्रवंशी राजाओं की धरा को नमन किया। साथ ही उन्होंने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व करने वाले शिव नारायण पंडित, मंगला सिंह और महताब सिंह को नमन किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में लोकसभा चुनाव 2024 का शंखनाद हो चुका है। वहीं दूसरे चरण में अलीगढ़ वासियों को भी मतदान करना है। देश में पहली बार 18वीं लोकसभा का चुनाव ऐसे हैं, जिसमें लोगों को कयास लगाने की जरूरत नहीं है। सभी को परिणाम पता है। यह पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किए गए ऐतिहासिक कार्यों का परिणाम है। पूरे देश में उत्तर, पूरब, पश्चिम और दक्षिण में तीसरी बार मोदी सरकार यही आवाज गूंज रही है। आज हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत के दर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में दुनिया में देश का सम्मान बढ़ा है, सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। इतना ही नहीं आतंकवाद और नक्सलवाद समाप्त हुआ है जबकि देश में इंफ्रास्ट्रक्चर के आधुनिक कार्य हो रहे हैं।

**पांच सौ वर्षों बाद रामलला ने अयोध्या में खेली होली**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमारे त्योहार केवल उत्सव नहीं हैं बल्कि इनमें इतिहास छुपा हुआ है। उन्होंने कहा कि आज की तरह पहले बरसाना और वृंदावन की होली नहीं होती थी। इसे हमने आज वर्ल्ड क्लास के रूप में बनाया है। दुनिया आज यहां पर आती है। इस बार होली के दिन बरसाना में 10 लाख लोग आए थे। वहीं 2017 से पहले 20 से 25 हजार लोग ही आते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 500 वर्षों के बाद रामलला ने भी इस बार अयोध्या में होली खेली है। 2014 और 2017 से पहले यह सब सपना था,लेकिन आज यह हकीकत बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत की बात कही है। यह तब होगा जब उत्तर प्रदेश विकसित होगा। वहीं उत्तर प्रदेश तब विकसित होगा जब अलीगढ़ विकसित होगा और यह तब होगा जब यहां मां लक्ष्मी का प्रतीक कमल खिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

**लालू के खिलाफ एमपी-एमएलए कोर्ट से वारंट जारी**

**ग्वालियर।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को ग्वालियर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने शुक्रवार को गिरफ्तारी वांरट जारी किया है। यह मामला करीब 26 साल से लंबित हथियारों की अवैध खरीद-फरोख्त से जुड़ा है। साल 1995 में आर्म्स एक्ट के मामले में पुलिस जांच में लालू प्रसाद यादव का नाम सामने आया था। सुनवाई के दौरान साल 1998 में लालू को अदालत ने फरार घोषित किया था। यह फर्जीवाड़ा 23 अगस्त, 1995 से लेकर 15 मई 1997 के बीच किया गया था। यूपी की फर्म के संचालक राजकुमार शर्मा पर आरोप है कि उसने ग्वालियर की हथियारों की तीन कंपनियों से फर्जीवाड़ा कर 1995 से 1997 के बीच हथियार और कारतूस खरीदे थे। इस मामले में लालू प्रसाद यादव सहित 23 आरोपित नामजद हैं।

**किश्तवाड़ व डोडा में महसूस किए गए भूकंप के झटके**

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ और डोडा जिले में शुक्रवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। शुक्रवार को किश्तवाड़ में चार और डोडा में एक बार भूकंप का झटका लगा। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार किश्तवाड़ में शुक्रवार शाम 5.20 पर 3.8 की तीव्रता का भूकंप आया। इससे पहले रात 02.09 पर 3.2 की तीव्रता, रात 01.24 पर 2.9 की तीव्रता का भूकंप किश्तवाड़ में आया। डोडा में सुबह 5.37 पर 2.6 की तीव्रता का झटका लगा। भूकंप के झटके लगते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए।

**नासिक में सड़क हादसे में पांच की मौत, चार घायल**

**मुंबई।** दिंडोरी पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक रघुनाथ शेगर के अनुसार बोलेरो चालक वाराणसी जिले से हैं और पंचवटी में देव दर्शन कर लौट रहे थे। अचानक बोलेरो कार के सामने तेज रफ्तार दो पहिया वाहन आ गया, जिसे बचाते समय अचानक बोलेरो के चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और कार दोपहिया वाहन से टकराकर पेड़ से टकरा कर पलट गई। इस घटना में बोलेरो सवार मुकेश कुमार यादव (25), अमन यादव (18), कुसुम देवी यादव (45) और दोपहिया सवार अनिल चिमाजी बोडके, राहुल अनिल बोडके की मौके पर ही मौत हो गई।

**नजूल अध्यादेश की चुनौती याचिका की सुनवाई 18 को**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति वी के बिड़ला तथा न्यायमूर्ति एस क्यू एच रिजवी की खंडपीठ ने नजूल अध्यादेश की वैधता को चुनौती में दाखिल डॉ अशोक तेहलियानी की याचिका की सुनवाई से स्वयं को अलग कर लिया है और नामित अन्य पीठ के समक्ष सुनवाई हेतु 18 अप्रैल को पेश करने का निर्देश दिया है।

## चुनावों में सप्लाई के लिए अवैध शस्त्र की फैक्ट्री का खुलासा, एक गिरफ्तार

**शस्त्र बनाने के उपकरण व कारतूस व खोखा कारतूस बरामद**

समृद्धि न्यूज

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने शुक्रवार को पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता कर थाना सिविल लाईन्स पुलिस द्वारा पकड़ी गई अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा किया।

एसएसपी ने बताया कि अवैध शस्त्र बना रहे एक आरोपित को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अवैध शस्त्र, शस्त्र बनाने के उपकरण तथा कारतूस व खोखा कारतूस की बरामद किए गए हैं। पकड़े गए आरोपित ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोगों को बेचने के लिए अवैध हथियार बना रहे थे। आरोपित पर विभिन्न थानों में 5 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक थाना सिविल लाईन्स पुलिस टीम ने आज थाना क्षेत्र के फकीरपुर में टिकली फैक्ट्री के बराबर में टावर के सामने छापेमारी कर अवैध रुप से चल रही शस्त्र फैक्ट्री पर छापा मारा गया, छापे के दौरान अवैध शस्त्र बना रहे आरोपित शशि राजन पुत्र शरण निवासी आदर्श कालोनी थाना सिविल लाईन्स को गिरफ्तार कर लिया वहीं दूसरा आरोपित विशाल पुत्र महेश निवासी आदर्श कॉलोनी थाना सिविल लाइन्स मौके से फरार हो गया।

## यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड एक्ट को असंवैधानिक करार देने वाले आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**एक्ट को रदद करने के फैसले से 17 लाख छात्रों पर पड़ता असर**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम को 'असंवैधानिक' करार देने संबंधी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने क्कमदरसा एक्ट रद्द करने के फैसले पर रोक लगा दी है।

कोर्ट ने'यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को रद्द करने के फैसले पर कहा कि इससे 17 लाख छात्रों पर असर पड़ेगा। दूसरे स्कूल में ट्रांसफर



करना उनके लिए ठीक नहीं है। इसके साथ ही कोर्ट ने यूपी सरकार से इस पर जवाब मांगा है। दरअसल, उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम को 'असंवैधानिक' करार देने संबंधी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाई। उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर केन्द्र और उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया, जिसमें उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम को ''असंवैधानिक'' करार दिया गया था। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया। पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। पीठ ने कहा,'' मदरसा बोर्ड का उद्देश्य नियामक सरीखा है और प्रथम दृष्ट्या इलाहाबाद उच्च न्यायालय की यह बात सही नहीं प्रतीत होती कि बोर्ड का गठन धर्मनिरपेक्षता का उल्लंघन होगा।''

### बाबरी के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी के साथ मारपीट

**अयोध्या।** बाबरी के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी ने शुक्रवार को अय्यूब उर्फ पप्पू पर बदसलूकी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वह सीएम योगी का समर्थन करते हैं जिससे कि कुछ लोग नाराज हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का समर्थन करना बाबरी पक्ष के पूर्व पक्षकार इकबाल अंसारी को भारी प? गया। इकबाल अंसारी के साथ बदसलूकी हुई है। शुक्रवार को अलविदा की नमाज के दौरान मस्जिद परिसर में अय्यूब उर्फ पप्पू नामक व्यक्ति ने उससे अभद्रता की है। इकबाल अंसारी ने मामले में हाथापाई और धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाना रामजन्मभूमि में तहरीर दी है।

## जीएसटी अधिकारियों ने किया 13 फर्जी फर्मों के नेटवर्क का पर्दाफाश

एजेंसी

**63 करोड़ रुपए की हुई धोखाधड़ी**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर विभाग ने जीएसटी के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट लेने और आगे पारित करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि सीजीएसटी विभाग ने आरोपी हेमंत कसेरा को गिरफ्तार किया है। जांच में 63 करोड़ रुपये की जीएसटी धोखाधड़ी का खुलासा किया गया।

उन्होंने बताया कि विभाग को जानकारी मिली थी कि जीएसटी के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट लेने और आगे पारित करने के लिए कई फर्जी कंपनी बनाई गई हैं।

निगरानी के बाद उस स्थान की पहचान की गई जहां से संदिग्ध गतिविधियां संचालित हो रही थीं। उन्होंने बताया कि इसके बाद सीजीएसटी मुख्यालय, रायपुर के अधिकारियों ने तलाशी अभियान चलाया और 13 फर्जी फर्मों के एक नेटवर्क का पर्दाफाश किया, जो वस्तुओं या सेवाओं की किसी भी प्रकार की आपूर्ति किए बिना केवल फर्जी चालान बनाने में सक्रिय रूप से लगे हुए थे।

### अब यूपीआई से भी बैंक खातों में जमा होंगे रुपए

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने यूपीआई (एकीकृत भुगतान इंटरफेस) की बढ़ती लोकप्रियता और स्वीकार्यता को ध्यान में रखते हुए इस पर उपलब्ध सुविधाओं का विस्तार करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत अब ग्राहक यूपीआई के माध्यम से भी बैंक खातों में रुपये जमा करा सकेंगे। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि बैंकों द्वारा लगाई गईं नकदी जमा मशीनें बैंक शाखाओं पर नकदी-हैंडलिंग भार को कम करते हुए ग्राहक सुविधाओं को बढ़ाती हैं। नकद जमा की सुविधा वर्तमान में केवल डेबिट कार्ड के उपयोग के माध्यम से उपलब्ध है।

## कार्रवाई : वीआईपीएस समूह के फरार मालिक की 24.41 करोड़ रुपए की संपत्ति ईडी ने की कुर्क

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत दुबई स्थित वीआईपीएस ग्रुप और पुणे स्थित ग्लोबल एफिलिएट बिजनेस कंपनी के मालिक विनोद खुटे की 24.41 करोड़ रुपये की चल संपत्ति कुर्क की है।

कुर्क की गई संपत्ति विभिन्न व्यक्तियों, संस्थाओं और फर्मों की है जो विनोद खुटे से जुड़े हुए हैं। वे 58 बैंक खातों में 21.27 करोड़ रुपये की शेष राशि और अपराध की आय के लिए 3.14



करोड़ रुपये की जमा राशि के रूप में हैं। जांच एजेंसी ने आम लोगों को धोखा देने और पोंजी स्कीम और विदेशी मुद्रा व्यापार में आम लोगों को लुभाने के लिए आपराधिक साजिश रचने के लिए विनोद खुटे, संतोष खुटे, मंगेश खुटे, किरण पीतांबर अनारसे, अजिंक्य बदाधे और अज्ञात अन्य के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की। ईडी ने कहा कि आरोपियों ने कई फर्जी/फर्जी फर्मों/कंपनियों के बैंक खातों में 100 करोड़ रुपये से अधिक एकत्र किए। ईडी की जांच में पता चला कि विनोद खुटे फरार है और उसके दुबई में रहने का संदेह है। जांच से यह भी पता चला है कि विनोद खुटे ने अवैध वित्तीय गतिविधियों को अंजाम देने के लिए कई कंपनियों की स्थापना की, जिनमें विप्सवालेट प्राइवेट लिमिटेड, विपस्ट्रेड फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, काना कैपिटल्स लिमिटेड, ग्लोबल एफिलिएट बिजनेस, वीआईपीएस सिक्योरिटीज और वीआईपीएस प्रॉपर्टीज शामिल हैं।

## नीतिगत दरें सातवीं बार यथावत नहीं कम होंगी कार-घर की ईएमआई

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आर्थिक गतिविधियों में जारी तेजी का हवाला देकर महंगाई पर कड़ी नजर रखते हुये नीतिगत दरों को आज लगातार सतावीं बार यथावत रखने के निर्णय से कार और घर की ईएमआई कम होने की उम्मीद लगाये आम लोगों को निराशा हाथ लगी। मई 2022 से 250 आधार अंकों तक लगातार छह बार दर वृद्धि के बाद पिछले वर्ष अप्रैल में दर वृद्धि चक्र को रोक दिया गया था और यह अभी भी इसी स्तर पर है।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि मौद्रिक



नीति समिति (एमपीसी) ने नीतिगत दरों को यथावत बनाए रखने का फैसला किया है।

इसके मद्देनजर रेपो दर के साथ ही सभी प्रमुख दरें यथावत हैं। रेपो दर 6.5 प्रतिशत, स्टैंडर्ड जमा सुविधा दर 6.25 प्रतिशत, मार्जिनल स्टैंडिंग सुविधा दर 6.75 प्रतिशत, बैंक दर 6.75 प्रतिशत, फिक्स्ड रिजर्व रेपो दर 3.35 प्रतिशत, नकद आरक्षित अनुपात 4.50 प्रतिशत, वैधानिक तरलता अनुपात 18 प्रतिशत पर यथावत है।

**बैठक** | **39 लाख से अधिक मतदाता, 1544 मतदान केंद्र और 3767 मतदान स्थलों पर होगा चुनाव**

## 51450 नए मतदाता लोकसभा चुनाव में पहली बार करेंगे मतदान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को कुशलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशानिर्देशों से राजनैतिक पार्टियों को अवगत कराना ही इस बैठक का मुख्य उद्देश्य है। डीएम ने बताया कि जनपद में पांचवे चरण में चुनाव



होगा, निर्वाचन की अधिसूचना की तिथि 26 अप्रैल 2024, नामनिर्देशन हेतु अन्तिम तिथि 03 मई 2024, नामनिर्देशन की जांच की तिथि 04 मई 2024, नाम वापसी की अन्तिम तिथि 06 मई 2024, मतदान की तिथि 20 मई 2024, मतगणना की तिथि 04 जून 2024 है। डीएम ने बताया की कोई भी रोड शो, पदयात्रा, साइकिल रैली, बाइक रैली आदि का आयोजन किसी भी व्यक्ति विशेष या किसी भी राजनीतिक दलों के द्वारा नहीं होगा।

उन्होंने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में जनपद में कुल मतदाताओं की संख्या 39,73,647 है जिसमें से पुरुष मतदाताओं की संख्या 21,03,914 महिला मतदाताओं की संख्या 18,69,579 व थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 154 है। 18 से 19 आयु वर्ग के कुल 51450 नये मतदाता बनाये गये। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 1544 कुल मतदेय स्थलों की संख्या 3767, जनपद में मतदाताओं का जेंडर रेशियो 889 है। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया कि एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने में सहयोग प्रदान करे।

**मतदान प्रतिशत बढ़ाने को चलेगा मैसिव वोटर अवेयरनेस अभियान**

डीएम ने कहा कि मा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत-प्रतिशत सख्ती के साथ पालन कराया जाएगा। पब्लिक रूट, किसी चौराहों व गलियों में किसी भी प्रकार की बैठक, नुक्कड़ नाटक आदि आयोजित नहीं किए जाएंगे। यदि कोई भी व्यक्ति या उम्मीदवार भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का उल्लंघन करता पाया जाता है तो नियमानुसार कार्यवाही करते हुये मुकदमा दर्ज किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के समस्त प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन किया जाए, यदि किसी प्रकार की समस्या आती है तो जिला प्रशासन हमेशा आपकी समस्या समाधान करने को तत्पर रहेगा। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि मतदाताओ को जागरूक करने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जनपद में मैसिव वोटर अवेयरनेस अभियान चलाया जाएगा। हम सब की जिम्मेदारी वोटिंग प्रतिशत बढ़ाना है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि मतदान के लिए सभी मतदाताओ के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

# महिला-पुत्र संग मारपीट में चार पर मुकदमा दर्ज

- ग्रामीण बोले किसी की गाड़ी से एक पिल्ला मर गया था उसी को लेकर पूरा विवाद है विपक्षी बोले, उक्त पिल्ला इन्ही की बाइक से दबकर मरा है



**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली भीरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिपरा खुर्द के मजरा पिपरिया झाऊ में एक ही समुदाय के दो पक्षो में हुई जमकर मारपीट, जिसमे एक विधवा महिला को गम्भीर चोटे आई। महिला को बिजुआ सी एच सी ले जाया गया जहाँ से महिला की हालत गंभीर देखते हुए डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिपरा खुर्द के मजरा पिपरा झाऊ निवासी राजरानी के पुत्र सूरज ने बताया बीते 28 मार्च दिन गुरुवार को करीब तीन बजे इसी गांव के निवासी छंगा लाल पुत्र कंठू, सरवन, अनुरुद्ध, रमेश पुत्रगण छंगा लाल हमारे घर आकर किसी पिल्ले को मार देने की बात कही और अकारण ही मुझे व मेरे परिजनों को गालियां देने लगे जब मैंने मना किया तो उन लोगो ने मुझे लात घूसों से मारना पीटना शुरू कर दिया, शोर सुनकर मेरी माँ राजरानी मुझे बचाने के लिए आई तब उक्त दबंगो ने मेरी माँ राजरानी को भी लाठी,डंडे लात मुक्को से मारा पीटा, जिसमे राजरानी को गम्भीर चोटे आई है जिन्हे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ ले गए जहां से हालात नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में करीब पांच दिन इलाज चला लेकिन हालात में सुधार न होने पर डाक्टर ने लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। बेवा पीड़िता राजरानी बहुत ही गरीब है पैसा न होने के कारण पीड़िता के परिजन घर ले आए है पीड़िता की हालत गंभीर बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया किसी की गाड़ी से एक पिल्ला मर गया था उसी को लेकर पूरा विवाद हुआ था।

**मुकदमा पंजीकृत हो चुका है विवेचना चल रही है न्यायोचित कार्रवाई की जाएगी।**
**चेतन तोमर चौकी प्रभारी बिजुआ**

विपक्षियों का कहना है उक्त पिल्ला इन्ही की बाइक से दबकर मरा है बाइक राजरानी का पुत्र सूरज चला रहा था ।विपक्षी लोगो ने मां बेटे को इतना मारा की बेवा राजरानी बेहोश हो गई तब विपक्षी मौके से भाग गये। इतना सब होने के बावजूद फिर भी उक्त दबंगो द्वारा पीड़ित को जान से मार देने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने उक्त दबंगो के खिलाफ भीरा थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। जिस पर पुलिस ने चार लोगों पर नामजक मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मतदाता जागरूकता को आइकॉन बने शिक्षक एसपी सिंह

- लोकतंत्र के महापर्व में होनी चाहिए सभी की भागीदारी : सीडीओ

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



मतदाता जागरूकता आईकॉन बेसिक के शिक्षक एसपी सिंह बने हैं। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए उन्होंने अपनी बाइक पर स्लोगन लिखाए। साथ ही मतदाता शपथ, जागरूकता पोस्टर तैयार किए। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने उनके इस प्रयास को देखकर मतदाता जागरूकता आईकान बनाने को कहा। मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने उनकी बाइक पर सवार होकर कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी की भागीदारी होनी चाहिए। शिक्षक एसपी सिंह अपनी बाइक से जिले के सभी मतदान बूथों पर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। इस दौरान अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, एसडीएम (सदर) श्रद्धा सिंह, एसडीएम रेनू मिश्रा, राजीव निगम, प्राचार्य डाइट बृजभूषण चौधरी, बीएसए प्रवीण तिवारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# फांसी के फंदे पर लटका मिला सपा कार्यकर्ता का शव

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ में भारत भूषण कॉलोनी निवासी सपा कार्यकर्ता आकाश सक्सेना उर्फ आकाश लाल का फांसी के फंदे पर झूलता हुआ सब मिला जिससे न सिर्फ भारत भूषण कॉलोनी बल्कि संपूर्ण गोला समेत जिले में शोक की लहर दौड़ गई। बता दे आकाश सपा प्रमुख अखिलेश यादव का बेहद करीबी रह चुका है और छात्र सभा का निवर्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी था। प्रथम दृष्ट्या कयास यही लगाया जा रहा है कि मृतक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है लेकिन सुसाइड नोट और कोई पुख्ता सबूत ना मिल पाने से इस बात की अभी तक पुष्टि नहीं हो पाई है। मृतक के रिश्तेदार द्वारा पुलिस को सूचना मिलने पर कस्बा इंचार्ज समेत काफी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। घटना की जानकारी कुछ ही पलों में आग की तरह फैल गई जिसके बाद सोशल मीडिया पर सैकड़ो ने मृतक की फोटो को साझा कर श्रद्धांजलि दी। गोला विधानसभा के पूर्व सपा विधायक विनय तिवारी ने भी मौके पर जाकर शोक संवेदनाएं प्रकट की। आकाश लाल सपा प्रमुख अखिलेश यादव का बेहद करीबी रह चुका है इसलिए सपा प्रमुख अखिलेश यादव को जानकारी मिलते ही सोशल मीडिया के माध्यम से शोक प्रकट किया। बता दें आकाश व्यवहार से काफी मिलनसार युवक था जिससे न सिर्फ सपा बल्कि कई राजनीतिक दलों के लोगों पर भी राज कर चुका था इसलिए सैकड़ो की संख्या में तमाम वर्गों के लोगों ने राजनीति से परे होकर सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि दी।

## खबरें एक नजर में

### दबंगों ने गाली गलौज कर लाठी डंडों से की मार पीट

**उचौलिया खीरी।** उचौलिया, थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव सुनौआ निवासी रुखसाना पत्नी अशफाक ने थाने में तहरीर देते हुए बताया है कि 5 अप्रैल दिन शुक्रवार की सुबह लगभग 7:00 बजे विपक्षी नसीम पुत्र अतहर, ताहिरा पत्नी नसीम मेरे दरवाजे पर आए और गंदी-गंदी गालियां देने लगे विरोध करने पर लाठी डंडों से पीटने लगे बचाने आए मेरे पति अशफाक को भी मारा पीटा और धमकी देते हुए भाग गए पिटाई से मेरे दाहिने हाथ के अंगूठे में और शरीर में गुम चोटें आई हैं। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

### घूर में लगी आग ने तीन घरो को लिया आगोश में

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** घूर से लगी आग से तीन लोगों की गृहस्थी का सामान जल कर राख हो गया। सामान के अतिरिक्त दो बकरियों की जल कर मौत हो गई है जब कि एक भैंस गम्भीर रूप से झुलस गई है। शुक्रवार को करीब चार बजे थाना सफदरगंज क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम तुरकानी में घूर से लगी आग से कछ्छू की दो बकरियां जल कर मर गई है 2 बोरी, चार बोरी धान रिक्शा तख्त इंजन व 15 हजार नकदी जल गयी। पड़ोसी जुग्गू लाल की एक भैंस गम्भीर रूप से जल गई है साथ ही घरेलू सामान धान गेहूं और पांच हजार रुपए नकदी जल गयी है। पडोसी रोहित का चार बोरी गेहूं तीन बोरी धान सायकिल बर्तन आदि जल कर नष्ट हो गया है।

### शाति के साथ अदा हुई अलविदा की नमाज

**बेलहरा, बाराबंकी।** रमज़ान के पाक महीने के आखिरी जुमा को अलविदा की नमाज़ कस्बा सहित क्षेत्र में शांति पूर्वक अदा की गई। कस्बे की मरकज मस्जिद में हाफिज मो.इसहाक, बड़ी मस्जिद में क़ारी मो.रफ़ीक़ नदवी, सौरंगा में हाफिज इरशाद,भटुवामऊ में हाफिज अज़ीम,घघसी में मौलाना मो.बिलाल,सूरतगंज में मुफ़्ती उज़ैर क़ासमी के अलावा मोहम्मदपुर खाला, छेदा, लालपुर करौता, मिटवारा, कैथा आदि जगहों पर इमामों ने अलविदा की नमाज अदा कराई। लोगो ने नमाज अदा कर देश की खुशहाली व अमन चैन की दुवा मांगी। वहीं धर्म गुरुओं ने अपने संबोधन में रोजे की अहमियत तथा गरीब,यतीम और जरोरतमंदो की अपने माल के जरिए लोगो की मदद करने पर ज़ोर दिया। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। वहीं नगर पंचायत द्वारा मस्जिदों के आस-पास साफ सफाई और चुने का छिड़काव कराया गया था।

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा 3 किलोमीटर लंबा संपर्क मार्ग

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** केंद्र और प्रदेश सरकार के आह्वान पर शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों में सभी प्रकार के मार्गो का निर्माण कार्य एवं मरम्मत कार्य किया जाना था जिससे ग्रामीणों को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। मामला विकासखंड हैदरगढ़ के औसानेश्वर मार्ग पर स्थित सूबेदार पुरवा से दाउदपुर संपर्क मार्ग का है। जहां पिछले 5 माह पूर्व 3 किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग का निर्माण कार्य करवाया गया था। करोड़ों रुपए की लागत से बनी यह सड़क भ्रष्टाचार के चलते 5 माह में ही जगह-जगह पर उखड़ने लगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया गया है जिसके चलते यह मार्ग पुनः जगह-जगह पर क्षतिग्रस्त हो गया है। विभागीय अधिकारियों के संरक्षण में ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार किया गया है।

## भगवान महर्षि कश्यप एवं महाराज निषाद राज जयंती समारोह संपन्न

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** महर्षि कश्यप एक वैदिक ऋषि थे उनकी गणना सप्त ऋषियों में की जाती है हिंदू मान्यता के अनुसार वह ऋग्वेद के साथ प्राचीन ऋषियों में से एक है कश्यप को ऋषियों मुनियों में श्रेष्ठ माना गया है पुराणों के अनुसार हम सब उन्हीं की संताने हैं। उक्त विचार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने व्यक्त किये। कार्यक्रम में पहुंचे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह एवं नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने निषाद राज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वनवास काल के दौरान भगवान राम माता सीता और लक्ष्मण जी को अपने कारसेवकों के माध्यम से गंगा नदी को पार करवाया था वनवास के बाद भगवान श्री राम ने पहले रात्रि अपने मित्र निषाद राज के यहां बिताई थी।

# पौराणिक मंदिर बाबा गदाई नाथ चैत माह की तैयारियां शुरू



**भीरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के शाहपुर ग्राम पंचायत में पडने वाले पौराणिक मंदिर जो बाबा गदाईनाथ के नाम से जाना जाता है। इस पौराणिक मंदिर में भगवान शिवजी विराजमान है इस स्थान पर हर वर्ष चैत्र मास में मेले का आयोजन होता है,जो पांच दिवस तक चलता है,इस वर्ष यह मेला 8अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है जो 13 अप्रैल तक चलेगा।इस पौराणिक मेले में दूर-दूर से दुकानदार पहुंचते हैं। तराई क्षेत्र के इस मेले को देखने के लिए काफी दूर दूर लोग आते है और पांच दिवस तक काफी भीड़ भाड़ रहती है।इस पौराणिक मंदिर में चैत्र मास की अमावश्या तिथि पर दूर दूर से श्रद्धालु पूजा अर्चना करने पहुँचते हैं। वही इस मेले में सदैव से मशहूर रामलीला पार्टी बुलाई जाती है जो कलाकार रामलीला को बहुत ही खूबसूरती व सजीव चित्रण दिखा कर सबका मन मोह लेते हैं। तो वहीं रामलीला मंच के कलाकार लोगों को धर्म की ओर प्रेरित करए हुए धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों से सभी को प्रफुल्लित करते हैं इस वर्ष भी करीब एक माह पहले से ही मेले के आयोजन को लेकर के तैयारियां शुरू हो गई । जिसमें मेला ग्राउंड में मौत का कुआं, सर्कस, ऊंचे ऊंचे झूले लगने शुरू हो गए वही इस मंदिर के इतिहास की बात करें तो किवदंती है कि सैकड़ों वर्ष पहले राजा बेन ने इस मंदिर की स्थापना की थी। उसके बाद यह मंदिर अभी भी विराजमान है लेकिन वही इसके वास्तविक निर्माण की अवधि क्या है यह कहना मुश्किल है लेकिन इस पौराणिक मंदिर को देखने से या प्रतीत होता है कि इसका इतिहास बहुत ही पुराना है।

पौराणिक मंदिर में लगने वाले मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं और इस मेले का शुभारंभ 8 अप्रैल दिन सोमवार को होगा।

## मरीजों की पर्ची में दवा के साथ डॉ. लगाएंगे जागरुकता की मुहर, जानें क्या लिखा है इसमें

**लखीमपुर खीरी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निर्विघ्न एवं निष्पक्ष संपन्न करने के उद्देश्य से शुक्रवार को बेहतर सेहत के साथ लोकतंत्र की मजबूती के लिए जिले में जिला अस्पताल, जिला महिला अस्पताल एवं सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर दवा की पर्ची पर पहले मतदान फिर जलपान की सील लगेगी। इसके निर्देश डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने स्वीप कार्यों की समीक्षा के दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता को दिए। बताते चलें कि प्रत्येक पर्चे पर मतदान की अपील वाली सील लगाकर मरीज को देने से उसके जेहन पर सीधा असर होगा। डीएम ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी की भागीदारी होनी चाहिए। सरकारी दफ्तर में जारी होने वाले पत्रों में भी पहले मतदान फिर जलपान की सील लगाने के निर्देश दिए। अभी विभाग अध्यक्ष कार्यालयाध्यक्ष को निर्देशित किया है कि वह मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र लखनऊ के निर्देशानुसार स्वीप योजना के अंतर्गत प्रचार प्रसार करते हुए 90 फीसदी मतदान से अधिक पार करने की योजना और उससे संबंधित साप्ताहिक रिपोर्ट प्रभारी अधिकारी स्वीप योजना को उपलब्ध कराए।

## पुलिस की मिलीभगत से कीमती पेड़ काटा

**हैदरगढ़ बाराबंकी,समृद्धि न्यूज़।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत फुलचौरा मजरे शालपुर गांव में दबंग एक किसान की बाग में लगे कीमती पेड काट कर उठा ले गए। पीड़ित ने नाराजगी जताई तो दबंगों ने घर में घुसकर उसकी एवं परिजनों की पिटाई कर दी।घटना के एक माह बीत जाने के बाद पुलिस कप्तान के आदेश पर पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। फुलचौरा ग्राम निवासी रामयश ने पुलिस कप्तान से मिलकर बताया कि बीते माह 10 मार्च की रात गांव के ही सागर व गोरखनाथ उसकी बाग में लगे शीशम,चिलवल व कठूमर आदि के चार पेड़ चोरी से काट कर उठा ले गए। अगले दिन पीड़ित को जानकारी मिली तो आरोपियों से नाराजगी प्रकट किया।दबंग आरोपियों ने पीड़ित व उसके परिजनों की घर में घुसकर पिटाई कर दी।घटना से आहत रामयश ने थाने पहुंचकर शिकायत की।लेकिन पुलिस ने ध्यान नहीं दिया। पुलिस कप्तान ने फरियादी की व्यथा सुनने के बाद घटना की रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश हैदरगढ़ पुलिस को दिया।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वार्षिक परीक्षा फल वितरित

**बेलहरा, बाराबंकी।** क्षेत्र के परमेश्वर इंटर कॉलेज दुंदपुर में वार्षिक परीक्षा फल वितरित किया। कक्षा में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उन्हे परसस्ति पत्र प्रदान दिया गया। परीक्षाफल पाकर बच्चे बहुत खुश हुए,कॉलेज के प्रिंसिपल वीरेश चंद्र ने छात्रों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति और मीटिंग में आने वाले अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया साथ ही 20 माई को मतदान अवश्य करें ऐसी अपील की गई।

# भीरा नगर पंचायत के सभासदों ने की भ्रष्टाचार की शिकायत



**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को लखनऊ में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के आवास पर भाजपा समर्थित सभासदों ने शिष्टाचार मुलाकात कर नगर पंचायत में व्याप्त भ्रस्टाचार से सम्बंधित शिकायत पत्र सौप कर जाँच की मांग की है। भीरा नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 1/2 /3 /5 से भाजपा समर्थित सभासद ने भीरा नगर पंचायत ईओ पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बताया ईओ सभासदों की बात नही सुनने है और भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए है,वही वार्डो में साफ सफाई न कराने का आरोप, नगर पंचायत अध्यक्ष पर दलालो की मदद से आवासों में 30हजार रुपये मांगने व डूडा विभाग के डीसी विनय श्रीवास्तव पर पहली किश्त में रुपये न मिलने पर पैसा न भेजने के भी गम्भीर आरोप लगाये साथ ही सभासदों ने नगर अध्यक्ष पर भी भाजपा समर्थित सभासदों से भेदभाव के आरोप लागये है ।

शिवनगर वार्ड 2से सभासद किसन ने बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष सपा पार्टी की समर्थक है ,जिसके चलते भाजपा समर्थक सभासदो के वार्डो में काम नही करा जा रहा है। किसान नगर वार्ड 5 के सभासद सतीश ने बताया कि नगर पंचायत में अवैध वसूली व घटिया निर्माण कार्य को लेकर दर्जनों वीडियो वायरल होने के बाद भी नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी व तहसील प्रशासन ने कोई कार्यवाही नही की है ,जिससे भाजपा पार्टी की छवि धूमिल हो रही है।

## अवैध मिट्टी खनन जोरों पर, एसडीएम ने गठित की टीमें

**पसगवां खीरी, समृद्धि न्यूज।** पसगवां कोतवाली के अंतर्गत बरबर क्षेत्र के गलरई में पिछले काफी दिनों से जेसीबी से मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। जिसमें मानक विहीन तरीके से मिट्टी को ट्रैक्टर ट्रालियों से ढोया जा रहा है और मिट्टी को जगदीश के भट्टे पर पहुंचाया जा रहा है वही दूसरी ओर पसगवॉ क्षेत्र के अंतर्गत ही बसारा गांव के आसपास पिछले काफी दिनों से जेसीबी द्वारा मिट्टी को खोदा जा रहा है और मिट्टी को अजबापुर चीनी मिल पहुंचाया जा रहा है। यहां पर बड़ी संख्या में ईट भट्टा स्थापित है लेकिन अधिकांश ऐसे हैं जो नियमों के मुताबिक ईट का निर्माण नहीं कर रहे हैं सूत्रों की माने तो कई ईट भट्टा संचालकों के पास पर्यावरण क्लियरेंस भी नहीं है।

# लोस चुनाव को संपन्न कराने को लेकर अधिकारियों की हुई बैठक

- चुनावी जिम्मेदारियों का निष्ठा से करें अनुपालन: डीएम
- डीएम बोले, चुनाव में प्रभारी अधिकारियों की बड़ी भूमिका

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निर्विघ्न एवं निष्पक्ष संपन्न करने के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने प्रभारी अधिकारियो की बैठक ली, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने संबंधित अधिकारियों से चुनाव संबंधी जिम्मेदारियों का निष्ठा से अनुपालन करने के निर्देश दिए। डीएम ने अफसरों से निर्वाचन के दौरान उनकी भूमिका, कर्तव्य व कार्य दायित्व पूछे और यह भी कहा कि आप सभी के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है, इसलिए उसका कुशलतापूर्वक निर्वहन करें। डीएम ने सभी अधिकारियों से जाना कि अबतक क्या काम हो चुके और आगे की उनकी क्या कार्ययोजना व तैयारी है।उन्होंने निर्वाचन आयोग से जारी निर्देशों का गहनता से अध्ययन करने को भी कहा। डीएम ने निर्वाचन कार्यो से संबंधित नोडल व प्रभारी अधिकारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों को चुनाव से जुड़े सभी कार्य समय से पूरे करने को कहा। कहा कि चुनाव में लगे सभी अधिकारी निर्भीक होकर निष्पक्षता के साथ चुनाव करवाएं। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि निर्वाचन एक समयबद्ध प्रक्रिया होती है, सभी अधिकारी कर्मचारी समय का विशेष ध्यान रखें। सभी अधिकारियों द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं सकुशल चुनाव संपन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## आखिरी जुमे को मस्जिदों में लोगों ने पढ़ी अलविदा की नमाज

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।** मुकद्दस माह रमजान के आखिरी जुमे अलविदा को मस्जिदों में लोगों ने अकीदत के साथ अलविदा की नमाज पढ़ी। छोटी ईद कहे जाने वाले अलविदा के दिन नमाज पढ़ने के बाद लोगों ने मुल्क में अमन व शांति तथा कौम की तरक्की के लिए दुआ मांगी। रमजान माह के आखिरी जुमे को अलविदा की नमाज पढ़ी जाती है। बताया कि रमजान का आखिरी जुमा है, जिसे हम लोग अलविदा कहते हैं। इस मुकद्दस महीने में अल्लाह अपने इन बंदों पर जो रोजे रखकर पांचों वक्त नमाज पढ़ता है, और कुरान-ए-पाक की तिलावत व तरावीह पढ़ता है, उन पर अपनी रहमतों की बारिश करता है।

# ये पब्लिक है सब जानती है: ब्रजेश पाठक

- भाजपा का सोशल मीडिया वालेंटियर्स सम्मेलन आयोजित
- पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की साख बढ़ी

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

**भाजपा में हुए शामिल**
जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सपा,बसपा एवम अन्य दलों के कई नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा का दामन थामने वालों में दरियाबाद से बीएसपी के पूर्व प्रत्याशी राम नारायण रावत,जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए सपा प्रत्याशी के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव लड़ चुकी डीडीसी नेहा आनंद ,डीडीसी शशि सिंह राजपूत,डीडीसी देव नारायण रावत,शैलेंद्र वर्मा,राजेंद्र यादव,अशोक कुमार यादव आदि शामिल हैं।

प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि कांग्रेसी सरकारों में हुए भ्रष्टाचार के चलते दुनिया में भारत की छवि धूमिल हो गई थी,मगर 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद विगत दस वर्षो में देश की साख नई ऊंचाइयों पर है। मोदी ने बेदाग और पारदर्शी सरकार चला कर करोड़ो देशवासियों के सम्मान की रक्षा की है।डिप्टी सीएम शुक्रवार को जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित भाजपा सोशल मीडिया वालेंटियर्स सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि मोदी ने देश में गरीब और अमीर के बीच की खाई को कम किया है।

मोदी कार्यकाल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। कहा कि प्रदेश में योगी सरकार ने गुंडे - माफियाओं की कमर तोड़ दी है।जबकि इसके पहले सपा सरकार में गुंडे माफिया खुलेआम असलहा लेकर आम जन की जमीनों पर कब्जा करते थे, यही गुंडे बहन बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ करते थे मगर योगी सरकार में गुंडों की जगह जेलों में है।कोरोना वैक्सीन को भाजपा की वैक्सीन बताने वाले सपा मुखिया अखिलेश यादव के लिए कहा कि उन्होंने भी चुपके से एक बड़े अस्पताल में ये वैक्सीन लगवा ली थी। उन्होंने चुटकी ली कि ये पब्लिक है सब जानती है।उन्होंने भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत को गरीब की बेटी बताते हुए अधिक से अधिक वोटों से जिताने की अपील की। उन्होंने मोदी सरकार में लागू की गई तमाम गरीब कल्याण योजनाओं का लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुए तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए आशीर्वाद मांगा। प्रदेश महामंत्री व क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेट फार्म से जुड़े वालेंटियर्स की चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा सोशल मीडिया सूचना क्रांति का दूसरा नाम है।राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि यह चुनाव भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की नीव को मजबूत करेगा। भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत ने सभी का समर्थन एवम आशीर्वाद मांगा। जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह ने सभी का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा,विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा,दिनेश रावत, एमएलसी अंगद सिंह,राहुल राज रस्तोगी, संतोष सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, शशांक कुसुमेश, आयुष बाजपेई,संदीप गुप्ता,विजय आनंद बाजपेई,गुरु शरण लोधी मौजूद रहे।

# सार्वजनिक रैलियों की वीडियोग्राफी का करेंगे पर्यवेक्षण : डीएम

- निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण में लगी टीमें प्रत्येक अभ्यर्थी के सम्बन्ध में व्यय से सम्बन्धित रिपोर्ट प्राप्त करेंगे

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के अन्तर्गत गठित वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, लेखा टीम तथा सहायक व्यय प्रेक्षकों का द्वितीय प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में सम्पन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रदेश में प्रत्येक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचन व्ययों की अधिकतम सीमा 95 लाख रूपए तथा प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 40 लाख रूपए निर्धारित है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण में लगी टीमें प्रत्येक अभ्यर्थी के सम्बन्ध में व्यय से सम्बन्धित रिपोर्ट प्राप्त करेंगे और अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय के दिन-प्रतिदिन के लेखे में उचित रूप से दर्शायेंगे। उन्होंने कहा कि सहायक व्यय प्रेक्षक अपने सभी कार्यकलापों पर प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए वीडियो निगरानी टीम तैनात की गई है। उन्होंने सहायक व्यय प्रेक्षक को निर्देशित किया कि निर्वाचन क्षेत्र में संवेदनशील आयोजनों और बड़ी सार्वजनिक रैलियों की वीडियोग्राफी का व्यक्तिगत रूप से पर्यवेक्षण करेंगे। उन्होंने सम्बन्धित टीमों को सभी निर्वाचन प्रचार सामग्री पर का व्यय छाया प्रेक्षण रजिस्टर में अवश्य शामिल के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दरों के आधार पर ही अभ्यर्थियों हेतु अनुरक्षित किए गए छाया प्रेक्षण में व्यय का अंकन करने के निर्देश दिए।


बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी/उपजिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी/प्रभारी अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण अमित कुमार सिंह, प्रभारी अधिकारी (वीडियो अवलोकन/वीडियो निगरानी) विकास कुमार सेठ, समस्त सहायक व्यय प्रेक्षक सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।



## राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बाराबंकी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आज कृषि विभाग के समस्त विकास खण्ड स्तरीय राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया , जिसमें प्रत्येक विकास खण्ड में 100 से 150 कृषकों द्वारा प्रतिभाग कर निष्पक्ष और सुचितापूर्ण मतदान की शपथ ली गई। विकास खण्ड स्तर पर इन कार्यक्रमों का आयोजन कृषि विभाग के क्षेत्रीय कार्मिकों एवं सहायक विकास अधिकारी, कृषि द्वारा कराया गया। जनपद स्तर पर विकास खण्ड बंकी के किसान कल्याण केन्द्र पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी अ0 सुदन की उपस्थिति में किया गया ,जिसमें 200 से अधिक कृषकों द्वारा मतदाता शपथ ली गई।

## अवधेश प्रसाद की मजबूती में जुटे पूर्व मंत्री गोप



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** अपने कार्य व्यवहार संघर्ष के बलबूते बूथ का पदाधिकारी कार्यकर्ता शीर्ष पद पर पहुंचता है, यह लोकसभा चुनाव आपकी मेहनत का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने वाला है। इसलिए पूरी ताकत से आप सब लोग इस लोकसभा चुनाव को जीतने के लिए की जान से लग जाइए। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने अयोध्या लोकसभा सीट से गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद की मजबूती के लिए विधानसभा दरियाबाद के मतदान केंद्रो एवं बूथों पर युवजन सभा द्वारा नियुक्त किए गए मतदान केंद्र रक्षक एवं बूथ रक्षोंकों नियुक्त पत्र वितरित करने के लिए युवजन सभा के जिला अध्यक्ष आशीष सिंह आर्यन द्वारा राष्ट्रीय सचिव के सिविल लाइन आवास पर आयोजित बूथ रक्षक चौपाल में केंद्र रक्षोंको एवं बूथ राक्षकों का माला पहनकर सम्मान करने के उपरांत नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कही, राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि विधानसभा दरियाबाद के सभी 295 मतदान केंद्रों एवं 458 बूथों पर केंद्र रक्षक एवं बूथ रक्षक नियुक्त कर इन के सहयोग के लिए 21- 21 नौजवानों की नियुक्ति भी की गई है, यह सभी नौजवान अपने-अपने मतदान केंद्र और बूथ के मतदाता को मतदान केंद्र पर पहुंचने से लेकर वोटर पर्ची बनाने और घर घर पहुंचने का काम करते हुए, हर दिन 10 घरों की कुंडी खटखटाकर मतदाताओं से गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे।

# लोकसभा चुनाव 2024 में जनता सपा को जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार : भूपेन्द्र चौधरी

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने मतदाताओं को धमकाने के मामले में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव को आड़े हाथों लिया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने एक्स पर पोस्ट किया कि उत्तर प्रदेश की देव तुल्य जनता-जनार्दन भी सपा की गुंडई का हिसाब किताब बराबर करने के लिए तैयार बैठी हुई है। आगामी लोकसभा चुनाव में जनता इन्हें जवाब जरूर देगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का मूल चरित्र ही लोगों को धमकाना एवं अराजकता फैलाना है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव बदायूँ में वोट न देने पर जनता से हिसाब-किताब बराबर करने की खुलेआम धमकी दे रहे हैं। वहीं कन्नौज में सपा मुखिया अखिलेश यादव के सामने ही भाजपा उम्मीदवार सुब्रत पाठक के टुकड़े-टुकड़े करने की बात कही गयी और वह मौन रहे। उनका मौन रहना ही उनके समर्थन को दर्शाता है। भारतीय जनता पार्टी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के समक्ष समाजवादी पार्टी के नेता मनोज दीक्षित के द्वारा की गई आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की है। सपा कार्यालय कन्नौज में सपा प्रमुख अखिलेश यादव की उपस्थिति में सपा नेता मनोज दीक्षित के द्वारा भाजपा सांसद सुब्रत पाठक के लिए अमर्यादित टिप्पणी करते हुए जान से मारने की धमकी के साक्ष्यों के साथ शिकायत करते हुए भाजपा ने मनोज दीक्षित पर कठोर दण्डात्मक कार्रवाई तथा सपा प्रमुख के चुनाव प्रचार पर रोक की मांग की है।

# बंद वीमेन हेल्पलाइन 181 के लिए एसीएस होम से करें अप्रोच

### वर्कर्स फ्रंट की जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने दिया आदेश

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। 181 वीमेन हेल्पलाइन को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बंद करने के आदेश के खिलाफ यू.पी. वर्कर्स फ्रंट के अध्यक्ष दिनकर कपूर की तरफ से उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ में दाखिल जनहित याचिका संख्या 2483/2020 में न्यायालय ने इस हेल्पलाइन को चालू करने के लिए अपर मुख्य सचिव गृह से अप्रोच करने और इसे नीति विषयक मानते हुए इस संबंध में संबंधित अधिकारियों द्वारा सभी पहलुओं पर विचार करने के लिए कहा है। न्यायमूर्ति रंजन रे और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने याची कर्ता के वकील नितिन कुमार मिश्रा व विजय कुमार द्विवेदी, उत्तर प्रदेश सरकार के अतिरिक्त मुख्य स्टैंडिंग कौन्सिल एडवोकेट इंद्रजीत शुक्ला और भारत सरकार के वकील महेंद्र कुमार मिश्रा के तर्कों को सुनने के बाद यह आदेश दिया है। इस संबंध में प्रेस को जारी अपनी विज्ञप्ति में वर्कर्स फ्रंट के अध्यक्ष दिनकर कपूर ने कहा कि महिला सुरक्षा, स्वाभिमान और स्वावलंबन की बात करने वाली और इसके लिए मिशन शक्ति अभियान चलाने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा व सहायता की सबसे महत्वपूर्ण 181 वीमेन हेल्पलाइन को 2020 में बंद कर उसे पुलिस की जनरल हेल्पलाइन 112 के अधीन कर दिया था। इसमें काम करने वाली सैकड़ो महिलाओं को नौकरी से निकाल दिया गया था और उनके तीन माह के वेतन का भी भुगतान नहीं किया गया था। जबकि 181 हेल्पलाइन निर्भया कांड पर बनी जस्टिस जे. एस. वर्मा कमीशन की संस्तुति के बाद भारत सरकार की आदेश पर संचालित की जा रही थी और इसका फंड भी भारत सरकार द्वारा दिया जा रहा था।

उत्तर प्रदेश में भी अखिलेश सरकार ने इसे चालू किया। कोरोना काल में इस हेल्पलाइन की कर्मचारियों ने बड़े पैमाने पर महिलाओं को सहायता देने का काम किया था। खुद उत्तर प्रदेश सरकार ने माना था कि यह स्कीम महिलाओं के लिए बेहतरीन स्कीम है और एक कॉल से ही उन्हें तत्काल सुरक्षा, काउंसलिंग, सहायता व पुनर्स्थापना जैसे बहुत सारे काम हो रहे हैं। लेकिन 2020 में योगी सरकार ने इसे खत्म कर जनरल पुलिस हेल्पलाइन में मिला दिया।

इसके बंद होने से महिला हिंसा के मामलों में सहायता नहीं मिल पा रही है और सम्मानजनक व सुरक्षित जीवन के महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों का हनन हो रहा है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए हाईकोर्ट में इसे बंद करने के आदेश को रद्द करने और भारत सरकार के नियमों व प्रोटोकॉल के तहत 181 को चालू करने की मांग जनहित याचिका में की गई थी। याची के वकील नितिन कुमार मिश्रा ने हाईकोर्ट में कहा कि 181 वीमेन हेल्पलाइन नंबर महिलाओं के विभिन्न सवालों के लिए सुविधा प्रदान करता था।

## खबरें एक नजर में

### राजधानी में शांतिपूर्ण संपन्न हुई अलविदा की नमाज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** देश भर में शुक्रवार को अलविदा की नमाज अदा की गई। राजधानी की टीले वाली मस्जिद समेत सभी प्रमुख मस्जिदों में नमाजियों ने खुदा की इबादत की। टीले वाली मस्जिद के बाहर सीआरपीएफ आरआरएफपीएसी और पुलिस के जवान सुबह से ही तैनात रहे। इस दौरान आला अधिकारियों ने पुराने लखनऊ समेत कई इलाकों में फुट पेट्रोलिंग भी की। कहीं भी नमाज के दौरान किसी तरह की गड़बड़ी नहीं नजर आई। बता दें कि रमजान माह के जुमे की आखिरी नमाज को अलविदा की नमाज कहा जाता है। इसे अदा करने बड़ी संख्या में रोजेदार मस्जिदों में पहुंचे। नमाज को लेकर संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी भी की गई।

### फल मंडी में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के रायबरेली रोड रेलवे ओवरब्रिज के पास फुटपाथ पर लगने वाली फल मंडी में आग लगने से अफ्रातफरी मच गई। इस दौरान दुकानों में रखे फल जलने से दुकानदारों को काफी नुकसान हुआ है। जानकारी के मुताबिक घटना लगभग शुक्रवार सुबह 8.00 की है। फल विक्रेता दुकान पर पहुंचे थे कि अचानक आग लग गई और देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। सूचना पर दमकल गाड़ियां पहुंचीं और आग बुझाई, इस दौरान कई दुकानों का सामान जलकर राख हो गया।

### धीरेंद्र शास्त्री के बयान पर भड़के मुस्लिम धर्म गुरु, एफआईआर की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के बयान को लेकर मौलाना सैफअब्बास नकवी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के खिलाफ राजधानी लखनऊ के इंस्पेक्टर चौक में शिकायत पत्र देकर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से सिया समुदाय को लेकर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने टिप्पणी की है, ये निंदनीय है। मौलाना ने कहा कि ये मुस्लिम समुदाय का नहीं बल्कि देश की हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे के खिलाफ टिप्पणी की गई है। उन्होंने कहा कि हिन्दू धर्म के लोग भी पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को पाखंडी और ढोंगी कहते हैं। ये धर्म गुरु नहीं बल्कि पाखंडी है। मौलाना ने बताया कि हजरत अली के प्रति हर रंग, हर धर्म, हर जनजाति के लोग श्रद्धा रखते हैं। मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने कहा कि पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने भरोसा दिया है, मामले में जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है। पुलिस कार्रवाई नहीं करती है तो कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। हम इसे लेकर कोर्ट जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक वीडियो माफी मांगने वाला वायरल हो रहा है। लेकिन दोनों वीडियो में असमानता है।

### अहंकार की राजनीति में विश्वास नहीं करती एनडीए : रालोद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव ने कहा है कि रालोद मुखिया जयंत चौधरी के उद्घोष एनडीए 400 पार गन्ना मूल्य रुपया 400 पार का स्वागत किया है। श्री श्रीवास्तव ने कहा, जयंत चौधरी किसानों की खुशहाली, गाँवों की खुशहाली का ईमानदारी से संकल्पित है। पीएम मोदी भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के सपनों का खुशहाल ग्रामीण भारत बनाएंगे, तीसरी बार देश का पीएम बनाएंगे। एनडीए अहंकार की राजनीति में विश्वास नहीं करती जबकि इंडिया अलायंस अहंकारी नेताओं का जमावड़ा है। समाजवादी पार्टी का पीडीए जनता के लिए झुनझुना है इसीलिए समाजवादी पार्टी चंद घंटों पर अपने उम्मीदवार बदल रही है। श्री जयंत चौधरी से सपा घबरा गई है इसीलिए उसके नेता उल्टे सीधे बयान दे रहे हैं। आज की समाजवादी पार्टी लोकनायक जेपी नारायण, आचार्य नरेंद्र देव, डॉ राममनोहर लोहिया के विचारों की पार्टी नहीं बसपा से निकाले गये नेताओ की एक जमात है।

### अयोध्या से भाकपा लड़ेगी चुनाव, अरविंद सेन यादव होंगे प्रत्याशी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** देश में साम्यवादी विचारों की कमी के कारण संघ नियंत्रित सरकार का मुकाबला विपक्षी दल करने में असमर्थ हैं। साम्यवादी विचार ही संघ नियंत्रित भाजपा सरकार को हटाने में सक्षम है, इस वैचारिक लड़ाई को जनता के बीच हो जाने के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अयोध्या संसदीय सीट पर अपना उम्मीदवार खड़ा करेगी। मीडिया से मुखातिब पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह 'सुमन' व बाराबंकी के जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि देश में महंगाई, बेराजगारी, अत्याचार बढ़ रहा है। न्यायिक प्रक्रिया का उल्लंघन कर जेल में, अस्पताल में व मुठभेड़ के नाम पर हत्या की जा रही हैं। गलत नीतियों का विरोध करने वाले पत्रकारों, समाजशास्त्रियों, बुद्धिजीवियों को निरूद्ध किया जा रहा है। इनके मुकाबले के लिए अयोध्या संसदीय सीट पर पार्टी के सांसद रहे मित्रसेन यादव के पुत्र अरविंद सेन यादव को प्रत्याशी बनाया जायेगा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के चुनाव निशान हंसिया बाली पर मोहर लगाकर जन विरोधी सरकार को परास्त करें। प्रेसवार्ता में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार, कोषाध्यक्ष शिवदर्शन वर्मा, राजेन्द्र बहादुर सिंह राणा एडवोकेट, विनय कुमार सिंह किसान सभा श्याम सिंह एडवोकेट आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### नियम विरुद्ध व फर्जी चुनाव निरस्त किया जाए : मनोज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज सिंह चंदेल ने 9 मार्च नामांकन व 12 मार्च तथा 16 मार्च को होने वाले नियम विरुद्ध व फर्जी उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का प्रदेश चुनाव निरस्त किये जाने की मांग की है। यूपी पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह चंदेल ने निदेशक पंचायती राज विभाग उत्तर प्रदेश को पत्र के हवाले से नियम विरूद्ध एवं आदेश के विरूद्ध कराए गए क्रांति सिंह के चुनाव को अवैध घोषित करने आग्रह किया है। श्री चंदेल ने नियम विरुद्ध व फर्जी चुनाव कराने के कारण श्री क्रांति सिंह तथा नियम विरुद्ध जाकर इस चुनाव में सहयोग करने वाले आधिकारी, कर्मचारी व चुनाव अधिकारियों पर भी केस दर्ज कराने हेतु पुलिस विभाग को आवेदन किया है।

# मतदाताओं के पास समय से पहुंचे मतदाता पर्ची

### कार्यक्रमों के जरिए मतदान के लिए लोगों को कर रहे प्रेरित

समृद्धि न्यूज



लखनऊ । उत्तर प्रदेश में कम मतदान प्रतिशत वाले जनपदों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से अधिक सेअधिक लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश दिये गये है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु प्रदेश स्तर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ निरन्तर बैठक कर उनका मतदाता जागरूकता में सहयोग लिया जा रहा है।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को नई दिल्ली में भारत निर्वाचन आयोग के मतदान प्रतिशत बढ़ाने के सम्बन्ध में मतदान में कम सहभागिता विषय पर आयोजित सम्मेलन में यह बातें कहीं।उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तथा कोटेदारों उचित दर की दुकानों के विक्रेता के माध्यम से लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया जा रहा है।इसके साथ ही गैस सिलेण्डर तथा बिजली के बिलों में मतदाता स्लोगन के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा बीएलओ द्वारा बांटी जा रही मतदाता पर्ची तथा वोटर गाइड की नियमित रुप से मॉनीटरिंग की जा रही है, जिससे मतदाता के पास मतदाता पर्ची तथा वोटर गाइड समय से पहुंच जाए। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के पास समय से मतदाता पर्ची पहुंचने से उन्हें मतदान करने से सम्बन्धित जानकारियां प्राप्त हो जाती है। सम्मेलन में भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष लखनऊ के नगर निगम आयुक्त इन्द्रजीत सिंह तथा कानपुर के नगर निगम आयुक्त शिव शरण अप्पा ने पीपीटी के माध्यम से मतदाता प्रतिशत बढ़ाने की रणनीति बतायी।भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधु सहित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सम्मेलन में मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के विषय पर चर्चा की गयी। उनके द्वारा अपेक्षा की गयी कि यूपी सबसे अधिक मतदाता वाला राज्य है। इस राज्य में मतदान प्रतिशत बढ़ने से देश का मतदान प्रतिशत बढ़ेगा।

### हटाई गई प्रचार-प्रसार सामग्री

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन में सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 68,06,659 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी।

सार्वजनिक स्थानों से41,18,793 तथा निजी स्थानों से 26,87,866 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 4,42,883, पोस्टर के 19,28,940, बैनर के 11,82,788 एवं अन्य 5,64,182 मामलों में कार्यवाही की गयी। निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 3,47,796, पोस्टर के 12,27,940, बैनर के 6,70,764 एवं अन्य 4,41,366 मामलों में कार्यवाही की गयी।

### उड़नदस्ते जब्त कर रहे अवैध शराब और नकदी

**110.88 करोड़ की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नकदी जब्त**

**लखनऊ।** यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन हो रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, समावेशी प्रलोभनमुक्त व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। सीईओ ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 04 अप्रैल तक 110.88 करोड़ रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किये गये, इसमें 2,020.93 लाख रुपये नकद धनराशि, 2799.35 लाख रुपये कीमत की 819492 लीटर शराब, 4352.74 लाख रुपये कीमत की 7021713.63 ग्राम ड्रग, 1778.18 लाख रुपये कीमत की 39163.86 ग्राम बहुमूल्य धातुएं एवं 137.27 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 04 अप्रैल को 164.09 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 16.24 लाख रुपये नकद धनराशि, 57.16 लाख रुपये कीमत की 21566.82 लीटर शराब, 86.05 लाख रुपये कीमत की 103861.55 ग्राम ड्रग एवं 4.65 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। 04 अप्रैल को प्रमुख जब्ती में सहारनपुर की बेहट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 30.80 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 308 ग्राम ड्रग अलीगढ़ की इगलास विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 12.81 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 51250 ग्राम ड्रग तथा कौशाम्बी की मंझनपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 10.39 लाख रुपये कीमत की 41.55 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी। मुजफ्फरनगर की खतौली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 7.25 लाख रुपये नकद एवं 4.50 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री पकड़ी गयी।

## आचार संहिता के उल्लंघन होने पर शिकायत, एप की मदद से सौ मिनट में होगी कार्रवाई

**लखनऊ।** जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी लखनऊ सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि जनपद में आदर्श आचार संहिता दिनांक 16 मार्च से प्रभावी है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत स्वतंत्र, निष्पक्ष, सकुशल चुनाव संपन्न कराने तथा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी शिकायतों पर कार्रवाई के लिए सी- विजील एप विकसित किया गया है। सी- विजील एप के माध्यम से आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकते हैं। यह ऐप एंड्राइड यूजर के लिए गूगल प्ले स्टोर पर तथा एप्पल यूजर के लिए एप्पल स्टोर दोनो प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। ऐप को इंस्टॉल करने पर कैमरा, लोकेशन तथा ऑडियो और फाइल्स एक्सेस करने की अनुमति मांगी जाती है एवं इसके बाद भाषा चुनने का विकल्प मिलता है। इसके बाद आपको फोन नंबर लिखना होगा जिस पर एक ओटीपी प्राप्त होगा। ओटीपी दर्ज करने के बाद आपको अपने नाम, पता, राज्य, जिला विधानसभा क्षेत्र और पिन कोड की जानकारी देनी होगी। उसके बाद वेरीफाई पर क्लिक करना होगा। ऐप के होम पेज पर फोटो, वीडियो और ऑडियो के विकल्प मिलेंगे।

# सनातन परिषद गठबंधन ने जारी की लोकसभा प्रत्याशियों की सूची

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** विभिन्न राजनैतिक एवं सामाजिक संगठनों के गठबंधन संयुक्त सनातन परिषद ने लोकसभा चुनाव के लिये अपने दस प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी। जिसके मुताबिक लखनऊ से हिन्दू समाज पार्टी से गौरव वर्मा चुनावी मैदान में ताल ठोकेंगे। जबकि घोषित अन्य प्रत्याशियों में भारतीय जन-जन पार्टी की ओर से अयोध्या से रजित राम प्रजापति, बाराबंकी से रोहित रावत, संत कबीर नगर से अमृत पाण्डेय, सीतापुर से नितिन त्रिवेदी, मिश्रिख से अनीता वर्मा, बहराइच से सुनील कुमार तिवारी, कैसरगंज से रूपेष कुमार, जालौन से बृजेष कुमार प्रजापति एवं डुमरियागंज से दिलीप मिश्रा चुनावी मैदान में उतरेंगे।

प्रत्याशियों की घोषणा से पहले आज भारतीय जन-जन पार्टी के तत्वाधान में राष्ट्रीय मुख्यालय गोयल प्लाजा पर एक समान सनातनी विचारधार रखने वाले पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्षों की एक अति महत्वपूर्ण बैठकआयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतीय जन-जन पार्टी एवं संयुक्त सनातन परिषद के संयोजक पण्डित मनीश महाजन ने बताया कि आगामी

### लखनऊ से चुनावी मैदान में उतरेंगे गौरव वर्मा

लोकसभा चुनाव 2024 जो भी प्रत्याशी लड़ेगा वह संयुक्त सनातन भारत परिषद् गठबंधन से चुनाव लड़ेगा। गठबंधन में अमर बलिदानी कमलेश तिवारी की हिन्दू समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष किरन कमलेश तिवारी, राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रेमाचार्य जी. पवन मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय प्रबुद्ध समाज पार्टी, स्वर्णकार आर0के0 वर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय शिल्पकार पार्टी, पं0 श्याम नारायण चौबे राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वजन हित पार्टी, डॉ0 एस0के0 त्रिपाठी राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत जन मोर्चा, दिलीप रस्तोगी राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय सत्याग्रह पार्टी सहित प्रदेश की समाजसेवी संस्थायें मानव एकता एसोसिएशन राष्ट्रीय अध्यक्ष एल0पी0 सिंह, समाजिक उद्योग व्यापार मण्डल राष्ट्रीय अध्यक्ष रामबाबू रस्तोगी, आदर्श व्यापारी एसोसिएशन राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सोनी, राष्ट्रीय मनावाधिकार सुरक्षा परिषद् कीर्ति सिंह, विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता संगठन प्रदेश महासचिव श्रीकांत द्विवेदी ने गठबंधन को अपना समर्थन पत्र दिया।

## डीआरएम ने किया लखनऊ-प्रयाग जंक्शन रेलखंड का निरीक्षण

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के डीआरएम एस एम शर्मा ने शुक्रवार को लखनऊ प्रयागराज रेलखंड का निरीक्षण किया। आगामी कुंभ मेले को देखते हुये निर्धारित की जाने वाली तैयारियों की जानकारी लेने के साथ अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों पर चल आधुनिकीकरण के विकास कार्यो को देखने के साथ कई निर्देश दिये। डीआरएम ने रेलवे के अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देश दिये कि कुंभ मेले से पहले सारी तैयारी पुख्ता करने के साथ यात्रियों को सभी सुविधाएं बेहतर दिया जाय। डीआरएम ने राज्य प्रशासन, उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मण्डल के अधिकारियों के साथ बैठक की। रेलपथ पर स्थित मण्डल के स्टेशनों पर पहुंचकर प्रगति कार्यो को देखा। डीआरएम ने मण्डल अधिकारियों के साथ लखनऊ-प्रयाग-लखनऊ रेलखंड पर स्थित प्रयागराज संगम, प्रयाग जं.फाफामऊ जं. स्टेशनों पर पहुंचकर वहां पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं को और बेहतर, रेल परिचालन प्रणाली में सुधार के साथ चल रहे विकास कार्यों को तेजी से करने के निर्देश दिये।

# फलपट्टी में कम निकला बौर, आम की सेटिंग अच्छी

समृद्धि न्यूज



### कीट पतंगों का भी संकट टला, गुणवत्तायुक्त आम होने की उम्मीद

**मलिहाबाद, लखनऊ।** गेपिंग ईयर होने की वजह से इस बार फलपट्टी क्षेत्र की अमराइयों में बौर की आवक भले ही कम है। मगर जिन पेड़ों में निकला है उनमें आम की सेटिंग बहुत शानदार हुयी है। जिससे बगवान खुश हैं और उन्हें आम की उमन्दा पैदावार होने की उम्मीद है। बागवानों का कहना है कि आम की फसल का यह ऑफ सीजन(गेपिंग ईयर) है। इस लिए पेड़ो पर पिछले साल की अपेक्षा बौर कम निकला है मगर जो निकला है उसमें आम की सेटिंग (फलत) अच्छी है। 27 हजार हेक्टेयर में फैली इस पूरे फलपट्टी क्षेत्र की बात करे तो तीस प्रतिशत के आसपास ही आम के पेड़ो पर बौर दिख रहा है। मगर जिन पेड़ो में बौर है उनमें आम के दाने भी साफ नजर आने लगे है।

क्षेत्र के बड़े बागवान संजीत सिंह एवं शैलेन्द्र सिंह चौहान बताते है अमूमन जनवरी से मार्च माह के बीच तीन चरणों मे पेडों पर बौर निकलता है। मगर इस वर्ष ऑफ सीजन था साथ ही जनवरी माह में ठंड भी अधिक पड़ गयी। जिसकी वजह से बागों में नमी बन गयी और अधिकांश पेड़ो पर शुरूआती दिनों में बौर नही निकला। मौसम में हुये परिवर्तन के साथ ही फरवरी और मार्च में पिछ्मन बौर निकला जो आम की पैदावार के लिहाज से काफी बेहतर साबित हुआ है।

उन्होंने बताया कि बौर निकलने तथा फूलने के समय मौसम ने भी बागवानों का भरपूर साथ दिया है। जिसकी वजह से फसल को नुकसान पहुचाने वाले कीट पतंगों का जन्म भी नही हुआ। बौर पर जब घातक कीट पतंगे दिखे तो फसल पर बहुत ज्यादा कीटनाशकों का छिड़काव भी नही करना पड़ा है। इसके बागवानों के खर्च में भी कमी आयी है।

अब देखा जाय तो अगामी दस से पंद्रह दिनों में अगर बदली या बारिश नही हुयी तो यह कहने में गुरेज नही है की इस वर्ष कीटनाशक रसायन मुक्त आम की फसल तैयार होगी। इस सम्बंध में उत्तर प्रदेश उद्यान विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ राजीव वर्मा ने बताया कि मौजूदा समय मे बौर में परागण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और आम की सेटिंग भी बहुत अच्छी है। सेटिंग के अनरूप आम की बहुत अच्छी पैदावार होने की सम्भावना है।

**सेवा** | गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में मुख्यमंत्री योगी ने की गोसेवा

# सीएम योगी ने गोवंशों को दुलारा व उन्हें रोटी और गुड़ खिलाया

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/गोरखपुर।** लोकसभा चुनाव के दायित्वों की व्यस्तता के बीच गोरखपुर प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोसेवा में रमे रहे। गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में जाकर उन्होंने गोवंश का हाल जाना और उन्हें अपने हाथों से रोटी-गुड़ खिलाया।

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान गोशाला भ्रमण और गोसेवा सीएम योगी की दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा है। शुक्रवार सुबह भी मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन करने, अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर मत्था टेकने के बाद सीएम योगी गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में



उन्होंने चारों तरफ भ्रमण करते हुए श्यामा, गौरी, गंगा, भोला आदि नामों से गोवंश को पुकारा।

सीएम योगी की आवाज इन गोवंश के लिए जानी-पहचानी है। प्यार भरी पुकार सुनते ही कई गोवंश दौड़ते-मचलते हुए उनके पास आ गए। सीएम योगी ने सभी के माथे पर हाथ फेरा, उन्हें खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें रोटी और गुड़ खिलाया। इस दौरान एक गोवंश एक छोटे से गेट के बाहर खड़ा था जबकि कुछ गाय गेट के अंदर की तरफ थीं।

इस पर सीएम ने उसके मनोभाव को समझते हुए कहा -तेरी माई वहां है क्या। फिर उन्होंने गोवंश को खूब दुलारा और उसे तथा गेट के अंदर मौजूद गायों को गुड़ खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और गर्मी के मौसम में विशेष देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य वर्ष 2047 में विकसित भारत : केशव प्रसाद मौर्य

**मुरादाबाद।** आज भारत किसी को सताने के लिए शक्ति नहीं बढ़ा रहा हैं, किसी को दबाव में लाने के लिए शक्ति नहीं बढ़ा रहा हैं। आज आत्मनिर्भर भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इसलिए बढ़ रहा हैं क्योंकि उनका लक्ष्य एकदम स्पष्ट है और जब लक्ष्य स्पष्ट होता हैं तो वह पूरा होता हैं। नरेंद्र मोदी का लक्ष्य वर्ष 2047 में विकसित भारत है। यह बातें उत्तर प्रदेश सरकार में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को भाजपा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं। दिल्ली रोड स्थित एक होटल में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए व्यक्ति नहीं, राष्ट्र सर्वोपरि है। जब कोरोना में पूरी दुनिया परेशान थी। लोग जान बचाने की कोशिश में लगे थे, तब भाजपा का कार्यकर्ता जान की परवाह किए बगैर मानवता की रक्षा के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहा था। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे प्रत्येक पन्ना प्रमुख के ऊपर 60 मतदाताओं की जिम्मेदारी हैं। इस जिम्मेदारी को निभाने में वह कोई कसर नहीं छोड़ेंगे मुझे पूरा विश्वास है। सपा, बसपा व कांग्रेस के नेता तो अभी तक घर से भी नहीं निकले हैं। चार जून को 04 बजे भाजपा 400 के पार, फिर एक बार प्रचंड बहुमत की सरकार। इससे समूचा विपक्ष बौखलाया हुआ हैं, इनकी हवा खराब हैं, हवाइयां उड़ी हुई हैं। केशव प्रसाद मौर्य कहा कि 06 दिसम्बर 1992 को कलंकित ढांचे की कार सेवा हुई थी वैसे ही सपा, बसपा, कांग्रेस राजनीति में कलंकित ढांचे की तरह खड़े हैं, इन पर कार सेवा के रूप में टूट पड़ो। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, नगर विधायक रितेश गुप्ता, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, लोकसभा संयोजक डॉ विशेष गुप्ता, लोकसभा प्रभारी अशोक पाल, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस का घोषणा पत्र है झूठ का पुलिंदा : स्वतंत्र देव

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एवं राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर संयुक्त प्रेस वार्ता में कांग्रेस के घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि कांग्रेस घोषणा करती है क्योंकि वह घोषणाएं करना ही जानती है।

भाजपा संकल्प पत्र लाती है क्योंकि हम अपने संकल्प को पूरा करना जानते हैं। जनता को विश्वास है कि भाजपा के संकल्प पत्र में जो लिखा हुआ है, वह पूरा होने की गारंटी है क्योंकि इसके पीछे मोदी की गारंटी है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस का न्याय पत्र झूठ का पुलिंदा हैं। कांग्रेस के दशको के शासनकाल में देश की सम्मानित जनता को गरीबी और बदहाली ही मिली है। वो लोग जो भारत की तस्वीर और तकदीर को बदलने की बात कर रहे हैं, ये वही लोग है जिन्होंने आजादी के 70 वर्षो तक देश की तस्वीर और तकदीर के साथ धोखा किया। वास्तव में कांग्रेस को भारत से नफरत है, इसलिए वह हमेशा देश को बदनाम करने के बारे में सोचती रहती है। वे वोट देने वाली जनता को राक्षस कहते हैं, महिलाओं को बाजारू कहते हैं और देश को तोड़ने की साजिश करने वालों के समर्थन में जाकर खड़े होते है। कांग्रेस झूठी घोषणाएं करने के लिए ही जानी जाती है। कांग्रेस ने जो भी घोषणाएं करी, उसे अपने राज्य में भी उसने लागू नहीं किया।

# डाकघर में रुपये जमा करने के नाम पर करोड़ों की ठगी

- डीएम व डाक अधीक्षक सहित अन्य उच्चाधिकारियों से हुई शिकायत
- डाकघर प्रशासन में मचा हड़कंप




**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

तहसील मुख्यालय अन्तर्गत स्थित डाकघर कर्नलगंज में रुपये जमा करने के नाम पर करीब एक करोड़ रूपये की ठगी किये जाने का बेहद गंभीर मामला सामने आया है। लोगों ने खून पसीने की कमाई को डाक खाने में जमा किया, जिससे कि उनका धन सुरक्षित रहे लेकिन कर्मचारियों ने जमा रकम को साफ कर दिया। यहाँ बिन खाता खोले ही लोगों को पासबुक थमा दी और रुपया हजम कर गये। कस्बे के बालूगंज निवासी रामदीन मौर्य व अन्य लोगों ने बिना हस्ताक्षर के खाते से लाखों रुपए फर्जी तरीके से निकाले जाने के संबंध में डीएम व डाक अधीक्षक सहित अन्य उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर शिकायत की है।

इसी मामले में एक व्यक्ति की शिकायत को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए लखनऊ परिमंडल सहायक निदेशक ने गोरखपुर परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल को पूरे मामले की जांच का आदेश दिया है। इससे डाकघर प्रशासन में हड़कंप मचा है।

मामला डाकघर कर्नलगंज से जुड़ा है। पीड़ित खाताधारक कर्नलगंज कस्बे के मोहल्ला बालूगंज निवासी रामदीन मौर्य ने डाक विभाग के उच्चाधिकारियों, जिलाधिकारी व पुलिस विभाग के आला अधिकारियों से इस मामले की शिकायत की है। इसमें बताया कि कर्नलगंज डाकघर में बचत खाता के साथ ही उसकी 7.50 लाख रुपये की एफडी भी है। बचत खाते में 4,89,897 रुपये, दूसरे में दो लाख रुपये, तीसरे में पांच लाख रुपये है। बीते मार्च माह में जब डाकघर पहुंचा तो पता चला कि उसके एक खाते में से 20 लाख रुपये निकाल लिए गए।

सामने आया कि बिना उसकी जानकारी के एफडी का पैसा पहले उसके बचत खाते में ट्रांसफर किया गया फिर उसके खाते से 20 लाख की पूरी रकम थोड़ी-थोड़ी कर निकाल ली गई। स्थानीय स्तर पर शिकायत बाद भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई तो न्याय के लिए सहायक निदेशक परिमंडल लखनऊ को पत्र भेजकर गुहार लगाई है।

इसे गंभीरता से लेते हुए सहायक निदेशक परिमंडल ने पूरे मामले की जांच पोस्टमास्टर जनरल गोरखपुर परिक्षेत्र को सौंपी है। यही नहीं इसी के साथ ही कर्नलगंज कस्बे के मोहल्ला कसगरान बालूगंज के कैलाश चंद्र सविता का 23 लाख, छोटे का 12 लाख, शिल्पी का साढ़े तीन लाख, नागेश का चार लाख, बी0के0, जी0के0 व रुपेंद्र श्रीवास्तव के साथ 38 लाख रुपये की ठगी की गई है। इन लोगों ने डाकखाने में एफडी आरडी करा रखी थी,जिनमें कुछ के खाते खोले गए रुपये जमा होने के बाद अधिकारी कर्मचारी के आईडी से रुपये निकल गए, तो वहीं कई लोग ऐसे भी हैं जिन्हें रुपये जमा होने के सबूत के तौर पर डाकखाने की पास बुक भी उपलब्ध कराई गई,लेकिन ना खाते खोले गए और न ही रुपये डाकखाना में जमा हुए।

इस संबंध में डाकघर कर्नलगंज के पोस्ट मास्टर शिवकुमार पाठक का कहना है कि मामला उनकी जानकारी में है। जो भी लोग बैलेंस चेक कराने आते हैं उनके खाते के बारे में जानकारी दी जाती है। जिस भी कर्मचारी की आईडी से खाते से पैसा निकला होगा उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# नगर पालिका चेयरपर्सन उजमा राशिद गिरफ्तार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



समृद्धि न्यूज़ — खबर का असर

अन्ततोगत्वा नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती उजमा राशिद को गत रात्रि पुलिस ने लखनऊ से किया गिरफ्तार एक दिन पहले दैनिक समृद्धि न्यूज़ ने प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था जिसका शीर्षक (चोर पुलिस के छुपा छुपी में चोर पास और पुलिस हुई फेल) जिसका असर कुछ इस तरह हुआ कि नगर पालिका अध्यक्ष की गिरफ्तारी हो गई पुलिस ने उन्हें सीजेएम न्यायालय पर पेश किया जहां से न्यायालय ने उन्हें जेल रवाना कर दिया किंतु जब इस घटना की ऑफिशियल जानकारी लेने के लिए पुलिस अधीक्षक के नंबर पर फोन मिलाया गया तो उन्होंने कहा कि मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है इस प्रकार से एक जिम्मेदार अधिकारी के गैर जिम्मेदाराना बयान को क्या समझा जाए? यहां एक बार और बताने की आवश्यकता महसूस हो रही है जिले के पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल का पत्रकारों से कहना है कि मैं तो सिर्फ तीन ही अखबारों को जानता हूं जिले में इस प्रकार के कथान पहली बार आए हैं यह तो सिर्फ तीन अखबार देखते हैं और तीन ही अखबारों की कटिंग भी कराते हैं ऐसा सूत्र बताते हैं इसीलिए जिले में अपराध का ग्राफ भी काफी ऊंचाई पर है इससे ज्यादा कुछ भी कहना बेमानी होगी।

# लूट कि खुली छूट | अभिभावकों के जेब पर डाला जा रहा डाका

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



शिक्षा के नाम पर प्राइवेट स्कूलों में अधिकतर पालकों द्वारा फीस बढ़ाने की शिकायत आते रहती पर है. लेकिन गोंडा जिले में एक नया मामला सामने आया है. जहां पर अग्रवाल बुक डिपो सरवन कुमार एक नामी स्कूल में काउंटर लगाकर स्कूल के अंदर कॉपी किताबों की बिक्री कर रहा है। और अपने मन मुताबिक ऊंचे रेट की अपने मन मुताबिक मूल्य पर किताबें बेच रहा है दरअसल, अग्रवाल बुक डिपो नाम की स्टेशनरी में कॉपी-किताब स्कूल में काउंटर खोलकर मनमाने दाम पर बेचा जा रहा है पालकों ने इसका फोटो सोशल मीडिया पर शेयर किया है।वही सूत्रो के मुताबिक इस दुकान में पुस्तक पर लिखे मूल्य के ऊपर अलग से रेट लिखकर बेचा जा रहा है।वहीं इसकी शिकायत अब पालक अब इसकी शिकायत कलेक्टर,जिला शिक्षाधिकारी मुख्यमंत्री सहित उपभोक्ता फोरम से करने की तैयारी में हैं। जानकारी के मुताबिक पुस्तक व्यापारी विभिन्न स्कूलों में संचालकों को मोटी कमीशन देता है।जिसके बदले में पालकों को उसी दुकान से पुस्तक लेने के लिए कहा जाता है जिसकी वजह से व्यापारी के हौसले बुलंद हैं वहीं ये भी बताया जा रहा है कि स्कूलों द्वारा यूनिफॉर्म के लिये भी दुकान निर्धारित कर दी गई है।जहां से एक मोटी रकम स्कूलों के पास पहुंचती है।बताया जा रहा है कि चौक बाजार सब्जी मंडी के किनारे स्थित इस पुस्तक दुकान की काफी शिकायत है। वहीं पालकों की मांग है कि पुस्तक और यूनिफॉर्म की व्यवस्था अन्य जगहों पर भी किया जाना चाहिए ऐसे ओव्हर रेट में सामान बेचने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए।लेकिन वही जिले के अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी स्कूल प्रबंधकों पर कार्यवाही नहीं कर रहे हैं।

# दबंगों के जबरन कीटनाशक छिड़कने पर फसल हुई बर्बाद, थाने पर की शिकायत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

ठडक्की पुरवा गांव के निवासी कुलदीप तिवारी ने एक शिकायती पत्र कौड़ियां पुलिस को देते हुए आरोप लगाया है कि उसके छे बीघा लगा गेहूं में कीटनाशक दवा छिड़काव कर फसल को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया जिसकी शिकायत कौड़िया पुलिस से किया गया लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

कौड़ियां थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत उसरैना के मजरा ठडक्की पुरवा निवासी कुलदीप तिवारी ने आरोप लगाया है। की उसके छे बीघा गेहूं की लगी फसल दबंगों द्वारा कीटनाशक दवा छिड़काव कर फसल को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया जिसकी शिकायत कौड़िया पुलिस से की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई जबकि हल्का दरोगा प्रतीक पांडे, व हल्का सिपाही अनिल यादव, ने मौके पर जाकर जांच किया गया। तो घटना सही व सत्य पाया गया लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई इससे अंदाजा लगाया जा सकता है। की दबंग के आगे कौड़िया पुलिस नस मस्तक नजर आ रही है ।यही नहीं कई ऐसे मामले हैं जिसमें कौड़िया पुलिस लीपापोती करती नजर आ रही है। लगभग 2 वर्ष पूर्व में चौकी प्रभारी आर्यनगर अंकुर वर्मा लॉकडाउन के दौरान खूब धन उगाही सूली किया था जिसकी शिकायत भाजपा कार्यकर्ता ने पुलिस अधीक्षक से की थी तब जाकर मसकनवा चौकी प्रभारी बनाया गया था लेकिन अच्छी सेटिंग होने के कारण इनका धानेपुर थाना अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया वहां भी यह खूब चर्चा में रहे। शायद यही वजह है। कि आर्यनगर चौकी व थाना कौड़िया का मोह नहीं छोड़ पा रहे हैं। इनकी जिसकी शिकायत स्थानी लोगों ने कई बार जनपद के उच्च अधिकारियों से किया गया ।लेकिन कार्रवाई न होने से इनका मनोबल बढ़ा हुआ है। इस संबंध में एडीजी जोन से दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि ऐसी जानकारी नहीं है अगर ऐसा है तो जांच कर कर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# अनियंत्रित रोडवेज गन्ना लदे ट्रैक्टर ट्राला से भिड़ी, चार घायल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**




जिले के गोंडा-बलरामपुर राजमार्ग पर इटियाथोक कस्बे के पास एक रोडवेज बस अनियंत्रित होकर गन्ना लदे ट्रैक्टर ट्राले से भिड़ गई। इस हादसे में बस के बाईं तरफ का अगला हिस्सा फट कर अलग हो गया। हादसे में कई यात्री घायल हो गए। घायलों में दो बच्चों समेत चार की हालत? गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

मिली जानकारी के मुताबिक कैसरबाग डिपो की रोडवेज बस शुक्रवार की दोपहर बलरामपुर से सवारी लेकर लखनऊ के लिए निकली थी। बस में करीब 25 यात्री सवार थे। रोडवेज बस इटियाथोक कस्बे के समीप पहुंची थी कि अचानक उसका अगला टायर फट गया और बस अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे गन्ना लदे ट्रैक्टर ट्राला से जा टकराई। इस भीषण दुर्घटना में बस के बाईं तरफ सी सीट पर सवार सोनाली उम्र करीब 27 वर्ष पुत्री राजेश दूबे निवासी इटियाथोक बाजार, उसका 8 माह का बेटा विधात, सोनाली के मौसी का बेटा मुन्ना तिवारी उम्र करीब 35 वर्ष व मुन्ना तिवारी का 4 वर्ष का बेटा अर्णव गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावा अन्य कई यात्रियों को भी चोटें आईं हैं। दुर्घटना में बस का एक तरफ का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग दौड़ कर मौके पर पहुंचे। पुलिस भी तत्काल पहुंच गई और एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुये हैं। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस के चालक नरेंद्र कुमार,परिचालक रितेश कुमार व अन्य यात्री सुरक्षित बच गए हैं। घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### अभियान चला मतदान के प्रति किया जागरूक




**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को शहर के श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी बड़गांव गोंडा में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय जागरूकता टीम नगर क्षेत्र के द्वारा विद्यालय के छात्र–छात्राओं को मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदान के प्रति सभी को जागरूक करने हेतु जागरूकता कार्यशाला में व्याख्यान दिया गया। कार्यशाला के अंतर्गत ईएलसी गठन, संकल्प पत्र, हस्ताक्षर अभियान, नुक्कड़ नाटक सहित संस्था के छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। टीम प्रभारी अमिता पांडे प्रधानाध्यापिका द्वारा जागरूकता के अंतर्गत संदेश दिया गया कि सारे काम छोड़ दो, 20 मई को वोट दो। जागरूकता टीम के सदस्य प्रवक्ता रमेश विमल ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार है और इसका प्रयोग करना शत प्रतिशत आवश्यक है। संस्था के प्रधानाचार्य मेजर राजेश द्विवेदी ने मतदाता जागरूकता कार्यशाला अंतर्गत सभी छात्र–छात्राओं सहित उनके घर परिवार, मोहल्ले एवं गांव में सभी को जागरूक करने की बात कही। युवा मतदाता मतदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। संस्था के स्वीप नोडल अधिकारी रामनारायण उपाध्याय ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि प्रत्येक दिन प्रार्थना सभा में जागरूकता कार्यक्रम कराया जा रहा है। इस अवसर पर शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजकरन वर्मा, अध्यापक शंभू शरण शुक्ला, एन डी पांडे , राहुल यादव, रेलवे कॉलोनी के अनिल सिंह, रोशन लाल, जगदीश त्रिपाठी, रामचंद्र पांडे, सुरेंद्र यादव, रामजीत राम, संतोष कुमार मौजूद थे।

### जेठ ने महिला को मारा चाकू

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** कटरा थाना क्षेत्र में जेठ ने एक महिला को चाकू मार कर घायल कर दिया। घायल अवस्था मे उस को इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। कटरा बाजार थाना क्षेत्र के लालक पुरवा गांव के निवासी 30 वर्षिय गुड़िया पत्नी मुंन्ना लाल को उस के जेठ पिंटू कुमार ने चाकू मार कर घायल कर दिया। घायल अवस्था मे गुड़िया ने बताया कि वह नल पर कपड़ा धो रही थी, तभी अचानक उस के जेठ ने पीछे से पकड़ लिया और चाकू मार दिया। गुड़िया का कहना है कि उस के जेठ सनकी है घर मे सभी लोगो के साथ अभद्रता करते रहते है।

### बकाया पैसा मांगने पर लाठी डंडे से पीटा

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** नवाब गंज थाना क्षेत्र के लौवा वीर पुर गांव के निवासी 55 वर्षिय राम मनोहर तिवारी पुत्र भगौती प्रसाद तिवारी ने गांव के एक व्यक्ति को गन्ने का बीज बेचा था। उस का छह हजार रुपये हुआ था। उसी का पैसा मांगने गया था। तभी उस को लाठी डंडे से हमला कर दिया गया। घटना की तहरीर पीयूष तिवारी सहित चार लोगों के खिलाफ थाने पर दिया है।

# आग बुझाने के चक्कर में महिलाएं झुलसी

- खेलों की सुविधा विकसित करने व क्लासरूम को और बेहतर बनाने का कार्य प्रगति पर है : वृंदा शुक्ला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के ग्राम पंचायत कोड़रीताल गांव में देर रात को अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें चार मकान जलकर राख हो गया। आग बुझाने के चक्कर में दो महिलाएं झुलसकर घायल हुई हैं। लाखों का नुकसान आग लगने से हुआ है।

राजस्व कर्मियों की टीम ने गांव में क्षति का आंकलन किया है।पयागपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोड़रीताल के मजरा खंडवा में गुरुवार रात को अज्ञात कारणों से सहजराम के मकान में आग लग गई। जब तक गांव के लोग आग बुझाने का प्रयास करते, तब तक लपटों ने पड़ोसी मुल्कराम, अंगनू और सुनीता के मकान को आगोश में ले लिया। देखते ही देखते चार फूस के मकान जलकर खाक हो गए। मकान से सामान निकालने के चक्कर में कुसुम (25) पत्नी सहजराम और रामकली (55) बुरी तरह झुलस गई। दोनों महिलाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

यहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जिला अस्पताल में महिलाओं का इलाज चल रहा है। आग लगने से ढाई लाख से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है। जिसमें कपड़ा, बर्तन, अनाज और नकदी जल गया। शुक्रवार सुबह आग लगने की जानकारी मिलने पर लेखपाल ने गांव पहुंचकर क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट तहसील को भेज दी है। एसडीएम दिनेश कुमार ने बताया कि क्षति के आधार पर पीड़ितों के खाते में जल्द ही आर्थिक सहायता राशि भेज दी जाएगी।

## नानपारा-बहराइच मार्ग पर सांड से टकराकर बाइक सवार की मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नानपारा-बहराइच मार्ग पर रिसिया मोड़ के पास गुरुवार रात को बाइक सवार ग्रामीण सांड से टकरा गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। रिसिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लौकी निवासी जगदीश (50) गुरुवार को बाइक से रिश्तेदारी में नानपारा की ओर गए थे। रात को वह बाइक से पुनः अपने घर वापस जा रहे थे।रात नौ बजे के आसपास नानपारा बहराइच मार्ग पर रिसिया मोड़ के पास बाइक सवार के सामने सांड आ गया। बाइक सवार सांड से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से घायल को सीएचसी पहुंचाया गया। यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जिस पर मृतक के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के छोटे भाई चंदा ने बताया कि सांड के हमले में भाई की मौत हो गई है।

# आबकारी विभाग ने सरकार को किया मालामाल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



### एक सप्ताह में 37 करोड़ की बिक्री

जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि ज़िले में संचालित 386 शराब की दुकानों पर होली के दौरान एक सप्ताह में जमकर बिक्री हुई है। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह में रिकॉर्ड 37.12 करोड रुपए की शराब बिक्री कर सरकार के रेवेन्यू को बढ़ाया गया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि लक्ष्य से अधिक राजस्व का लाभ जिले से हुआ है।

आबकारी विभाग ने बीते सत्र में सरकार के रेवेन्यू को आगे बढ़ते हुए मालामाल कर दिया है। इस बार आबकारी विभाग की ओर से बीते सत्र से 60.43 करोड रुपए की अधिक की बिक्री की गई है। जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह ने बताया कि वर्ष 2022-23 की अपेक्षा 2023/24 में विभाग ने सरकार के रेवेन्यू में काफी जाप किया है। उन्होंने बताया कि सत्र 2022-23 में 372.15 करोड़ रूपये की शराब की बिक्री हुई थी। जबकि सत्र 2023 24 में 432.58 करोड़ रुपए की शराब की खपत हुई है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देशन में पूरे जनपद में 60 करोड़ 43 लाख रुपए से अधिक के राजस्व का लाभ इस बार आबकारी विभाग की ओर से हुआ है। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष की अपेक्षा 16.32 प्रतिशत ज्यादा बिक्री इस बार हुई है। जिला आबकारी अधिकारी के मुताबिक जिले में कुल 386 शराब की दुकान संचालित हैं। इनमें अंग्रेजी, बियर और देशी शराब की दुकान शामिल है।

## महिला का फंदे से कमरे में लटकता मिला शव

**पुलिस ने फोरेंसिक टीम के किया साथ घटनास्थल का मुआयना**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शहर के मोहल्ला धनकुट्टीपुरा निवासी एक महिला का शव उसके कमरे में फंदे से लटकता मिला। कोतवाली नगर पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ पहुंच कर शव को फंदे से उतरवाया। इसके बाद उसे मर्च्युरी में रखवा दिया है। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के बाबागंज बाजार निवासी विनीता का विवाह एक वर्ष पूर्व कोतवाली नगर के मोहल्ला धनकुट्टीपुरा निवासी अक्षय सैनी के साथ हुआ था ।गुरुवार रात को महिला ने अज्ञात कारणों से फंदा लगाकर जान दे दी। शुक्रवार सुबह महिला के कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिवार के लोगों ने खिड़की से देखा, महिला का शव फंदे से लटक रहा था। इस पर पुलिस को सूचना दी गई। कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाण्डेय फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे ।उन्होंने वीडियो ग्राफी के साथ शव को फंदे से नीचे उतरवाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चयुरी में रखवा दिया है। कोतवाल ने बताया कि मायके के लोग अभी नहीं आए हैं। मायके के लोगों के प्रार्थना पत्र के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अनीता बनीं मिस फेयरवेल, मानस को मिला मिस्टर फेयरवेल का खिताब




- वार्षिक परीक्षा के टॉपर छात्रों को सम्मान के साथ सीनियर बैच को जूनियर छात्रों ने दी विदाई

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के जरवल ब्लॉक में पीएमश्री विद्यालय भौली में वार्षिक परीक्षा के टॉपर छात्रों को सम्मान के साथ सीनियर बैच को जूनियर छात्रों ने विदाई दी। विदाई समारोह में छात्रा अनीता मिस फेयरवेल तो मानस को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। वहीं गेम्स में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी पुरस्कार दिए गए ।कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक मो0 मुज़म्मिल ने कहा कि मेहनत व लगन से ही जीवन मे लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। शिक्षिका अर्चना पांडेय द्वारा वार्षिक परीक्षा परिणाम सुनाया गया, जिसमे आठवीं के छात्र रहे अमन प्रथम, रोशनी वर्मा द्वितीय तथा क्षमा मिश्रा तृतीय रहे, जबकि अनुशासित छात्रा के रूप में मुन्नी पाठक को चुना गया। इसके अलावा सातवीं में राधिका वर्मा तथा छठवीं में दिव्यांशी सर्वोच्च अंक प्राप्त कर अव्वल आये। सभी मेधावियों को अंकपत्र, शील्ड, व उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के शिक्षक नरोत्तम सेंगर ने टॉपर छात्रों की माताओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि छात्रों की सफलता में बच्चों के माता पिता का महत्वपूर्ण योगदान होता है। बच्चों ने केक काटकर सहपाठियों के साथ गानों पर डांस कर धमाल मचाया। विदाई के वक्त छात्र शिक्षकों से गले मिलकर भावुक हो गये। विद्यालय की ओर से छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामना के साथ आगे पढ़ाई जारी रखने की नसीहत दी गयी। इस अवसर पर छात्रों के अभिभावकगण मौजूद रहे।

# चाकू के वार से पेट के बाहर निकल आई आंत

- डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर बचाई जान

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** श्रावस्ती जिले के इटवरिया गांव निवासी एक युवक को सब्जी मंडी के निकट बात करने के दौरान दूसरे युवक ने पेट में चाकू से हमला कर दिया। जिससे युवक की आंत बाहर आ गई। श्रावस्ती जिले के इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम इटवरिया निवासी सुशील अवस्थी (38) से गुरुवार शाम सात बजे दिलीप का बेटा बात कर रहा था। बात करते समय सुशील को दिलीप



के बेटे ने सब्जी मंडी से कुछ दूर ले गया। इसके बाद उसने चाकू से पेट में हमला कर दिया। हमले में युवक के पेट से आंत बाहर आ गई और खून गिरने लगा। घटना से सब्जी मंडी में भगदड़ मच गई। आसपास के लोगों की मदद से संयुक्त जिला अस्पताल श्रावस्ती में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर सुशील को मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया। यहां पर डॉक्टर सर्जन देवेश राय, डॉक्टर धर्मेंद्र त्रिपाठी, स्टॉफ नर्स सुधा पाठक की टीम ने इमरजेंसी ओटी में आपरेशन कर पेट से बाहर निकले आंत को अंदर किया। इसके बाद उसका प्राथमिक इलाज किया। रक्तस्राव बंद होने पर युवक को रात 12 बजे लखनऊ रेफर कर दिया गया। घायल के भाई प्रसन्न जीत अवस्थी ने बताया कि धोखे से वार किया है। पहले बात किया, इसके बाद चाकू से हमला कर दिया।

# बाइक सवार ने महिला को लिफ्ट देकर लूटा नकदी और जेवरात

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

बाइक सवार टप्पेबाज युवक ने महिला को लिफ्ट दिया। इसके बाद झांसा देकर गहना और नकदी लेकर फरार हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मामले? की जांच शुरू कर दी। क्षेत्र के सीसीटीवी में छानबीन कर घटना का खुलासा करने में पुलिस लगी हुई है।

गोंडा जनपद के परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बलमत्थर निवासी साधना सिंह पत्नी अरविंद सिंह अपने घर से अकेले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद इलाज कराने के लिए जा रही थी। हुजूरपुर मोड़ के पास उसकी एक बाइक सवार अज्ञात टप्पे बाज से मुलाकात हो गई।युवक ने महिला को झांसा देकर लखनऊ गोंडा मार्ग बाजार के तूफानी चौराहे के निकट उसके कान का सोने का कुण्डल और एक हजार नकदी मोबाइल निकलवा कर बोला कि पर्स में रख दो। महिला ने अपने जेवर उतार कर अपने पर्स में रख दिया। उसके बाद टप्पेबाज, महिला का पर्स अपनी मोटरसाइकिल की डिग्गी में रखकर फरार हो गया। महिला ने शोर मचाते हुए जरवल रोड पुलिस को घटना की जानकारी दी।उप निरीक्षक राणा राज सिंह, हेड कांस्टेबल शकील अहमद, महिला आरक्षी पांडे ने सूचना पाकर महिला के निशानदेही पर जांच पड़ताल शुरू कर दिया। बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरे से जांच की, लेकिन जांच के बाद भी कुछ हाथ नहीं लगा है। इस मामले में थानाध्यक्ष का कहना है कि जल्द ही टप्पेबाज पकड़ा जाएगा।

# उत्तीर्ण छात्रों को एसपी ने वितरित किए अंक पत्र व पुरस्कार

- खेलों की सुविधा विकसित करने व क्लासरूम को और बेहतर बनाने का कार्य प्रगति पर है : वृंदा शुक्ला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




रिजर्व पुलिस लाइन स्थिति पुलिस मॉडर्न स्कूल द्वारा शिक्षण सत्र-2023-24 में उत्तीर्ण मेधावी छात्रों के लिये सम्मान समारोह का अयोजन किया। इस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर की।

एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थिति पुलिस मॉडर्न स्कूल में शिक्षा सत्र- 2023-24 की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए बच्चों को अंक पत्र वितरण किया।

इस मौके पर एसपी ने मेधावी छात्रों को उनके उत्साहवर्धन के लिए पुरस्कृत भी किया। तथा स्कूल में पठन- पाठन की गुणवत्ता के साथ साथ अन्य व्यवस्थाओं की सराहना की। उक्त कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने इस कार्यक्रम में उपस्थित अभिवावकों को आश्वस्त किया कि बहराइच पुलिस, पुलिस मॉडर्न स्कूल संचालित करने में गर्व महसूस करती है और सदैव इसमें उपलब्ध संसाधनो की वृद्धि के लिए कटिबद्ध है जल्द ही यहां पर एक नया प्लेग्राउंड तथा विभिन्न प्रकार के खेलों की सुविधा विकसित करने का कार्य प्रगति पर है साथ ही क्लासरूम को और बेहतर बनाने का भी कार्य प्रगति पर है कार्यक्रम में शामिल सभी अध्यापकों को प्रोत्साहित करते हुए बताया गया की विद्यालय का सबसे महत्वपूर्ण अंग उसके अध्यापक है तथा सभी अध्यापकों को पूर्ण समर्पण और मेहनत के साथ बच्चों को पढ़ना चाहिए और सदैव अपने आप पर सुधार करने के लिए कार्यरत रहना चाहिए और नई इनोवेशन के साथ अपने क्लासेस को पढ़ना चाहिए।इस कार्यक्रम में आर.आई. रिजर्व पुलिस लाइन भुवनेश्वर सिंह, प्रधानाचार्य पुलिस मॉडर्न स्कूल निशा सिंह स्कूल के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाए, बच्चे व अभिभावकगण मौजूद रहे।

# व्यापारी का तालाब में मिला शव

- बुधवार शाम को वसूली के लिए गया था युवक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के नरोत्तमपुर गांव निवासी एक किराना व्यवसाई बुधवार शाम को बकाया वसूली के लिए गया था। गुरुवार को उसका शव तालाब में मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नरोत्तमपुरवा के मजरा मिश्रनपुरवा निवासी अखिलेश मिश्रा (33) पुत्र टुन्नु मिश्रा किराना की दुकान का संचालन करता था। बुधवार को रात 8.30 बजे अखिलेश बकाया वसूली के लिए चकैया गांव की ओर गया था। लेकिन पूरी रात वह घर नहीं आया, सुबह भी नहीं पहुंचा। परिवार के लोग उसकी खोजबीन कर रहे थे। बृहस्पतिवार शाम को चकिया गांव के तटबंध के निकट तालाब में किराना व्यवसाई का शव उतराता मिला। इस पर आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सभी ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। शव बाहर निकलवाकर उसकी पहचान करवाई गई। थानाध्यक्ष एसके सिंह और सीओ अनिल कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस के मुताबिक घर से एक किलोमीट की दूरी पर तालाब में शव मिला है।

# शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुई जुमे की नमाज

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हो गई। मुस्लिम भाइयों ने नमाज के बाद मुल्क की तरक्की और चैनो अमन की दुआएं मांगी।

आपको बता दें कि अलविदा जुम्मा होने से मस्जिदों में काफी भीड़ रही। हर उम्र का शख्श मस्जिद में नमाज के लिये पहुंचा। रमजान महीने के चौथे जुमा को अलविदा जुमे के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन को छोटी ईद की तरह भी देखा जाता है। नए कपड़े और खुशबू लगाकर मुस्लिम समाज के लोग नमाज पढ़ने मस्जिद जाते हैं।



अलविदा जुमा की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न कराने के पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल द्वारा जनपद में चाक चौबंद इंतजाम किये गए थे। पुलिस द्वारा ड्रोन कैमरे से चप्पे चप्पे पर निगरानी रखी गई थी। शहर की सभी मस्जिदों में शांति बनाये रखने के लिये पुलिस की टुकड़ी लगाई गई थी। पुलिस द्वारा गश्त भी लगाई गई। लोकसभा चुनाव व ईद त्यौहार को देखते हुए प्रशासन पहले से ही अलर्ट मोड़ में हैं।

### जुम्मा की आखिरी नमाज पर पुलिस रही मुस्तैद



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रमजान माह के पाक मौके पर आज जुम्मे की आखिरी नमाज स्थानीय पुलिस की निगरानी में अता की गईद्य क्षेत्र के थुलेडी गाँव मे स्थित मस्जिद, बछरावां की मस्जिद, राजामऊ की मस्जिद एवं क्षेत्र की अन्य मस्जिदों में नमाज के समय स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद दिखा।

# महज शो पीस बनीं सौर ऊर्जा संचालित पानी की टंकियां

**ऊंचाहार रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कौन कहता है गांव का मौसम गुलाबी है ये दावे झूठे हैं ये दावा किताबी है अदम गोंडवी की व्यवस्था पर प्रहार करती हुई ये पंक्तियां आज के सरकारी सिस्टम और नौकरशाही पर बिल्कुल सटीक बैठती हैं। करीब एक वर्ष पूर्व सांसद निधि से लाखों की लागत से सौर ऊर्जा संचालित टंकियों का निर्माण करवाया गया था ताकि लोगों को शुद्ध पानी मुहैया करवाया जा सके लेकिन नौकरशाहों की उदासीनता से आज सौर ऊर्जा संचालित पानी की टंकियां महज सफेद हाथी बनकर रह गई हैं। आपको बताते चलें की रोहनिया विकासखण्ड की ग्राम पंचायत ऐहारी बुजुर्ग में पाइप



- सूखी पड़ी सौर ऊर्जा संचालित पानी की टंकिया, प्यासे लोग, उदासीन अधिकारी

लाइन बिछाकर लोगों को शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सांसद निधि द्वारा सौर ऊर्जा संचालित पानी की टंकी लगाई गईं थी लेकिन देखरेख के आभाव और नौकरशाहों के लापरवाही की वजह से महज शो पीस बनकर रह गई है । शुरू में तो कुछ दिन लगाई गई टोटियों में पानी आया लेकिन धीरे धीरे ये उदासीनता का शिकार होती चली गई। आज हालात ये हैं की कभी लोगों की प्यास बुझाने वाली टोटियां एक एक बूंद पानी को तरस गई और खुद प्यासी रहकर दम तोड़ गई। आज ये टंकिया सिर्फ शो पीस बनी ग्रामीणों को चिढ़ा रही हैं। ग्रामीण राज नारायण, दुर्गा सिंह, विष्णु पाण्डेय, सूरज लाल , केवला देवी आदि ने बताया की लगाने के तीन चार महीने बाद से ही पानी आना बंद हो गया था अधिकारियों को सूचना दी गई बोले बनवा दिया जाएगा लेकिन आज तक कोई नहीं आया और टंकी सूखी पड़ी है।

## खबरें एक नजर में

### महिला की तहरीर पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** गंभीर धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा रामपति पत्नी स्वर्गवासी मैकूलाल निवासी ग्राम सलेथू थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली की तहरीर पर धीरज कुमार पुत्र डिल्लू अवधेश कुमार पुत्र डिल्लू सरवन कुमार पुत्र डिल्लू निवासी ग्राम सलेथू थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### एससी एसटी का मुकदमा दर्ज

**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** पिंटू पुत्र राम आसरे निवासी ग्राम पूरे कुटी मंजरे थुलवासां थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली की तहरीर पर सचिन पुत्र राजेश शिवा पुत्र आशुतोष राकेश पुत्र जागेश्वर निवासीगण थुलवासा थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली के विरुद्ध एससी एसटी एक्ट एवं अन्य धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### एक महिला सहित तीन पर गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत

**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** सचिन मिश्रा पुत्र बृजेंद्र कुमार निवासी ग्राम थुलवासा थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली के द्वारा दी गई तहरीर पर संतलाल उर्फ सतोले मुकेश पुत्र रामकुमार पेंटर पुत्र राम आसरे सोनी पुत्री रामकुमार निवासी गढ़ ग्राम पूरे कुटी मंजरे थुलवासां थाना महाराजगंज जनपद रायबरेली के विरुद्ध गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### 80 प्लस उम्र के मतदाताओं को पहनाई फूलमाला

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम दरियापुर व चन्दीखी में स्वीप के अंतर्गत रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। डिप्टी कलेक्टर ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान करने की शपथ दिलाई। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम दरियापुर व चन्दीखी में मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ डिप्टी कलेक्टर/ प्रभारी बीडीओ शांतुन कुमार सिनसिनवार ने किया। ई-रिक्शा में माइक लगाकर प्रचार प्रसार किया गया। उन्होंने रैली के साथ भ्रमणकर दरियापुर में अस्सी से अधिक उम्र के मतदाताओं को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए लोगों को जागरुक किया। रैली में शामिल महिलायें व पुरुष मतदान बढ़ाने के लिए नारे लिखी तख्तियां लेकर घूमे और गलियों में माइक से नारे लगाए। जिसमें जो बांटे दारू और नोट, उसको कभी न देंगे वोट। अपना कर्तव्य निभाएंगे, पहले मतदान करायेंगे। आओ मिलकर अलख जगाएं, शत प्रतिशत मतदान कराएं शामिल रहे। डिप्टी कलेक्टर ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने लिए मतदान जरूरी है। इसके बाद रैली में शामिल लोगों को शपथ दिलाई। इस मौके पर एडीओ आइएसबी दुलवासा प्रसाद, चन्दीखी सचिव ओमप्रकाश प्रजापति, दरियापुर सचिव सोनाली सचान सहित ग्रामीण, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं समूह की महिलाएं शामिल रहीं।

### मृत भाई बहन के परिजनों को सांसद ने बंधाया ढांढस



**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** विगत दिवस चित्रकूट में हुए हादसे में जान गंवाने वाले भाई बहन के परिजनों को सांसद ने पहुंचकर ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। गुरुवार को देर शाम सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने चित्रकूट हादसे में जान गंवाने वाले भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र उर्फ तनिष्क सोनी एवं बहन निधि सोनी के घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुनील कुमार पाठक, पुष्पराज सोनी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के लोकसभा प्रभारी एम खान, सदर नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद, आदित्य अवस्थी, गीता ओमर, रवि गुप्ता, संजय त्रिपाठी, रोहित शिवहरे, संतराम गुप्ता, दृगपाल सिंह चंदेल, सुशील गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### शिक्षक संघ ने बैठक कर ऑनलाइन हाजिरी का किया विरोध



**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** उ.प्र. प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में ऑनलाइन हाजिरी का विरोध करते हुए पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की गई। कस्बे के तपोभूमि प्रांगण में ब्लाक अध्यक्ष राजीव कुमार निगम की अध्यक्षता में संघ की बैठक संपन्न हुई ।जिसमें ऑनलाइन हाजिरी के लिए बार-बार आदेश किए जाने पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर विरोध जताया गया। संघ का कहना है कि जब तक प्रशिक्षण के साथ सिम आदि की व्यवस्था विभाग नहीं करेगा तब तक ऑनलाइन हाजिरी का विरोध किया जाएगा। स्कूल में पांच से दस मिनट की देरी से पहुंचने पर पूरे दिन का वेतन काटने पर विरोध जताया गया। शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाल करने सहित अन्य मांगों को पूरा करने की मांग की। इसके बाद कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय बंडा के शिक्षक शिवशंकर के सेवानिवृत होने पर उन्हें अंगवस्त्र आदि भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष में सत्येंद्र कुमार साहू,सुनील श्रीवास्तव, कपिल कुमार, इब्राहिम अहमद खान, कमलेश कुमार, संतोष सोनकर, नंदलाल, सुरेंद्र सिंह,रामप्रकाश निषाद, राजेंद्र कुमार वर्मा, अशोक कुशवाहा, बृजकिशोर साहू, कमलेश कुशवाहा,राम प्रकाश साहू आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# दबंगों ने किसान से साथ की मारपीट, उठा ले गए फसल

- पीड़ित किसान ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

**शिवगढ़ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली में बेखौफ दबंगों ने खेत में गेहूं की काट रहे किसान को मारपीट कर गेहूं की फसल ट्रैक्टर ट्राली से उठा ले गए पीड़ित किसान ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर लगाई न्याय की गुहार मामला शिवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत सीवन गांव का है जहां मोहन लाल पुत्र हरिभजन अपने खेत में गेहूं की फसल काट रहा था तभी विपक्षी अरुण कुमार अपने जिन साथियों के साथ खेत में पहुंचे कर गेहूं की कठिन फसल को ले



जाने लगे लेकिन किसान व उसकी पत्नी ने विरोध शुरू कर दिया इसके बाद दबंग किसान के साथ मारपीट शुरू कर दी और ट्रैक्टर ट्राली मंगवा कर गेहूं की फसल उठा ले गए पीड़ित किसान मोहनलाल ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर उपरोक्त दबंगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# मनाया गया वीरांगना झलकारी बाई का 166वां बलिदान दिवस

- अनुयायियों ने 22 नवंबर व 5 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने की मांग की

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

1857 के स्वतंत्रता आंदोलन की महान वीरांगना झलकारी बाई का 166वां बलिदान दिवस मनाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर ने वीरांगना झलकारी बाई को अदम्य साहस और वीरता का पर्याय बताया। यहां इस अवसर पर उनके अनुयायियों ने 22 नवंबर व 5 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने की मांग भी की।



रायबरेली शहर के सारस होटल के समीप स्थापित वीरांगना झलकारी बाई मूर्ति के पास शुक्रवार को वीरांगना झलकारी बाई का 166वां बलिदान दिवस सादगी पूर्ण ढंग से मनाया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर ने कहा कि हमारे समाज की बहन बेटियों को वीरांगना झलकारी बाई के त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने जाति और धर्म से ऊपर उठकर देश एवं समाज की आन मान शान के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने अंग्रेजों से मुकाबला करते हुए अपने पति पूरन कोरी के साथ 5 अप्रैल 1858 को वीरगति को प्राप्त हुई थी। उन्होंने मूर्ति परिसर के सुन्दरीकरण का भरोसा भी दिलाया।

इस अवसर पर सामाजिक चिंतक डॉ सुनील दत्त ने वीरांगना झलकारी बाई के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म 22 नवंबर 1830 को झांसी से चार कोस दूर भोजला गांव में हुआ था। 1857 के स्वतंत्रता आंदोलन में उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। उन्होंने रानी का भेष धारण कर झांसी और रानी लक्ष्मीबाई के प्राणों की रक्षा की थी तथा अंग्रेजों से लोहा लेते हुए शहीद हो गयी थीं। देश के प्रति उनकी शहादत को देखते हुए 22 नवंबर उनके जन्मदिन एवं 5 अप्रैल बलिदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए। उनके जीवन संघर्षों को जूनियर हाई स्कूल स्तर तक के पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाए। प्रदेश के प्रमुख संस्थानों एव चौक चौराहों का नाम वीरांगना झलकारी बाई के नाम पर किया जाए।

# वंदे भारत ट्रेन पर पत्थरबाजी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आरपीएफ ने वंदे भारत ट्रेन पर पत्थरबाजी करने वाले तीन नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार कर बाल सुधार गृह भेज दिया है। मामला बछरावां थाना क्षेत्र का था जहां बीती 18 मार्च को गोरखपुर से प्रयागराज जाने वाली वंदे भारत ट्रेन पर बछरावां और श्रीराजनगर के बीच वंदे भारत (ट्रेन संख्या 22550) पर अज्ञात लोगों ने पत्थर बाजी की थी जिसमें C 2 और C 4 कोच में लगे खिड़की के शीशे से टूट गए थे।

**बच्चों को भेजा गया बाल सुधार गृह :-** इस घटना से पूरे जिले में हड़कंप मच गया था। वहीं रेलवे



पुलिस के मामले का संज्ञान लेते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करके सीसीटीवी फुटेज के लिए एक टीम गोरखपुर भी भेजी थी। सीसीटीवी फुटेज आने के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। इस मामले में ट्रेन में लगे सीसीटीवी और सूचना के आधार पर तीन बाल अपराधियों को आरपीएफ ने पकड़ा जिन्होंने घटना को किया जाना स्वीकार किया है। रेलवे सुरक्षा बल रायबरेली द्वारा उन्हें किशोर न्याय बोर्ड रायबरेली के समक्ष पेश किया गया जिन्हें किशोर न्याय बोर्ड द्वारा बाल सुधार गृह लखनऊ भेज दिया गया है।

### आग लगने से गेहूं की फसल जलकर राख

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** शॉर्ट सर्किट से लगी आग में गेहूं जलकर हुआ राख ।विकासखंड क्षेत्र के पूरे भगन का पुरवा मंजरे पोखरनी गांव में बिजली विभाग के तार अत्यधिक नीचे लटकने के कारण शार्ट सर्किट से आग लग गई पूरे भगन का पुरवा मंजरे पोखरनी निवासी इंद्रपाल सिंह पुत्र राम सुमेर सिंह के खेत में आग लग गई जिसमें लगभग चार से पांच विस्वा गेहूं जल गया वहीं ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हल्का लेखपाल अमित शुक्ला ने बताया कि शार्ट सर्किट के कारण आग लगी है जिसमें लगभग चार से पांच विस्वा गेहूं जलकर राख हो गया है

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया।जिससे बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार सलोंन कोतवाली क्षेत्र के खमरिया पूरे कुशल निवासी छात्रा अनामिका 14 वर्ष अपने भाई अमित व दादा शिव बक्स के साथ बाइक से जोधी का पुरवा इसी स्कूल में एडमिशन करने जा रहे थे।इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप अपने जोरदार टक्कर मार दिया। इससे



तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन पहुंचाया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद शिवबक्श को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।





### स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों ने निकाली रैली

**सूची सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय गौवा बाजार के प्रधानाध्यापक मो. वसीम के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान, संचारी रोग,मतदाता जागरूकता रैली एवं विद्यालय में निपुण लक्ष्य के अंतर्गत सौ फीसदी नामांकन हेतु रैली का आयोजन किया गया ।इस दौरान बच्चो ने नारा लगाया
नहीं जाएंगे भैंस चराने
अम्मा भेजो हमें पढ़ाने।
एक रोटी कम खाओ
लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाओ,विद्यालय में शत प्रतिशत नामांकन कराओ और विद्यालय की सुविधाओं को पहले पाओ ।आगामी लोकसभा चुनाव हेतु जन जागरण प्रचार प्रसार किया गया और लोगों को जागरुक करते हुए शतप्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया गया ।गर्मी के मौसम को देखते हुए लोगों को सचेत करते हुए दैवी आपदा प्रबंधन,संचारी रोग के बारे में विशेष जानकारी दी गई। विद्यालय के बच्चों के साथ शिक्षक सैयद साजिद अली जैदी,बीना,बबली गुप्ता,अजय प्रताप सिंह,एसएमसी अध्यक्ष एवं सदस्यों ने प्रतिभाग कर रैली को सफल बनाया।

### तेज रफ्तार कार ने स्कूल जा रहे दो बच्चों सहित साइकिल सवार को रौंदा

**तीनों गंभीर रूप से हुए घायल, जिला अस्पताल मे ईलाज जारी**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रायबरेली में हुआ भीषण हादसा तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे पैदल स्कूल जा रहे छात्र व छात्रा को टक्कर मारते हुए साइकिल सवार बुजुर्ग को मारी जोरदार टक्कर कार की टक्कर से मासूम बच्चों सहित बुजुर्ग गंभीर रूप से हुआ घायल मामला भदोखर थाना क्षेत्र के अंतर्गत दूलागंज गांव के पास का है जहां तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे पैदल स्कूल जा रहे सूरज उम्र 14 वर्ष दिव्यांशी उम्र 18 वर्ष को टक्कर मारने के बाद साइकिल सवार बृजलाल उम्र 40 वर्ष को भी जोरदार टक्कर मार दी घटना से वहां मौजूद लोगों में हड़कंप गया वहीं स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां दोनों बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है।

# स्वामी दयानंद इंटर कॉलेज की छात्रा ने विद्यालय और क्षेत्र का नाम किया रोशन

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालय स्वामी दयानंद पब्लिक स्कूल इंटर कॉलेज की छात्रा ने विद्यालय सहित क्षेत्र का किया नाम रोशन स्वामी दयानंद इंटर कॉलेज की छात्रा शिवि सिंह पुत्री प्रदीप सिंह ग्राम घूराडीह का चयन नवोदय विद्यालय में होने से विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है वह स्वामी दयानंद इंटर कॉलेज अच्छी शिक्षा और अच्छे शिक्षण कार्य के लिए क्षेत्र में विख्यात है स्वामी दयानंद पब्लिक स्कूल इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रबंधक सत्येंद्र सिंह ने बताया की छात्रा का नवोदय विद्यालय में चयन होने से विद्यालय स्टाफ सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोगों ने बधाई दी है बधाई देने वालों में सिमहैन्स हॉस्पिटल के निदेशक डॉ मनीष सिंह



चौहान घूराडीह प्रधान दिनेश सिंह प्रधान दुसौती राजेंद्र सिंह विद्यालय के प्रधानाचार्य मारुत सिंह सीमा सिंह वीर बहादुर सिंह संगीता सिंह अनूप कुमार सिंह नवाब सिंह दद्दन सिंह अजय सिंह ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दी और वहीं विद्यालय परिवार का भी आभार प्रकट किया।

### ताइक्कांडो, क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी, एथलेटिक्स, हॉकी, तैराकी खेल का संचालन अप्रैल से संचालित

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। खेल निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के आदेश टी0 टी0 खेल धीरेन्द्र कुमार पुरुषोत्तम, क्रीडाधिकारी, ताइक्कांडो खेल उपक्रीड़ाधिकारी, क्रिकेट- अश्वनी कुमार चन्द्रा, वॉलीबॉल- लीना सिंह, कबड्डी- पिंकू कुमार, एथलेटिक्स- शोएब खान, हॉकी- किरन कुमारी अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षक के रूप में जिला खेल कार्यालय, पं0 मोतीलाल नेहरू स्टेडियम रायबरेली में तैनाती की गई है। साथ ही 01 अप्रैल 2024 से तरणताल का संचालन शुरू हो गया है। जनपद के टी0 टी0, ताइक्कांडो, क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी, एथलेटिक्स, हॉकी, इच्छुक खिलाड़ी जिनकी आयु 18 वर्ष से कम है वे खिलाडी जिला खेल कार्यालय रायबरेली कार्यालय कार्य दिवस में सम्पर्क स्थापित कर प्रवेश ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में सम्पर्क करें।

# टेलीकॉम कंपनियों के नेटवर्क हुए धड़ाम, उपभोक्ता परेशान

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

टेलीकॉम कंपनियों के नेटवर्क हुए धड़ाम पैसा पूरा लेंगे लेकिन नेटवर्क नहीं देंगे महराजगंज कस्बे सहित ग्रामीण अंचलों में लगे टावर इस समय केवल सफेद हाथी साबित हो रहे हैं नेटवर्क ना रहने की वजह से उपभोक्ता हैरान और परेशान है वहीं कार्य करने में भी लोगों को दिक्कत आ रही है नेट के सहारे से बहुत सारे कार्य किए जाते हैं लेकिन नेटवर्क न रहने की स्थिति में वह कार्य नहीं हो पाते हैं।

जहां टेलीकॉम कंपनियां महीने को 28 दिन का बना दिया है और अगर आप का समय पूरा हो जाता है तो तुरंत सेवाएं रोक दी जाती है लेकिन जब इन्ही टेलीकॉम कंपनियों को सेवाएं देने की बारी आती है तो उस पर खरी नहीं उतर पाती महराजगंज कस्बे में तो नेटवर्क थोड़ा बहुत पकड़ लेता है लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में तो हालत बद से बद्तर है चाहे वह हरदोई हो थुलवासां हो मऊ हो चांदपुर हो पहरेमऊ खैहरना हो हर जगह नेटवर्क ना आने की शिकायत उपभोक्ता करते रहते हैं और वही टेलीकॉम कंपनियां कान में उंगली डालकर केवल उपभोक्ताओं को रिचार्ज के लिए ही रिझाती नजर आती है लेकिन जब बात अच्छी सेवा देने की आती है तो कंपनियां पीछे रह जाती हैं चाहे वह जियो हो या फिर एयरटेल वोडाफोन सहित बीएसएनएल की तो बात करना ही बेकार है कुछ उपभोक्ताओं ने बताया कि नेटवर्क ना रहने की वजह से भारी दिक्कतों और समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

# हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से गेहूं की फसल जलकर हुई खाक

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**

बिरखेरा व पारा रैपुरा मौजे में शुक्रवार को सुबह 10-00 बजे हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से खेतों में आग लग गई।जिससे 15 किसानों की 26 बीघे गेहूं की फसल जलकर खराब हो गई। फायर बिग्रेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं दोपहर में उद्योग नगरी में संचालित आरा मशीन में आग लगने से एक लाख से अधिक कीमत की इमारती लकड़ी जलकर खाक हो गई।

शुक्रवार को सुबह बिरखेरा व पारा रैपुरा के मध्य नलकूपों को गई हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। इस घटना में बिरखेरा निवासी गिरजेश शर्मा, जागेश्वर,जयराम, हरीराम, श्रीराम, बाबूराम, गयाप्रसाद, शेषकली,



- करीब छह लाख की फसल जलने के अनुमान
- आरा मशीन में आग लगने से इमारती लकड़ी जली

आशाराम, लाला, दशाराम तथा पारा रैपुरा निवासी श्रीकांत, कल्लू,राम प्रकाश, जागेश्वर की 26 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। इस घटना में करीब 6 लाख की फसल जल जाने का अनुमान है। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बिरखेरा प्रधान अशोक यादव ने घटना से लेखपाल को अवगत कराया है। लेखपाल शालिनी शुक्ला ने बताया कि ओलावृष्टि में बिरखेरा व पारा मौजे में शतप्रतिशत नुकसान हुआ था। उसका मुआवजा किसानों को दिया जा चुका है। घटना बिजली विभाग की हाइटेंशन लाइन से बताई जा रही है। उसकी जांच कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। दूसरी घटना दोपहर करीब 1:00 बजे उद्योग नगरी में पुलिस चौकी के पीछे संचालित गुप्ता आरा मशीन में हुई। अज्ञात कारणों के चलते लगी आग से एक लाख से अधिक कीमत की इमारती लकड़ी जलकर खाक हो गई। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

### रोडवेज चालक ने व्यवस्थापक पर लगाया संविदा खत्म करवाने के आरोप

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** रोडवेज चालक ने रोडवेज परिसर के समय व्यवस्थापक पर मारपीट की घटना दर्ज मुकदमा वापस ना लेने पर झूठे मुकदमे में फसाने सहित चालक की संविदा समाप्त करवाने की धमकी देने का आरोप लगा शुक्रवार को एसपी को पत्र सौंप न्याय की गुहार लगाई है। मुख्यालय स्थित रोडवेज के संविदा चालक मंयक ने पत्र में बताया कि उसके ही स्टाफ के समय व्यवस्थापक अब्दुल कादिर ने बीते 14 मार्च को उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया था, जिसकी उसने सदर कोतवाली पुलिस से शिकायत दर्ज करवाई थी। मुकदमा पंजीकृत होने के उपरांत से ही समय व्यवस्थापक द्वारा लगातार समझौता करने का दबाव बनाया जा रहा है। पीड़ित चालक ने आरोप लगाते हुए कहा कि समय व्यवस्थापक द्वारा फर्जी मुकदमे में फ़साने व उसकी संविदा समाप्त करवाने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित चालक ने एसपी को पत्र सौंप न्याय की गुहार लगाई है।

# बहन की मौत की जांच की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा भाई

- एसपी ने भी शिकायत पत्र लेकर जांच का दिया आश्वासन
- एसपी ने शिकायत पत्र लेकर जांच का दिया आश्वासन
- भाई ने लगाया बहन की हत्या का आरोप

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर पहुंचे एक युवक ने अपनी बहन की मौत की जांच की मांग को लेकर एसपी अभिषेक अग्रवाल को मांग सौंपा। युवक ने बहन की मौत को हत्या करार देते हुए बहन के ससुराल पक्ष पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

गुरबक्श गंज थाना क्षेत्र के किलोली के रहने वाले विनोद कुमार ने बताया कि उसकी बहन अनीता की शादी हो चुकी थी। उसे जब खबर मिली कि उसकी बहन की फांसी लगने से मौत हो गई है तो उसे विश्वास नही हुआ कि उसकी बहन आत्मा हत्या कैसे कर सकती है। इस हत्या के पीछे कुछ और षड्यंत्र हो सकता है। मृतक महिला के भाई विनोद कुमार का आरोप है कि बहन ने आत्महत्या नहीं कि उसे मारकर कमरे के अंदर छत से लटकाया गया है। विनोद का आरोप है कि ससुराल वाले दुपट्टे से फांसी लगाने की बात कह रहे हैं जबकि बहन के गले में पतली रस्सी का निशान पाया गया। इसी बात की जांच की मांग को लेकर विनोद कुमार एसपी के पास अपनी गुहार लेकर पहुंचा था। एसपी ने भी शिकायत पत्र लेकर जांच का आश्वासन दिया है।

# गिरफ्तारी के बाद और मजबूत होंगे केजरीवाल

**हरिहर स्वरूप**

यह सच है कि अरविंद केजरीवाल की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। पंजाब में आप की अप्रत्याशित जीत और हाल में ही उनकी गिरफ्तारी के बाद उनकी राजनीतिक लोकप्रियता और अधिक ऊंचाई पर पहुंच गई है। दिल्ली में आप-कांग्रेस गठबंधन को आगामी चुनावों में आसानी से जीत हासिल करने की उम्मीद है। उनके बढ़ते दबदबे से भाजपा जाहिर तौर पर चिंतित है। आगामी लोकसभा चुनाव में केजरीवाल दिल्ली और पंजाब के अलावा अन्य राज्यों में भी कदम रख सकते हैं। उनकी गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित प्रतीत होती है। उनकी गिरफ्तारी दिल्ली के मुख्यमंत्री को और अधिक शक्तिशाली बना सकती है क्योंकि उन्हें देश भर के लोगों की सहानुभूति मिलना निश्चित है। कोई नहीं जानता कि उनके खिलाफ आरोप सही हैं या नहीं, लेकिन चुनाव में उनके प्रति सहानुभूति एक कारक होगा। 5 अप्रैल, 2011 की सुबह, जंतर-मंतर से सटी एक गली-राजधानी का विरोध स्थल-जन लोकपाल कानून की मांग के लिए इंडिया अगेंस्ट करप्शन के अभियान के शुभारंभ के लिए एक छोटी सी भीड़ एकत्र हुई थी (जो आने वाले दिनों में बहुत बड़ी संख्या होने वाली थी)। सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे - आंदोलन का चेहरा-अपनी भूख हड़ताल शुरू करने के बाद एक ऊंचे मंच पर बैठे थे। मंच के किनारे पर खड़ा एक व्यक्ति सुर्खियों से दूर रहने को उत्सुक था। जब मीडियाकर्मी जानकारी के लिए मूंछों वाले छोटे कद के व्यक्ति के पास पहुंचे, तो वह मंच से कूद गये और अभियान के बारे में गंभीरता से बात की। ये शख्स थे आंदोलन के सूत्रधार अरविंद केजरीवाल। केजरीवाल उस समय तक पहले से ही एक प्रसिद्ध पारदर्शिता कार्यकर्ता और मैग्सेसे पुरस्कार विजेता थे, फिर भी राष्ट्रीय स्तर पर ज्ञात नहीं थे। वह बड़े पैमाने पर बदलने वाला था। इंडिया अगेंस्ट करप्शन अभियान आम आदमी पार्टी के गठन का अग्रदूत था, जो एक साल से अधिक समय बाद हुआ, और इसने केजरीवाल के राजनीति में प्रवेश को चिह्नित किया। भ्रष्टाचार विरोधी योद्धा और वह व्यक्ति जो व्यवस्था को बदलना चाहता था, अब व्यवस्था के अंदर था। सीमापुरी की भीड़भाड़ वाली गलियों में एक कमरे के कार्यालय से काम करने वाले एक उत्साही कार्यकर्ता से लेकर स्वतंत्र भारत के सबसे प्रभावशाली आंदोलनों में से एक को चलाने और फिर 2013 में दिल्ली में सबसे चौंकाने वाली चुनावी जीत दर्ज करने तक, यह केजरीवाल के लिए एक तीव्र परिवर्तन था।

# बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता निभा सकते हैं महत्वपूर्ण भूमिका

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**




**लोकसभा चुनाव में पात्र मतदाताओं को यह सुविधा उपलब्ध होगी। अक्टूबर 2019 में चुनाव आयोग की सिफारिश पर कानून और न्याय मंत्रालय द्वारा चुनाव संचालन नियम 1961 में संशोधन किया गया था। इसके बाद 80 वर्ष से अधिक उम्र के लोग और दिव्यांगजन 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में डाक मतपत्रों के माध्यम से वोट डालने में सक्षम हो गए थे। इस बार लोकसभा चुनाव में 85 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग और 40 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांगता वाले व्यक्ति घर से ही अपना वोट डाल सकेंगे। चुनाव आयोग ने इसके लिए विशेष प्रबंध किए हैं। भारतीय चुनाव आयोग के मुताबिक देश भर में 85 वर्ष से अधिक के कुल 82 लाखमतदाता हैं। 100 साल से ज्यादा उम्र के 2.18 लाख मतदाता हैं और दिव्यांगजनों की संख्या 88.4 लाख है। सक्षम ऐप से मिलेगी**

वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में करीबकरीब हर चुनाव मेंस्थितियों परिस्थितियों के अनुसार अनेक सुधार कार्य करते हुए संशोधन सहयोग व सुविधाएं प्रदान कर समस्याओं शिकायतों का निवारण त्वरित किए जाने की ओर कदम बढ़ाए जाते हैं। उदाहरण के रूप में हमसी विजिल एपएकठोर आचार संहिता व अभी दिनांक 3 अप्रैल 2024को जारी सक्षम ईसीआई एप सहित अनेक कदम उठाए जाते रहे हैं जिसमें मतदाताओं को वोट देने में उचित सुगमता व सुविधाएं प्रदान होती है। अक्सर हम देखते हैं कि मतदाताओं में एक बड़ा वर्ग बुजुर्गों व दिव्यांगों को अपना मताधिकार का प्रयोग करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैएजो चाहे अस्वस्थता उम्रदराज या दिव्यांगता कारण हो सकता है जिससे मतदान प्रतिशत में गिरावट होती है जिसपर चुनाव आयोग नें संज्ञान लेते हुए दिनांक 3 अप्रैल 2024को सक्षम ईसीआई एप जारी कर दी है। जिसमें बुजुर्गों व दिव्यांगों के संचार माध्यम से एक प्रक्रिया के तहत रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है जिसके आधार पर उनके घर में दो चुनाव अधिकारी एक वीडियो ग्राफर सुरक्षाकर्मी सहित एक टीम पहुंचेगी और उनके घर बैठे ही वोट लेकर जाएगी जो काबिले तारीफ है। चूंकि अब घर से वोट देने की प्रक्रिया विकलांगों बुजुर्गों के लिए शुरू करने एप पंजीकरण के लिए जारी कर दी गई है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे बुजुर्ग दिव्यांगमतदाता अब घर बैठे ही वोट देकर सरकार बना या गिर सकनें में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने में सक्षम हो गए हैं।

साथियों बात अगर हम 85 वर्ष के बुजुर्गों 40 प्रतिशत या अधिक वाले दिव्यांगों को घर से मतदान की सुविधा की करें तोएइस बार चुनाव आयोग ने 85 साल से ऊपर के लोगों को अपने घरों से वोट डालने की अनुमति देने का फैसला किया है। इसलिए अधिकारियों ने कहा कि यह संख्या लगभग तीन लाख तक कम हो जाएगी। यह पहली बार है कि लोकसभा चुनाव में पात्र मतदाताओं को यह सुविधा उपलब्ध होगी। अक्टूबर 2019 में चुनाव आयोग की सिफारिश पर कानून और न्याय मंत्रालय द्वारा चुनाव संचालन नियम 1961 में संशोधन किया गया था। इसके बाद 80 वर्ष से अधिक उम्र के लोग और दिव्यांगजन 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में डाक मतपत्रों के माध्यम से वोट डालने में सक्षम हो गए थे। इस बार लोकसभा चुनाव में 85 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग और 40 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांगता वाले व्यक्ति घर से ही अपना वोट डाल सकेंगे। चुनाव आयोग ने इसके लिए विशेष प्रबंध किए हैं। भारतीय चुनाव आयोग के मुताबिक देश भर में 85 वर्ष से अधिक के कुल 82 लाखमतदाता हैं। 100 साल से ज्यादा उम्र के 2.18 लाख मतदाता हैं और दिव्यांगजनों की संख्या 88.4 लाख है। सक्षम ऐप से मिलेगी सुविधा आयोग के मुताबिक घर से वोट डालने के इच्छुक ऐसे मतदाताओं को एक फॉर्म भरना होगा। इसके लिए एक ऐप का उपयोग किया जा सकता है। फॉर्म भर कर जमा करवाने के बाद बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता अपने घर से ही मतदान कर सकेंगे। बुजुर्ग मतदाताओं के लिए यह सुविधा प्रदान करने के साथ ही मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि यह देखा गया है कि बुजुर्ग मतदाता मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान करना अधिक पसंद करते हैं। यही कारण है कि मतदान केंद्रोंपर भी बुजुर्गों की सहायता के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। भारतीय चुनाव आयोग के मुताबिक सभी मतदान केंद्रो पर पीने के पानी, टॉयलेट, साइनेज, दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर, रैंप, सहायता केंद्र, वोटर फैसिलिटेशन सेंटर पर्याप्त बिजली और शेड की व्यवस्था की जाएगी। भारतीय चुनाव आयोग ने इस बार जो सुविधा बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए की हैए वह बेहद अलग है। उन्होंने सभी 10 लाख 48 हजार मतदाता केंद्रों पर वॉलिंटियर्स और व्हीलचेयर का होनासुनिश्चित किया है। इसके साथ ही दिव्यांग और बुजुर्गों के लिए ट्रांसपोर्ट की फैसिलिटी भी प्रोवाइड कराए जाने की बात की गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया है कि सक्षम ऐप के जरिए दिव्यांगजन ये सभी सुविधाएं ले सकते हैं। साथियों बात अगर हम मतदान केन्द्रों पर अन्य अपात्र बुजुर्गों वह दिव्यांगों के मतदान की व्यवस्था की करें तो भारत निर्वाचनआयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान दिव्यांग वृद्धजन और निःशक्त मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी दिव्यांग वृद्धजन एवं निःशक्त मतदाताओं को मतदान केन्द्रों में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में स्पष्ट दिशानिर्देश जारी किए हैं जिसका पूर्णतः पालन कराया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है। वृद्धजन एवं निःशक्त मतदाताओं हेतु व्हील चेयर की उपलब्धता उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र में दिव्यांग वृद्धजन एवं निःशक्त मतदाताओं हेतु पर्याप्त संख्या में व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएंगी। इसके साथ ही दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक मतदान केंद्र को भू.तल में रखा जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र भवन तक पहुंचने के लिए अच्छी स्थिति में पहुंच योग्य सड़क होनी चाहिए। मतदान केंद्र में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं जैसे पीने का पानी प्रतीक्षा शेड दिव्यांग मतदाताओं के अनुकूल शौचालय प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था दिव्यांग मतदाताओं के लिए उपयुक्त ढाल का स्थायी रैंप और निर्धारित मानकों के अनुसार मतदान कक्ष निर्मित होना चाहिए। दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को कतार से मुक्ति मतदान दिवस को दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के सहयोग के लिए एनएसएसए एनसीसी स्काउट गाइड स्वयं सेवकों की नियुक्ति किए जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित भी किया गया है। मतदान केंद्र पर मतदान हेतु आने वाले दिव्यांग ;पीडब्ल्यूडी एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को कतार से मुक्ति देते हुए मतदान हेतु वरीयता प्रदान किया जाए। मतदान कक्ष में दिव्यांग मतदाताओं की विशेष जरूरतों के संबंध में मतदान कर्मियों को संवेदनशील और जागरूक बनाने हेतु प्रयास किए जा रहे हैं।

## विचार

# गुलाबी आंकड़े, झुलसाती सच्चाई

**अरविन्द मोहन**



**मोदी राज के ज्यादा समय पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत कम रही है और सरकार ने उस अनुपात में आम उपभोक्ताओं को राहत न देकर मोटा राजस्व जमा किया जिसका उपयोग-दुरुपयोग क्या हुआ यह हिसाब भी साफनहीं है। असल में बजट का अनुशासन अब सिर्फकहने की चीज रह गई है और नोटबंदी जैसा फैसला भी एक आदमी की मर्जी से ही लिया गया। इससे बड़ी बात है कि पूरी दुनिया कोविड से उबरने के बाद आर्थिक रूप से पुरानी स्थिति में आने की कोशिश कर रही है।**

चुनाव पास आते ही आकर्षक आंकड़ों की बारिश शुरू हो गई है। और मामला सिर्फ बीते साल, महीने या तिमाही के आंकड़ों का नहीं है, अगले साल से लेकर 2047 में भारत को विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनाने तक के हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने अगले साल के लिए जीडीपी में आठ फीसदी का विकास दर बता दिया है। अभी हाल के समय तक आंकड़ों का खेल ऐसा नहीं था। विदेश व्यापार और औद्योगिक उत्पादन में एक महीने उतार दिखता था तो किसी महीने चढ़ाव। विदेश व्यापार का घाटा कभी रिकार्ड स्तर पर दिखता था तो कभी आयात कम होने से काफी कम। एक गरीबी के ही आंकड़े को लीजिए तो की तरह के आंकड़े हाजिर हैं, जबकि असलियत यही है कि सरकारी स्तर पर आंकड़े जुटाने का काम मनमाने ढंग से हो रहा है। अगर तस्वीर गुलाबी न दिखे तो आंकड़े रोके भी जा रहे हैं और उसके जरा भी अच्छे हिस्से को शोर मचाकर बताया जाता है। हमारे जीवन के निर्वाह और आर्थिक हैसियत को बताने वाली लगभग तीन दर्जन सूचनाओं से लैस जनगणना का काम रोका हुआ है जबकि इसमें अभी ही पांच साल की देरी हो चुकी है। विश्व युद्ध और महामारी में भी न रुकी जनगणना अब क्यों रोकी गई है इसका कोई स्पष्टीकरण नहीं आया है। खैर। इन बातों से जो धनात्मक बातें हैं उनका महत्व काम नहीं होता। जीएसटी का संग्रह और भविष्य निधि कोष के सदस्यों की संख्या निरंतर बढ़ती गई है जिसे सरकार अपनी उपलब्धि ही नहीं रोजगार बढ़ाने के वायदे को पूरा करने की तरह पेश कर रही है। मोदी राज के ज्यादा समय पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत कम रही है और सरकार ने उस अनुपात में आम उपभोक्ताओं को राहत न देकर मोटा राजस्व जमा किया जिसका उपयोग-दुरुपयोग क्या हुआ यह हिसाब भी साफ नहीं है। असल में बजट का अनुशासन अब सिर्फकहने की चीज रह गई है और नोटबंदी जैसा फैसला भी एक आदमी की मर्जी से ही लिया गया। इससे बड़ी बात है कि पूरी दुनिया कोविड से उबरने के बाद आर्थिक रूप से पुरानी स्थिति में आने की कोशिश कर रही है। इसमें अमेरिका काफी हद तक सफल हुआ है तो चीन और यूरोप अभी भी संकट में दिख रहे हैं। वहां असली समस्या लोगों में उपभोग का स्तर गिरना है जिससे कुछ देशों की अर्थव्यवस्था के बैठने का खतरा बन गया है। न सामान बिक पा रहा है न रोजगार मिल रहा है। रोजगार कम हों तो क्रय शक्ति कम होगी और सामान कम बिकेगा तो अर्थव्यवस्था की रोजगार पैदा करने की शक्ति घटेगी। हमारी अर्थव्यवस्था ने ठीक-ठाक वापसी की है। लेकिन कुछ बड़ी बीमारियां हैं जो पीछा नहीं छोड़ रही हैं। दुर्भाग्य से अपनी अर्थव्यवस्था को भी यह मर्ज लगा हुआ दिखता है लेकिन न तो शासन को होश है न जानकार लोग ही इसका शोर मचा रहे हैं। सुनहरे आंकड़ों के बीच बड़ी कंपनियों में लगातार यह चिंता पसर रही है कि उनका माल खपत नहीं हो रहा है। और इससे भी ज्यादा चिंता की बात है कि शहरी और अमीर लोगों की जरूरत वाली कुछ चीजों की मांग तो बढ़ी है लेकिन आम उपभोक्ता और ग्रामीण इलाकों में मांग नहीं बढ़ी है। यह फासला भी बढ़ता जा रहा है। जो लोग इस विरोधाभास पर नजर रखे हुए हैं वे अपने हिसाब से कुछ कारण और समाधान भी बताते हैं लेकिन चुनाव जीतने भर की चिंता वाली सरकार को इन पर ध्यान देने का होश नहीं लगता। वह इस बात से खुश है कि वर्ष 2023-24 में जीएसटी कलेक्शन 20 लाख करोड़ से पार हों गया है। यह एक आत्मघाती आंकड़ा और मोह है। असल में इसका उत्पादन बढ़ाने से रिश्ता नहीं है। भूमंडलीकरण आने और आईटी के प्रसार से अब काफी सारा कारोबार अनौपचारिक क्षेत्र से निकल कर औपचारिक बनता जा रहा है। छोटे कारोबारी और दूकानदारों का कर के और औपचारिक अर्थव्यवस्था में आना स्वागत योग्य बदलाव है पर आनलाइन कारोबार के देहात तक पहुंचने से कितनी दूकानें बंद हुई हैं या कितने छोटे धंधे वालों की आमदनी कम हुई है यह हिसाब नहीं है। जिस तरह छोटे किसान कमाई कम होते जाने पर भी खेती से चिपके रहते हैं उसी तरह इन लोगों के पास भी उसे धंधे में बने रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। बेरोजगार नौजवानों की फौज सुबह छह बजे से रात दस बजे तक कूरियर सेवा देने, ई- रिक्शा चलाने और इसी तरह के कम आमदनी वाले काम करने में होड़ लगाए हुए हैं। पेंशन, प्रॉविडन्ट फंड और दूसरी सुविधाएं कौन मांगेगा जब न्यूनतम मजदूरी मांगने का होश नहीं है। कानून होने के बावजूद खुद सरकार मनरेगा में लाखों लोगों से न्यूनतम मजदूरी डर से काम पर काम कराती है तो बाकी पर कानून कौन लागू कराएगा?सेंटर फार मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनामी के अनुसार वर्ष 2023-24 में 27.9 लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ। पिछले साल यह आंकड़ा 38.96 लाख करोड़ रुपए का था। सरकार इसे इठलाते हुए पेश करती है लेकिन अनेक लोग इस आंकड़े को हमारी अर्थव्यवस्था की बुनियादी बीमारी से जोड़ते हैं। अगर विकास का स्तर साल में सिर्फ सात फीसदी हों और निवेश का स्तर जीडीपी के 30 से 35 फीसदी पर आ जाए तो जाहिर है लोग पेट काटकर निवेश कर रहे हैं।

# भूकंप संग जीना

बीते बुधवार को ताइवान ने पिछले पच्चीस साल में आए सबसे तेज भूकंप का सामना किया। निश्चित रूप से भूकंप से हमारे संरचनात्मक विकास सड़क, पुल व सार्वजनिक निर्माण को क्षति पहुंचती है। लेकिन ताइवान ने पिछले भूकंपों से हुई मानवीय त्रासदी से सबक लेकर जिस तरह जनधन की हानि को कम किया है, वह काबिले तारीफ है। इस भूकंप में गिनती के लोगों को जान गंवानी पड़ी। बड़ी बिल्डिंगें हिली मगर क्षति मामूली हुई। दरअसल, ताइवान ने आधुनिक तकनीक व कुशल अग्रिम सूचना की व्यवस्था से आपदा से होने वाली क्षति को टाला है। भूकंप के केंद्र उत्तरी तट पर स्थित ख्वालिएन में 7.4 तीव्रता के भूकंप से क्षति स्वाभाविक थी, लेकिन सुनियोजित राहत व बचाव से जनक्षति को कम किया जा सका। सुरंगों व इमारतों में फंसे लोगों को बचाने का काम तत्परता से किया जा रहा है। जहां तक इस पहाड़ी इलाके में भूस्खलन का सवाल है तो मानव उसे टाल नहीं सकता। भूकंप से बचाव के ताइवानी सिस्टम बेहतर ढंग से काम कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जापान आदि पड़ोसी देशों ने भूकंप के बाद सुनामी की अग्रिम सुरक्षा चेतावनी जारी कर दी। दरअसल भूकंप से होने वाली क्षति इस बात पर निर्भर करती है वह किस समय आया। बुधवार को आया भूकंप सुबह आया, यदि यह देर रात या तड़के आता तो क्षति ज्यादा हो सकती थी। यद्यपि ताइवान में भी सड़क व रेल परिवहन प्रभावित जरूर हुआ है। दरअसल, सितंबर 1999 में ताइवान में आए 7.6 तीव्रता के भूकंप में करीब ढाई हजार लोगों की मौत हुई थी और करीब पांच हजार इमारतें क्षतिग्रस्त हुई थीं। जिसके बाद वहां भवन व सार्वजनिक निर्माण में सुरक्षा मानकों को गंभीरता से लिया गया। इन मानकों का पालन अनिवार्य रूप से किया गया और सख्ती से उसकी निगरानी की गई। सरकारों की सजगता व नागरिकों की जागरूकता ने इस संकट का मुकाबला करना सीख लिया। वहीं हमारे सामने जापान दुनिया का अकेला ऐसा देश है जो इतने बड़े भूकंपों के बाद नुकसान कम करने में सफल रहा। दरअसल, मनुष्य को भूकंप से ज्यादा हमारे निर्माण कार्य की गुणवत्ता की कमी और नियमों की अनदेखी मारती है। भारत में भूकंप से बचाव के लिये पर्याप्त अनुसंधान हुए और सुरक्षित घरों के लिये कोड बने हैं। लेकिन संकट उनके ईमानदारी से क्रियान्वयन तथा आर्थिक संसाधनों के अभाव का है। घर खरीदने वाले लोगों को उलटे उस्तरे से मूंडने वाले बिल्डर इन मानकों का इस्तेमाल करने से गुरेज करते हैं क्योंकि इसे लागू करने से उनका मुनाफा कम हो जाता है। गरीब व्यक्ति जैसे-तैसे मकान तो बना लेता है लेकिन भूकंप के मानकों का इस्तेमाल नहीं कर पाता। सरकारी गंभीरता भी नजर नहीं आती। सरकारों की प्राथमिकता आपदा के बाद राहत सामग्री व मुआवजा बांटने में होती है। समय रहते भवन निर्माण में भूकंप से बचाव के कोड लागू करवाने में संबंधित विभाग लगातार आपराधिक लापरवाही दर्शाते रहते हैं। हमें जापान से सबक लेना चाहिए जिसने भूकंप के साथ जीना सीख लिया है। वर्ष 2011 में भयावह नौ तीव्रता के भूकंप से जो तबाही हुई और उसके बाद सुनामी ने कहर बरपाया, उसके बाद जापान सरकार ने जनक्षति टालने के लिये गंभीर पहल की। इशिकावा की तबाही व फुकुशिमा की पॉवर प्लांट दुर्घटना के सबकों को जापान ने गंभीरता से लिया। आज भूकंप के अलार्म की चेतावनियां जापानियों के लिये आम बात है। हम मान लें कि बड़ा भूकंप कभी भी आ सकता है तो क्या हमारी इमारतें इसके लिये सुरक्षित हैं? जापान ने 2011 की त्रासदी के बाद भूकंपपरोधी निर्माण में कोई चूक नहीं की। वैसे तो वहां 1981 के बाद भवन निर्माण में सुरक्षा मानकों को अनिवार्य कर दिया गया था, लेकिन बाद के अनुभवों के साथ इन मानकों में लगातार सुधार भी किया गया। यही वजह थी कि इशिकावा के तेज भूकंप के बाद अधिकांश इमारतें सुरक्षित रहीं।



# राशिफल

**मेषः-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा।

**वृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुनः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्कः-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें।

**कन्याः-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुलाः-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें।

**वृश्चिकः-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनुः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीनः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# कांग्रेस का बोझ हल्का हुआ

**वैचारिक बदलाव का ऐसा ही उदाहरण गुरुवार को भी सामने आया, जब अर्थशास्त्र के प्रोफेसर गौरव वल्लभ ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए पार्टी की सदस्यता छोड़ी और कुछ घंटों में भाजपा के मुख्यालय जाकर भगवा गमछा गले में धारण कर लिया। विजेंद्र सिंह की तरह ही संसद में जाने की नाकाम कोशिश गौरव वल्लभ कर चुके हैं। एक नहीं दो बार दो राज्यों से कांग्रेस ने उन्हें मौके दिए, लेकिन वे सफल नहीं हुए। गौरव वल्लभ की कांग्रेस में रहते हुए एक बड़ी उपलब्धि यही रही कि एक ट्रिलियन में कितने शून्य होते हैं, इस सवाल पर उन्होंने भाजपा को बुरी तरह घेरा था। इस सवाल के कारण गौरव वल्लभ खूब सुर्खियों में आए और इसके बाद चौनलों की कई बहसों में उन्होंने कांग्रेस प्रवक्ता के तौर पर मजबूती से पक्ष रखा। कुछ वक्त पहले कांग्रेस छोड़ने वालों की पोल खोलते हुए उन्होंने कहा था कि जिन्हें लुटियन्स दिल्ली में बंगला और राज्यसभा की सदस्यता चाहिए वे कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाते हैं।**

मुक्केबाज विजेंद्र सिंह, अर्थशास्त्र के प्रोफेसर गौरव वल्लभ और पूर्व पत्रकार एवं राजनेता संजय निरूपम, ये तीन नाम बुधवार से लेकर गुरुवार तक चर्चा में छाए रहे। इस चर्चा के पीछे कारण एक ही है कि तीनों ने कांग्रेस छोड़ दी है। चुनाव के वक्त दल-बदल अब आम बात हो गई है। इसलिए इन तीन लोगों का एक पार्टी को छोड़ना बड़ी बात नहीं है। बड़ी बात यह है कि इन लोगों ने कांग्रेस को छोड़ते वक्त जो तर्क दिए, वो बेहद कमजोर हैं। विजेंद्र सिंह भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ मूंछों पर ताव देकर कदमताल करते दिखे थे। वे लगातार राहुल गांधी को समर्थन वाले ट्वीट किया करते थे और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की तीखी आलोचना किया करते थे। 2019 में विजेंद्र सिंह ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की थी और उन्हें दक्षिण दिल्ली से उम्मीदवार बनाया गया था, जहां वे चुनाव हार गए थे। फिर भी कांग्रेस में उन्हें सम्मान के साथ जगह मिली रही। मंगलवार तक भाजपा की खिल्ली उड़ाने वाले ट्वीट विजेंद्र कर रहे थे और कुछ घंटों बाद बुधवार को उन्होंने भाजपा का भगवा गमछा अपने गले में डलवा लिया। इसके बाद एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि मैं सो गया और जब सुबह उठा तो मेरे को लगा कि गलत प्लेटफॉर्म पर हूं। भारतीय जनता पार्टी में आइए और यहां से सही दिशा में जाएंगे। उनके इस बयान का अब खूब मजाक भी उड़ रहा है कि सोकर उठने के बाद उन्हें एहसास हुआ कि वे गलत पार्टी में हैं। लेकिन यहां मजाक से परे एक गंभीर सवाल यह है कि चार साल तक जिन्हें भाजपा सरकार की गलतियां नजर आती रहीं, एक रात में ऐसा क्या हुआ कि विजेंद्र सिंह ने पाला बदल लिया। विजेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे हैं और जब महिला पहलवानों ने भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आवाज उठाई तो उनके लिए इंसाफ की मांग विजेंद्र सिंह ने भी की। लेकिन अब भाजपा में जाने के बाद विजेंद्र सिंह का मानना है कि भारत के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान-सम्मान मोदी सरकार में आने के बाद मिला है। विजेंद्र सिंह सोकर उठते ही भाजपा में नहीं गए, बल्कि उनके विचार भी रातों-रात बदल गए। वैचारिक बदलाव का ऐसा ही उदाहरण गुरुवार को भी सामने आया, जब अर्थशास्त्र के प्रोफेसर गौरव वल्लभ ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए पार्टी की सदस्यता छोड़ी और कुछ घंटों में भाजपा के मुख्यालय जाकर भगवा गमछा गले में धारण कर लिया। विजेंद्र सिंह की तरह ही संसद में जाने की नाकाम कोशिश गौरव वल्लभ कर चुके हैं। एक नहीं दो बार दो राज्यों से कांग्रेस ने उन्हें मौके दिए, लेकिन वे सफल नहीं हुए। गौरव वल्लभ की कांग्रेस में रहते हुए एक बड़ी उपलब्धि यही रही कि एक ट्रिलियन में कितने शून्य होते हैं, इस सवाल पर उन्होंने भाजपा को बुरी तरह घेरा था। इस सवाल के कारण गौरव वल्लभ खूब सुर्खियों में आए और इसके बाद चौनलों की कई बहसों में उन्होंने कांग्रेस प्रवक्ता के तौर पर मजबूती से पक्ष रखा। कुछ वक्त पहले कांग्रेस छोड़ने वालों की पोल खोलते हुए उन्होंने कहा था कि जिन्हें लुटियन्स दिल्ली में बंगला और राज्यसभा की सदस्यता चाहिए वे कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाते हैं। उन्होंने तब भी राहुल गांधी के लिए कहा था कि श्री मोदी को राहुल गांधी ही चुनौती दे सकते हैं, उनसे सीधे सवाल कर सकते हैं। अब गौरव वल्लभ का कहना है कि उन्हें सनातन के विरोध में नारे लगाने वालों से आपत्ति है और साथ ही जिस तरह वेल्थ क्रिएटर्स यानी देश को समृद्ध करने वालों पर सवाल उठाए जा रहे हैं, वो भी उन्हें सही नहीं लगता।

गौरव वल्लभ के दिए इन कारणों को सुनकर साफ समझ आता है कि उन्हें जातिवार जनगणना और आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस की सोच से तकलीफ हो रही है। सवर्णों के दबदबे वाली मानसिकता अक्सर ऐसी तकलीफ की शिकायत करती है, क्योंकि उसके मुताबिक देश की पूंजी और अवसरों पर अधिकार जताने की आजादी निचले तबकों को नहीं है। कांग्रेस में पूर्व सांसद संजय निरूपम को भी तकलीफ हो रही थी और वे लगातार पार्टी के विरोध में बयान दे रहे थे। उन्हें कांग्रेस अध्यक्ष ने छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। मगर गुरुवार को उन्होंने जिस तल्खी के साथ अपनी बातें रखीं, उनसे समझ आता है कि वे भी जल्द ही एनडीए का हिस्सा बन सकते हैं। संजय निरूपम पहले शिवसेना में थे, बाद में कांग्रेस में गए और इस बीच पत्रकारिता करने के साथ-साथ वे बिग बॉस जैसे रियलटी शो का हिस्सा भी बने। 2014 और 2019 में कांग्रेस की टिकट पर उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ा और दोनों बार हार गए, लेकिन तीसरी बार वे उत्तर-पश्चिम मुंबई से अपने लिए टिकट चाहते थे, जबकि यहां महाविकास अगाड़ी में शामिल शिवसेना के नेता अमोल कीर्तिकर को टिकट मिली है।


**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# श्रीवास समाज के लोगों ने पूजा का किया स्वागत

- पूजा श्रीवास कानपुर एसआई पद पर हुईं नियुक्त
- माता-पिता सहित श्रीवास समाज का नाम किया रोशन



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पूजा श्रीवास बैच 2023 ,24 में एस आई पद प्राप्त कर अपने परिवार एवं धोबी समाज सहित गृह नगर महोबा के साथ-साथ पूरे जनपद का नाम रोशन किया है क्योंकि पूजा श्रीवास मध्यम परिवार से आती है

गौरतलब हो कि पूजा श्रीवास एस आई पद प्राप्त कर जैसे ही अपने गृह नगर महोबा डीएम बंगाल के पीछे वाली रास्ता पर गाड़ी से उतरी तो उनके स्वागत के लिए संत गाडगे सेवा समिति के अध्यक्ष सहित श्रीवास समाज के तमाम लोग ढोल नगाड़ों के साथ अपनी बेटी के स्वागत के लिए फूल माला लिए खड़े थे और जैसे ही बेटी पूजा श्रीवास गाड़ी से उतरी उसका भव्य स्वागत श्रीवास समाज के लोगों ने किया और निवास तक बेटी के कदमों पर श्रीवास समाज के लोगों एवं परिवार के सदस्यों ने बेटी के प्रथम बार महोबा पहुंचने पर फूल बिछाते हुए निवास तक स्वागत किया क्योंकि पूजा श्रीवास पुत्री दयाराम श्रीवास एक गरीब परिवार से आती है जिनकी मां श्रीमती किरण श्रीवास ने बड़ी मेहनत कर अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए सहायक एनम के पद पर रहते हुए दिन रात एक कर दिया जिससे कि उनके बच्चे आने वाले समय में अच्छी शिक्षा ग्रहण कर ऊंचाइयां छू सके क्योंकि किरण श्रीवास एक माध्यम परिवार से आती है जिनका गृह निवास महोबा ही है और उन्होंने अपने बच्चों के लिए पूरी तत्परता के साथ शिक्षा को सर्वप्रिय रखते हुए बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए कार्य किया है वही पूजा श्रीवास ने कहां की हमारी मां ने भाई बहनों को पढ़ने के लिए बहुत मेहनत की है आज जो भी हूं मैं केवल अपनी मां की बदौलत हूं वही पूजा श्रीवास ने बताया कि हमारे गुरु बृजेश कुमार दादा भाई जो किरा सागर में बच्चों को फ्री शिक्षा देते हैं उन्होंने भी मुझे बड़ा मार्गदर्शन दिया और उनकी शिक्षा के बल से आज आप सभी के बीच में मौजूद हूं वहीं पूजा श्रीवास का प्रथम बार अपने गृह निवास डीएम बंगाल के पीछे महोबा आने पर भव्य स्वागत देखकर बहुत प्रसन्न नजर आई वही स्वागत समारोह के दौरान श्रीवास समाज के जिला अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद श्रीवास ,सोखी लाल श्रीवास ,राजेश श्रीवास सभासद रायकोट, राजेंद्र शक्ति श्रीवास सभासद बंधन, रजनीश सिंह श्रम विभाग ,बृजेश श्रीवास, ख्यालीराम श्रीवास, जय हिंद श्रीवास, सुरजीत श्रीवास, बिहारी लाल गाडगे सहित श्रीवास समाज के लोगों ने पूजा श्रीवास को कानपुर एस आई पद पर नियुक्त होने पर बधाई देते हुए आशीर्वाद दिया

## महिला को मारपीट कर किया घायल

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** आलू उठा लाने के विवाद में महिला से मारपीट की, महिला इलाज को लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। घायल महिला ने जीभ काटने का आरोप लगाया। शुक्रवार को एम्बुलेंस से इलाज को सीएचसी पहुँची घायल रजनी पत्नी राजकुमार निवासी नगला भागा ने बताया कि बच्चों द्वारा आलू उठा लाने पर पड़ोसी आरोपी परिजन ने आकर मेरे साथ मारपीट कर दी और जीभ काट दी। हालांकि उपचार कर रहे चिकित्सक ने बताया घायल महिला के जीभ कटी नही है,मगर जख्म है। हाथ मे भी चोट है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने बताया कि महिला की पुत्री पड़ोस में रहने वाले परिजन के यहां से कुछ आलू उठा लाई थी, इसी बात को लेकर आरोपी ने महिला के साथ मारपीट का मामला संज्ञान में आया है।मारपीट के दौरान दांतो के बीच जीभ व होंठ दबने से जख्म आए है, मामले की जांच की जा रही है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी ने किया विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराए जाने के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी ने विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी नें इंग्लिश मीडियम गर्ल्स प्राइमरी स्कूल गुढ़ा, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सूपा, राजकीय इंटर कॉलेज चरखारी, प्राथमिक विद्यालय इमिलिया डांग में बने मतदेय स्थलों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण निष्पक्ष और पारदर्शिता से संपन्न कराने में कोई कसर न रहे। इस हेतु सभी केंद्रों पर संपूर्ण व्यवस्थाएं पूर्व से ही सुनिश्चित करा ली जाए। मतदेय स्थलों पर रोशनी/ प्रकाश एवं जनरेटरों की व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, शौचालय, कुर्सियां, पंखा, पीने का शुद्ध पानी एवं मेजों की व्यवस्था, रैंप की मरम्मत आदि की व्यवस्था मतदान के पूर्व दुरुस्त कर ली जाएं।उन्होंने मतदेय स्थलों में छोटी मोटी कमियां मिलने पर संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द कमियां दूर कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर धूप से बचाव के लिए टीन शेड की व्यवस्था की जाये।इस मौके पर एसडीएम चरखारी प्रदीप कुमार, डिप्टी कलेक्टर सविता राजपूत मौजूद रहें।

## खबरें एक नजर में

### चोरों ने किसान के घर चोरी करके उड़ाया लाखों का माल



**चरखारी ( महोबा), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली चरखारी के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सूपा में किसान के कृषि कार्य में लगे होने का फायदा उठाकर सूने घर में धावा बोलकर लाखों की चोरी की घटना को अंजाम देने की बात प्रकाश में आई है पीड़ित के अनुसार वह कृषि कार्य के लिए परिवार सहित खेतों में रहकर कृषि कार्य में लगा हुआ है घर को सूना पाकर चोरों ने चोरी को घटना को अंजाम दिया है। भुक्तभोगी के अनुसार दीवाल फांदकर घर में रखे हुए हजारों रुपए तथा सोने, चांदी के जेवरात ले उड़े हैं चोर, जनपद महोबा के अंतर्गत थाना चरखारी स्थित ग्राम सुपा के मजदूर किसान मूलचंद प्रजापति पुत्र राम प्रसाद प्रजापति अपने खेतों पर कृषि कार्य करता है तथा वहीं रहता है कल किसी कार्य बस मूलचंद प्रजापति अपने गांव के मकान आया तथा ताला खोलकर अपने घर में प्रवेश किया तब देखा कि अंदर कमरे पर लगा हुआ ताला टूटा पड़ा है और घर में रखी हुई गोदरेज अलमारी की खिड़कियां टूटी हुई हैं जिसमें अंदर रखा हुआ सारा सामान तितर वितर पड़ा हुआ था जब प्रार्थी ने सारा सामान देखा तो अलमारी में रखी हुई 20000 रुपए की नगदी और घर में रखे सोने चांदी के जेवरात लापता मिले जिसकी सूचना प्रार्थी ने पुलिस चौकी सूपा को दी और तब मौके पर पुलिस चौकी इंचार्ज ने मुआयना किया है तथा घटना को अंजाम देनें वालों का पता लगावाने का आश्वासन दिया है कि परंतु अभी तक चोर पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

### सपाइयों ने मनाई महर्षि कश्यप व राज गुहाय की जयंती

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** सपा कार्यालय पर ऋषि मुनियों में श्रेष्ठ महर्षि कश्यप एवं श्रृंगवेरपुर के राजा निषाद राज गुहाय की जयंती जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू की अध्यक्षता में मनाई गईं। प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा दोनों महापुरुषों का जीवन दर्शन मानवता के लिए प्रेरणादायक है, इस बार सपा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे जी को सांसद बनाकर हमसब श्रद्धेय नेता जी को सच्ची श्रद्धांजलि देंगे। जिला महासचिव वीरू भदोरिया ने कहा दोनों महापुरुषों को नमन करते हुए कहा आज हमसभी को ये प्रण लेना हैं की हमसब सर्व समाज को जोड़कर समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को भारी मतों से विजई बनाएंगे। इस अवसर पर उदयभान सिंह यादव, एसके दुबे, के के यादव, कोषाध्यक्ष ब्रजेन्द्र यादव, जिला प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी विक्की गुप्ता,सैनिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कमलेश यादव,राजेश यादव, जिला सचिव प्रवीन कुशवाहा, डा. संतोष राठौर, राजकुमार यादव, देवेंद्र यादव, दीपी सिंह, मालती यादव, सीमा पाल, राजीव यादव सभासद, वीं के यादव, राहुल टेलर, गिरेंद्र यादव, पवन सविता, सूरजमुखी,अरविन्द यादव, राहुल जाटव, सोनू सिंह, अभिषेक यादव एवं पार्टी के नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

### चोरों ने तीन घरों से जेवरात नकदी की पार

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** ग्राम पंचायत चंद्रपुरवा बुजुर्ग के मजरा इटरा में बीती रात अज्ञात चोरों ने तीन घरों में धावा बोलकर गृहस्वामियों को कमरे के अंदर बंद करके नगदी सहित लाखों रुपए की जेवरात पार कर फरार हो गए। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर जल्द खुलासे का आश्वासन दिया है। बीती रात इटरा गांव निवासी सत्यकुमार अनुरागी, राजेश कुमार प्रजापति, सूरज अनुरागी के घरों में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर नगदी एवं जेवरात चोरी कर लिए चोरी के पूर्व चोरों ने कमरों में सो रहे गृहस्वामियों को बाहर से कुंडी लगाकर बंद कर दिया और आराम से चोरी करके फरार हो गए। सुबह पीड़ितों ने घटना से पुलिस को अवगत कराया। सूचना पाकर फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज राहुल मिश्रा गांव पहुंचे और मौका मुआयना करके जल्द खुलासे का आश्वासन ग्रामीणों को दिया है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि सर्वाधिक नुकसान सत्य कुमार एवं राजेश कुमार प्रजापति का हुआ है। सूरज के यहां से चोर कुछ नहीं ले जा सके हैं।

### भारी मात्रा में असलहे व उपकरण के साथ एक गिरफ्तार



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** पड़ोसी जनपद निवासी द्वारा थाना क्षेत्र में काफी समय से अवैध असलहे बनाने का काम किया जा रहा था जिसे पुलिस ने भारी संख्या में नाजायज बने अधबने असलहों और असलहे बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया है।पकड़ा गया आरोपी इन असलहों को मध्यप्रदेश और आसपास के जनपदों में सप्लाई करने का काम करता था। सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम भुलसी के बाहर नदी के निकट खेतों में एक संदिग्ध व्यक्ति द्वारा काफी समय से रात में आग जलाकर लोहा काटने और पीटने का काम किया जा रहा था जबकि दिन में वहां पर सिर्फ राख के अलावा कुछ नहीं मिलता था उक्त संदिग्ध व्यक्ति के काम पर नजर रखने के लिए पुलिस ने अपने सूत्र लगा दिए जिसके बाद पुलिस ने नाजायज तमंचे बनाते हुए पड़ोसी जनपद महोबा निवासी नंदराम पुत्र राजाराम को काफी संख्या में बने अधबने नाजायज तमंचों और तमंचा बनाने के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध महोबा सहित अन्य थानों पर दर्जनो मुकदमे दर्ज हैं। लोकसभा चुनावों के ऐन पहले पुलिस और एस.ओ.जी.की संयुक्त छापेमारी से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता की बात भी कही जा रही है।

# महंगाई के चलते लोग सब्जियों का नहीं ले पा रहे जायका

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

गर्मी शुरू होते ही - हरी सब्जियों के दाम आसमान पर पहुंचने लगे हैं। हालात यह हैं कि लौकी, तोरई, टमाटर, प्याज, लहसुन समेत सभी सब्जियों के दाम तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। सब्जियों के दाम बढ़ने से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की पहुंच से हरी सब्जियां बाहर होती जा रहीं हैं।

बाजार में स्थिति यह है कि सब्जी की आवक कम होने से प्याज, टमाटर, भिंडी और शिमला मिर्च की कीमतों में 10 से 20 रुपये र तक की उछाल आ गया है। आलू वे के दाम भी बढ़ गए हैं तो टमाटर र भी और सुर्ख हो गया है, जिससे आम लोगों पर सब्जी खरीदने का बोझ बढ़ गया है। सब्जी विक्रेता आने वाले दिनों में और अधिक भाव बढ़ने की बात कह रहे हैं। आलू की जो कम पैदावार होने और कोल्ड में पहुंच जाने से आलू बाजार में कम वे मात्रा में पहुंचा तो आलू के दाम भी 20 से 25 रुपये प्रतिकिलो पहुंच ने गए हैं। बढ़े दामों से आमजन परेशान हैं।

सब्जी विक्रेता सुदीप कुशवाह का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली सब्जी कम मात्रा में आ रही है। थोक बाजार में सब्जी की आवक कम हो गई है। इससे सब्जियों के दाम में तेजी आई है। गहणियों का कहना है कि सब्जियों के दाम बढ़ने से रसोई का बजट बिगड़ गया है। म्मेंदिरों को महंगाई कम करने के उपयों के बारे में सोचना चाहिए।

# साफ-सफाई एण्टी लार्वा छिड़काव व फॉगिंग के माध्यम से किया संतृप्त

- नगर पालिका परिषद महोबा द्वारा संचारी रोगों के चलते नगर के वार्डों में कराया एंटीलार्वा छिड़काव व फॉगिंग

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



शासन के निर्देशानुसार नगर में चलाये जा रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण पाने के लिए प्रतिदिन नगर के वार्डों में उनके क्रमानुसार साफ-सफाई एण्टी लार्वा छिड़काव एवं फॉगिंग के माध्यम से संतृप्त किया जा रहा है।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए अवधेश कुमार, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार नगर में एक अप्रैल से विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण पाने के लिए नगर के वार्डों में साफ-सफाई, एण्टी लार्वा छिड़काव एवं फॉगिंग करायी जा रही है। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नगर के समस्त वार्डो में वार्ड के क्रमानुसार व तिथिवार प्रतिदिन अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह अभियान 01 अप्रैल, 2024 से प्रारम्भ हो चुका है और 30 अप्रैल, 2024 तक चलाया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी ने बताया कि सुबह के समय वार्ड में रास्ताओं, गलियों, नालियों की साफ-सफाई, दोपहर के समय एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा शाम के समय सम्बन्धित वार्ड में फॉगिंग का कार्य नियमित रूप से कराया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि इस अभियान में लगाये गये कर्मचारियों को समुचित सुरक्षा उपकरण यथा जैकेट ग्लब्ज, मॉस्क आदि उपलब्ध कराये गये हैं। साथ ही निकाय के प्रभारी सफाई रामसेवक एवं भूपेन्द्र कुमार द्वारा अभियान के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों का नियमित पर्यवेक्षण कराया जा रहा है।

गौरतलब है कि अभियान प्रारम्भ होने से पूर्व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, अधिशासी अधिकारी, प्रभारी सफाई सफाईनायकों एवं प्रभारी सफाईनायकों की बैठक आहूत कर आवश्यक दिशा निर्देशों से सभी को भली-भाँति अवगत करा दिया गया है। सम्बन्धित वार्डों के सफाई कर्मचारी अभियान में लगे हुए हैं।

# शिरडी सांई बाबा स्कूल में छात्र को दैनिक उपयोग में आने वाले कपड़ों का वितरण

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज।**



शिरडी साई बाबा स्कूल निस्वारा में आज स्टूडेंट्स के लिए दैनिक उपयोग में आने बाले कपड़े लोवर हाफ शर्ट, टी शर्ट लड़कियों के लिए हाफ स्काउट आदि का वितरण किया गया गौरतलब हो कि स्कूल संस्थापक अध्यक्ष डॉ मोतीलाल गुप्ता व वरिष्ठ उप संस्थापक संदीप गुप्ता के कुशल निर्देशन में साईंधाम के स्टूडेंट्स को घरेलू कपड़े वितरण किये गए स्कूल इंचार्ज उपेन्द्र द्विवेदी ने अवगत कराते हुए कहा कि यहाँ पर निशुल्क किताबे कॉपी ड्रेस सब कुछ स्टूडेंट्स को प्रदान किया जाता है एवम तकनीकी ज्ञान भी दिया जाता है कंप्यूटर शिक्षा भी फ्री दी जाती है तथा कुछ महिलाओं एवम बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने हेतु निशुल्क सिलाई प्रक्षिक्षण व सौंदर्य प्रसाधन का कोर्स भी कराया जाता है उल्लेखनीय हो कि ग्रामीण क्षेत्र में बना यह स्कूल किसी कान्वेंट स्कूल से कम नही है यहाँ से हर वर्ष स्टूडेंट्स नवोदय विद्यालय की परीक्षा भी पास करते हैं आज यह स्कूल इंटर कॉलेज तक हो गया है यहाँ उच्च गुवत्ता पूर्ण शिक्षा दी जाती है यह हिंदी माध्यम का स्कूल है बाबजूद इसके यहा कक्षा1का स्टूडेंट्स फर्राटे दार इंग्लिश बोलता है जहाँ एक ओर कान्वेंट स्कूल में महंगी फीस भर पाने में अक्षम अभिवावोको के लिए यह वरदान साबित होता हुआ उनके निर्धन परिवारों के सपने पूर्ण कर रहा हवा दार कमरे विधुत जेनरेटर आदि की उत्तम व्यवस्था खेलकूद के लिए विशाल मैदान आदि की व्यवस्था सुंदर गुलाबो एवम अनार के बाग से युक्त रमणीक पार्क साई मंदिर से सुसज्जित वातावरणस्कूल इंचार्ज उपेन्द्र द्विवेदी ने अवगत कराया है कि सीमित स्थान होने के चलते अभिवावक ध्यान दे और निशुल्क शिक्षा का लाभ उठाएं।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी खरेला वाईपास सड़क

- मानक के विपरीत हो रहा सड़क निर्माण कार्य

**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज।**



चरखारी तहसील के नगर-पंचायत खरेला कस्बे का है जहां ठेकेदार की मनमानी से नवनिर्मित सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। नगरवासियो ने बताया की ठेकेदार द्वारा मानक के विपरीत सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। बता दें कि कस्बा खरेला बाईपास नहर से पी डब्लू डी द्वारा लगभग 02 किमी लंबी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। नगरवासियों ने बताया की ठेकेदार अपनी मनमानी से मानक के विपरीत सड़क निर्माण कार्य करवा रहा है। पुरानी सड़क की साफ सफाई बेस्ट मैटेरियल के ऊपर ही सूखी डस्ट बिना पानी छिड़काव, रोड रोलर के बगैर बिना डामर के छिड़काव के बिना डामरीकरण मानक विहीन दुबारा नई सड़क डाली जा रही है। इस संबंध में नगरवासियों ने जेई को फोन पर जानकारी देकर मानक के अनुरूप सड़क का निर्माण कराए जाने की मांग की जिसके बावजूद भी ठेकेदार द्वारा मानक विहीन सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है।

सड़क निर्माण में पर्याप्त मात्रा में ना तो गिट्टी ना ही डामर डाला जा रह है और ना ही डामर का छिड़काव किया जा रहा है जिससे कुछ ही दिनों बाद सड़क गड्ढों में तब्दील हो जायेगी। नगरवासियों का मीडिया एवं पत्रकारो के माध्यम से कहना है, कि प्रशासन मामले की जांच करते हुए ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही करके और मानक के अनुसार सड़क का निर्माण करवाए जाने की मांग की गई है।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भण्डाफोड़, एक शातिर गिरफ्तार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



महोबा में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शांतिपूर्ण, भयमुक्त माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद में अपराधियों के विरुद्ध जीरो टालरेंस की नीति के तहत की जा रही ताबडतोड़ कार्यवाही के क्रम में एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। जब थाना कबरई क्षेत्र अन्तर्गत में अवैध रुप से संचालित शस्त्र फैक्ट्री की सूचना पर दबिश दी गयी, दबिश के दौरान स्थानीय पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर एक नफर शातिर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त बेटू उर्फ बृजेश पुत्र मन्नूलाल उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम मकरबई चौकीदार का खोड़ा थाना कबरई जिला महोबा को रामपाल पहलवान की बगिया वहद ग्राम पहरा थाना कबरई जनपद महोबा के पास से अवैध शस्त्रों का निर्माण करते हुए अवैध शस्त्र फैक्ट्री के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना कबरई में मु.अ.सं. 100/2024 धारा 5/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया व अभियुक्त को नियमानुसार कार्यवाही के उपरान्त मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी है जिसके विरुद्ध थाना कबरई में लूट, गुण्डा एक्ट एवं अवैध शस्त्र फैक्ट्री बरामदगी के सम्बन्ध में विभिन्न अभियोग पंजीकृत हैं, अभियुक्त की गिरफ्तारी से चुनाव के दौरान क्षेत्र में अवैध असलहों के प्रयोग में प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि लोकसभा चुनाव का समय नजदीक आने के कारण तमंचे की काफी मांग है जिस कारण दिन व रात में इस सूनसान स्थान में अवैध शस्त्र फैक्ट्री के माध्यम से अवैध शस्त्रों का निर्माण करता हूं। चुनाव के दौरान मोटी रकम कमाने व क्षेत्र में भय व्याप्त करने का प्रमुख उद्देश्य था।





### सपा कार्यालय में मनी निषाद राज की जयंती

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष इदरीश खान की अध्यक्षता में निषाद राज गुह की जयंती धूमधाम के साथ मनाकर उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला गया। सपा कार्यालय मे आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने भगवान श्रीराम के वनवास काल में मित्रता की जो मिशाल पेश की वह दूसरी नहीं मिलती है। प्रदेश सचिव मुन्नीलाल निषाद ने कहा कि निषाद राज गुह समाज के लिए आदर्श हैं। हमें उनके बताये मार्गों पर चलने की जरूरत है। समारोह को कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु सैनी, सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर शिवहरे, शिवशरण यादव आदि ने भी संबोधित करके विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर ओम प्रकाश सोनकर वारसी, जगमोहन यादव, विवेक यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कार्यकर्ता क्षेत्र में जाकर कमल खिलाने का प्रयास करें : डॉ. रामशंकर

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



**इटावा।** लोकसभा क्षेत्र के इटावा सदर विधानसभा संयोजक विमल भदोरिया द्वारा बढ़पुरा विकासखंड के ब्लॉक कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रत्याशी सांसद रामशंकर कठेरिया ने गर्म जोशी के साथ हजारों की संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उनसे पूरी तन मेहता के साथ जुड़कर पूरे क्षेत्र में कमल खिलाने की अपील की तो वहीं उन्होंने विपक्षी पार्टियों पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि विपक्षी एकता केवल दिखावा है, और इनमें कोई भी नेता क्षमता के योग्य नहीं है। यह चुनाव भारतीय संस्कृति सभ्यता संस्कार और देश की सुरक्षा रक्षा का चुनाव है, कोई पंचायत अथवा प्रदेश का चुनाव नहीं है, आपका वोट देश को विश्व गुरु बनने का रास्ता साफ करेगा तो विदेशी ताकतों से सीमाओं की रक्षा के लिए कार्य करेगा देश को विकास के पद पर ले जाने का रास्ता आपके मत के माध्यम से दिल्ली तक जाता है। आपकी छोटी सी भूल से बहुत कुछ बिगड़ सकता है। अतः आप सभी लोग अपनी पूर्ण क्षमता के साथ क्षेत्र में जाकर कमल खिलाने का प्रयास करें।

उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि आपकी हर समस्या के समाधान के लिए मैं विमल भदोरिया के साथ आपके सामने खड़ा मिलूंगा देश को विकास की गति में लाने और विकास की इस आंधी में आपकी सहभागिता एक आवश्यक कदम है। इस राष्ट्रवाद के चुनाव में अपने मतों की आहुति देकर भाजपा के 400 पार के नारे को सार्थक करने को बेताब है। कार्यकर्ता सम्मेलन के संयोजक विमल भदोरिया ने कहा यह चुनाव सामान्य चुनाव नहीं है, यह चुनाव देश की सभ्यता संस्कृति और सुरक्षा के लिए चुनाव है। गरीब कल्याण की योजनाएं भाजपा ने जिस तरह से चलाई है, वो यही वजह है, कि ऐसा कोई भी घर बाकी नहीं है, जहां भाजपा की योजना का प्रभाव पर लक्षित न होता हो। इससे पूर्व भाजपा प्रत्याशी डॉ कठेरिया का विमल भदौरिया ने सैकड़ो साथियों के बैंड बाजे की ध्वनि में उनकी अगवानी की और भारी भरकम गुलाब की माला मंडल अध्यक्ष ने पदाधिकारियों के साथ पहना कर स्वागत किया, तो वहीं ब्लॉक प्रमुख गणेश राजपूत ने उन्हें भगवान राम की मूर्ति प्रदान की।

सांसद कठेरिया ने भूतपूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारियों तथा क्षेत्र के व्योबृद्ध जनों का माला पहनाकर सम्मान किया इस अवसर पर विधान सभा सदर के नुक्कड़ सभा सयोजक नवल शुक्ला, संजय भदौरिया, दिनेश भदौरिया, राहुल राजपूत, ताखा, इकदिल मंडल अध्यक्ष पूर्व मंडल अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा मुन्नेश बघेल सहित दर्जनों प्रधान व बीडीसी मेंबर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# नमाज में मांगी गई मुल्क की शांति और उन्नति की दुआएं

- अलविदा की नमाज़ को लेकर पुलिस रही मुस्तैद, ड्रोन कैमरे से की निगरानी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



रमजान के अंतिम शुक्रवार यानी अलविदा जुमा की नमाज़ कस्बे की लगभग दो दर्जन मस्जिदों में अदा की गई जिसमें मुल्क में भाईचारे और शांति उन्नति की दुआएं मांगी गई।अलविदा की नमाज़ को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर रही और ड्रोन कैमरों से कस्बे की निगरानी की गई।

मुस्लिम समुदाय का सबसे पवित्र महीना रमजान अपने अंतिम दौर में है और पांच अप्रैल को रमजान के अंतिम शुक्रवार यानी अलविदा जुमा की नमाज़ कस्बे की लगभग दो दर्जन मस्जिदों में अदा की गई।जिसमें मुल्क के अमन चैन और शांति उन्नति की दुआएं मांगी गई।अलविदा की नमाज़ को लेकर पूरे कस्बे में पुलिस अलर्ट मोड पर रही।और कस्बे की मुख्य मस्जिदों के बाहर पुलिस बल लगाया गया था जबकि नमाज़ शुरू होने के पहले अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम और क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी ने अर्धसैनिक बलों के साथ कस्बे की मुख्य सड़कों पर फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया जबकि पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा कोतवाली में बैठकर कस्बे की मानीटरिंग करती रहीं।

अलविदा जुमा के साथ ही ईद करीब होने के कारण कस्बे की चौकसी भी बढ़ा दी गई है क्योंकि इस दौरान कस्बे की बाजारों में भीड़ उमड़ रही है।

# डीएम ने गर्म हवा व लू से बचाव के दिए टिप्स, सतर्क रहने की अपील

**इस वर्ष बढ़ेगा पारा, हीट वेब से बचाव को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवाइजरी जारी**

**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने बताया है कि मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार इस वर्ष गर्मी ज्यादा पड़ेगी तथा जलवायु परिवर्तन का असर मौसम पर सीधे देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में मौसम का तापमान विगत वर्ष की अपेक्षा सामान्य तापमान से 3-4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहने का अनुमान है तथा पूर्वानुमान है कि इस वर्ष पिछले साल की अपेक्षा अधिक गर्मी पड़ेगी तथा हीटवेव्स चलने की संभावना है।

ऐसे में यह आवश्यक हो गया है कि जनसामान्य आने वाले दिनों में संभावित हीट वेब (लू) से बचाव को लेकर अभी से सतर्क हो जाये तथा लू से बचाव के उपायों को जान सकें एवं अपना व समुदाय का बचाव कर सकें। जिलाधिकारी सिंह ने बताया कि जन सामान्य को लू के प्रकोप से बचाने को लेकर उनके निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राजस्व, स्वास्थ्य विभाग, पंचायतीराज, पूर्ति विभाग, नगर निकायों, पशुपालन, पुलिस, कृषि, अग्नि शमन, सिंचाई सहित अन्य विभागों के सहयोग कार्ययोजना तैयार की गई है। जिलाधिकारी ने गर्म हवा/लू से बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि गर्मी हवाओं से बचने के लिए खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एलुमिनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढककर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर, जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आतीं हैं, काले परदे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सजग रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। बच्चों तथा पालतू जानवरों को कभी भी बन्द वाहन में अकेला न छोड़ें। जहां तक सम्भव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के ताप से बचें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें। संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। मादक पेय पदार्थों का सेवन न करें। घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखें।

उन्होंने बचाव के बारे में बताया कि धूप में खड़े वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़ें। खाना बनाते समय घर के खिड़की दरवाजे आदि खुले रखें जिससे हवा का आना जाना बना रहे। नशीले पदार्थों, शराब अथवा अल्कोहल से बचें। उच्च प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें तथा बासी भोजन कतई न इस्तेमाल करें इसके साथ ही संतुलित व हल्का आहार लें। दोपहर के समय यदि बहुत आवश्यक हो तभी घर से धूप में बाहर निकलें अन्यथा धूप में जाने से बचें और यदि जाना ही पड़े तो सिर को जरूर ढकें। घर में पेय पदार्थ जैसे लस्सी, छांछ, मट्ठा, बेल का शर्बत, नमक चीनी का घोल, नीबू पानी या आम का पना इत्यादि का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि लू व गर्म हवा से बचाव के लिए विभिन्न उपायों को अपनाना चाहिए।

## निर्वाचन के दृष्टिगत कोषागार के कार्यों का लिया जायजा

**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**



शुक्रवार को जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने जिला कोषागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्टाम्प, टिकट, अष्ट धातु की मूर्तियों, बीमा, पेशन्स को दी जा रहीं सुविधाओं एवं उनके साथ कोषागार कर्मियों का व्यवहार, विभिन्न बिलों के भुगतान की स्थिति सहित अन्य अभिलेखों का गहन अवलोकन किया।

इसके अलावा जिलाधिकारी ने लोक सभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत कोषागार के दायित्वों, गठित की गई विभिन्न व्यय अनुवीक्षण टीमों के कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कोषागार के अधिकारियो-कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कोषागार जिला प्रशासन का प्रमुख अंग है। जनपद के विकास एवं तमाम क्रिया-कलापों का संचालन कोषागार के माध्यम से हो पाता है। इसलिए यह सुनिश्चित किया जाय कि कोषागार स्तर पर कोई भी कार्यवाही लम्बित न रहे तथा अभिलेखों का रख रखाव बेहद व्यवस्थित ढंग से किया जाय। उन्होंने कहा कि कोषागार से वृद्धजनों एवं पेन्शनर्स को पेंशन का भुगतान किया जाता है। कोषागार में आने वाले हर वृद्धजन अथवा पेन्शनर से सौहार्दपूर्ण एवं सहयोग प्रदान करने वाला व्यवहार किया जाय। यह भी निर्देश दिए कि विभिन्न विभागों से आने वाले बिलों का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित कराने के साथ ही पारदर्शिता के साथ काम किया जाय। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ कोषाधिकारी अशोक यादव सहित कोषागार के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वृद्ध की राप्ती नदी के डूबने की आशंका

**उतरौला,बलरामपुर।** 90 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति की राप्ती नदी में स्नान करते समय गहरे पानी में चले जाने से डूबकर मौत हो जानें की आशंका जताई जा रही है। विकास खण्ड उतरौला अन्तर्गत ग्राम पंचायत महुआ धनी के 90 वर्षीय मोहम्मद उमर अपने खेतों में काम करने गए थे शाम होते नदी में नहाने लगे, नहाते समय लोगो ने देखा किंतु वह कब निकले, या नहीं निकले किसी को पता नहीं, मोहम्मद उमर की पोती शाइस्ता खातून ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम लगभग तीन बजे घर से निकल कर खेत में लगे मिर्ची के पौधे को देखने गए थे, शाम को नहाते हुए लोगो ने देखा नदी के किनारे चप्पल, तहमद और गमछा मिला जो मोहम्मद उमर का ही है ख़बर लिखे जाने तक तलाश जारी है अभी तक लाश नही मिली है।

## सड़क पर पानी भरा होने से बच्चों का आवागमन बाधित

**उतरौला बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

उबड़-खाबड़ सड़कें, जगह जगह सड़कों पर बह रही नाली की पानी भरा रहने से तकनीकी शिक्षा के लैब का करोड़ों रुपए की मशीन गोण्डा के पालिटेक्निक स्कूल में पड़ी है। तकनीकी प्रशिक्षण के लिए मशीन राजकीय पालीटेक्निक महुवाधनी में न होने से छात्रों को आकर तकनीकी लाइन प्रशिक्षण दे रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन ने महुवाधनी गांव के अन्दर पक्की सड़क बनाए, जाने की मांग जिलाधिकारी समेत तमाम अधिकारियों से की लेकिन सड़कें कच्ची व संकरी होकर टूटे खड़ंजा का रास्ता आज भी बदहाल है। शासन के निर्देश पर छत्रपति साहू जी महराज राजकीय पालीटेक्निक महुवाधनी के निर्माण के बाद बीते

**▸ उबड़-खाबड़ सड़कों व जगह जगह गन्दे पानी को पार करके किसी तरह विधालय में आते हैं**

एक नवंबर से इस विद्यालय में शिक्षण कार्य शुरू हो गया। इस विधालय में साढ़े चार सौ छात्र छात्राएं दूर दराज जिलों से आकर तकनीकी शिक्षा ग्रहण करती है। इस विधालय में साढ़े चार सौ छात्रों के सापेक्ष 150 छात्रों का आवास हास्टल बना हुआ है। शेष तीन सौ छात्रों के लिए कोई हास्टल नहीं बना है। मजबूरन छात्र गांव की उबड़-खाबड़ सड़कों व जगह जगह गन्दे पानी को पार करके किसी तरह विधालय में आते हैं। विधालय में जाने के लिए सड़कें काफी खराब होने से विधालय के छात्रों को तकनीकी प्रशिक्षण के लिए मशीनें विधालय पर नहीं आ सकी है। प्रधानाचार्य र ईश अहमद ने बताया कि छात्रों को तकनीकी प्रशिक्षण के लिए, शासन ने मशीने भेज दी है लेकिन विधालय तक जाने के लिए सड़क काफी खराब होने से राजकीय पालीटेक्निक गोण्डा में सभी मशीनों को सुरक्षित रखवा दिया गया है। विगत वर्ष जिलाधिकारी ने राजकीय पालीटेक्निक महुवाधनी का स्थलीय निरीक्षण किया था और उनसे मशीनों को गोण्डा से लाने के लिए पक्की सड़क निर्माण की मांग की गई थी। उसके बाद भी सड़कों का निर्माण नहीं हुआ।

सबसे अधिक भयावह स्थिति बरसात के दिनों में होगी जब पानी भर जाने से कच्चे रास्ते पर छात्रों का चलना दूभर हो जाएगा।

## एडीएम-एएसपी ने पैदल मार्च कर कराया सुरक्षा का अहसास

**कालपी,जालौन। समृद्धि न्यूज**

शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी संजय कुमार तथा अपर पुलिस अधीक्षक चौधरी के नेतृत्व में उच्च अधिकारियों तथा पुलिस के जवानो के द्वारा धर्म स्थलों के आसपास तथा सार्वजनिक स्थानों में पैदल मार्च कर सुरक्षा का अहसास कराया गया। नगर के भीड़भाड़ वाले फुल पावर चौराहे में उप जिलाधिकारी हेमंत पटेल तथा सीओ डॉ. देवेंद्र कुमार कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद, एडिशनल इंस्पेक्टर क्राइम मोहम्मद अशरफ, वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश सिंह, उप निरीक्षक राजेश कुमार, टरनंनगंज चौकी इंचार्ज अभिलाख सिंह नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला के साथ एडीएम, एएसपी के द्वारा फुट मार्च चलाया गया। इस दौरान नगर के प्रमुख मार्गो तथा सार्वजनिक स्थानों में संवाद स्थापित कर जनता को सुरक्षा का अहसास कराया। अलविदा जुमा, ईद मुबारक तथा चैत्र मास की नवरात्रि को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस प्रशासन के द्वारा गस्त में गतिशीलता लाई जा रही है।

**जुमा अलविदा को लेकर प्रशासनिक अधिकारी रहे चौकन्ना**



**कालपी।** शुक्रवार को रमजान माह के अंतिम जुमे की नमाज अता की गई। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। विदित हो कि धर्म विशेष का पवित्र रमजान माह चल रहा है जो अब अंतिम चरण में है जिसमें मुस्लिम धर्मालंबी रोजा रख अल्लाह की इवादत करते हैं। शुक्रवार को इस माह का अंतिम जुमा था। इस दौरान नगर स्थित खानकाह, बड़ी मस्जिद दमदमा, शाही जामा मस्जिद, मुड़िया गुम्बद, रावगंज स्थित मखदूम शाह मस्जिद सहित अन्य कई मस्जिदों में नमाजियों की बड़ी संख्या मौजूद रही। इस दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी, एसडीएम हेमन्त पटेल, सीओ डा. देवेन्द्र पचौरी की अगुआई में बडी संख्या में पुलिस तथा पीएसी बल मौजूद रहा।

## आग से खाक हुआ किसान का नलकूप घर व कटी फसल

**कालपी (जालौन)।** गर्मी की शुरुआत के साथ आग का तांडव शुरू हो गया है। शुक्रवार को पारसन में लगी आग से किसान का घर और नलकूप खाक हो गया है। कदौरा ब्लाक स्थित पारसन गांव निवासी गिरजाशंकर सिंह उर्फ संजय सिंह पुत्र रामबाबू सिंह का गांव के पास ही नलकूप और घर बना हुआ है लेकिन शुक्रवार सुबह नलकूप में हुए शार्ट सर्किट से आग लग गयी थी और किसान जब तक समझ पाता तब तक आग ने किसान के मकान और कटी पड़ी सरसों की फसल को भी चपेट में ले लिया था कालपी स्थित अग्नि शमन केन्द्र के प्रभारी महेन्द्र वाजपेई के अनुसार सूचना मिल ही अग्नि शमन दल मौके पर पहुंच गया था और आग को आगे वढने से रोक दिया था।

## खबरें एक नजर में

### वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**उतरौला,बलरामपुर।** शुक्रवार को थाना कोतवाली उतरौला पर पंजीकृत मु0अ0स0 61/2024 धारा 363/354 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी/तलाश हेतु उनि स्वतंत्र कुमार गुप्ता मय टीम के द्वारा अभियुक्त गण साहिल पुत्र पप्पू नि. मो. रफीनगर थाना को. उतरौला जनपद बलरामपुर कमरूद्दीन पुत्र शरीफ निवासी मो. पटेल नगर थाना को. उतरौला जनपद बलरामपुर राजू पुत्र फिरदौस निवासी मोहल्ला रफीनगर थाना को. उतरौला जनपद बलरामपुर को ग्राम सेखुईया से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय रवाना किया गया।

### मुल्क में अमन चैन की दुआ संग हुई अलविदा की नमाज़

**चोपन/सोनभद्र।** स्थानीय नगर के जामा मस्जिद में शुक्रवार को रमजान माह के अलविदा जुम्मा पर नमाजियों से जामा मस्जिद खचाखच भरी रहीं। रमजान के महीने के दिनों में जुम्मा (शुक्रवार) का अपना अलग महत्व देखते हुये सुबह से ही बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक नमाज पढ़ने की तैयारियों में जुट गये। दोपहर बाद जामा मस्जिद में अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की गयी। नमाज पढ़ने से पहले जामा मस्जिद के पेश ईमाम सद्दाम हुसैन कादरी ने मस्जिद में तकरीरों में रमजान के पवित्र महीने की अहमियत बताई गई।

### शौचालय के गंदे पानी की बदबू से लोग परेशान

**जालौन (उरई)।** घर के सामने बह रहे शौचालय के गंदे पानी की बदबू से परिवार परेशान हैं। पीड़ित की शिकायत के बाद भी नगर पालिका परिषद ने कोई कार्रवाई नहीं की उल्टा पीड़ित को ही धमकी दे डाली। पीड़ित ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के फर्द्दनवीस निवासी महिला किरन ने बताया कि उनके सामने रामू का घर है। उनके शौचालय का पानी उसके घर के सामने आता है। इसके बाद उन्होंने नाली में जाली भी लगा दी। अब जाली बंद होने के कारण गंदा पानी उनके घर के आ जाता है। शौचालय का गंदा पानी घर में आने के कारण गंदगी और बदबू फैलती है। महिला का आरोप है उन्होंने इसकी शिकायत एसडीएम से की थी। एसडीएम ने मामले के निस्तारण का निर्देश नगर पालिका को दिया था।

### हारजीत की बाजी लगाते पांच जुआड़ी पुलिस ने पकड़े

**जालौन (उरई)।** कोतवाली पुलिस ने हार-जीत की बाजी लगा रहे पांच लोगों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने 22 हजार 500 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली प्रभारी विमलेश कुमार को सूचना मिली कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शेखपुर खुर्द में निर्माणाधीन सरकारी ट्यूबवेल के पास कुछ लोग हार जीत की बाजी लगा रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर एसआई सत्यदेव सिंह ने हमराही इमरान, दीपक, राजकमल, अजीत सिंह व कुवंरपाल के साथ मौके पर पहुंच गए। इस दौरान पुलिस ने मौके से हार जीत की बाजी लगा रहे कृष्ण बिहारी उर्फ कृष्ण कुमार नया राजेंद्र नगर उरई, रामलखन व सुनील निवासी सिहारी दाउदपुर को पकड़ लिया।

## सी विजिल एप पर दर्ज शिकायत पर होगी कार्रवाई

**उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज**



जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि जनपद में आदर्श आचार संहिता दिनांक 16 मार्च से प्रभावी है। जनपद में 26 अप्रैल से नामांकन और पंचम चरण में 20 मई को मतदान तथा 4 जून को मतगणना का कार्य सुनिश्चित है।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत स्वतंत्र, निष्पक्ष, सकुशल चुनाव संपन्न कराने तथा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी शिकायतों के निस्तारण हेतु सी- विजील एप विकसित किया गया है। सी- विजील एप के माध्यम से आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकते हैं। यह ऐप एंड्राइड यूजर के लिए गूगल प्ले स्टोर पर तथा एप्पल यूजर के लिए एप्पल स्टोर दोनो प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। ऐप को इंस्टॉल करने पर कैमरा, लोकेशन तथा ऑडियो और फाइल्स एक्सेस करने की अनुमति मांगी जाती है, एवं इसके बाद भाषा चुनने का विकल्प मिलता है। इसके बाद आपको फोन नंबर लिखना होगा जिस पर एक ओटीपी प्राप्त होगा।

## धूमधाम से मनायी गयी रामजानकी मंदिर में मां कर्माबाई जयंती

**जालौन (उरई)।** कोंच चौराहा स्थित रामजानकी मंदिर में मां कर्माबाई जयंती धूमधाम से मनाई गई। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नगर के कोंच चौराहा स्थित रामजानकी मंदिर पर भक्त शिरोमणि मां कर्माबाई जयंती धूमधाम से मनाई गई। सबसे पहले समाज के लोगों ने मंदिर में एकत्र होकर धार्मिक अनुष्ठान, पूजन-अर्चना की। इसके बाद आयोजित कार्यक्रम में साहू समाज के जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण साहू ने कहा कि करीब एक हजार वर्ष पूर्व विक्रम संवत 1073 ई. में मां कर्माबाई का जन्म चौत्र मास कृष्ण पक्ष की एकादशी को झांसी के तेल व्यापारी रामसहाय के यहां हुआ था। वह समाज सुधारक, धर्मात्मा, परोपकारी थे।

## एसटीएफ की छापेमारी में तीन हजार लीटर डीजल- पेट्रोल बरामद

**▸ अवैध कारोबार में संलिप्त सपा नेता सहित पांच गिरफ्तार**

**कालपी,जालौन। समृद्धि न्यूज**

गुरुवार देरशाम एसटीएफ की छापेमारी में हाईवे पर डीजल, पेट्रोल के अवैध कारोबार का खुलासा हुआ है। यहां से तीन हजार लीटर से अधिक डीजल और पेट्रोल के साथ पेट्रोलियम कम्पनी की डीजल भरी गाड़ी भी बरामद हुई है। टीम ने इस मामले में सपा नेता सहित 5 लोगों को गिरफ्तार भी किया है।

विदित हो कि पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान के ढावा के सामने काफी समय से नगर के मुहल्ला भट्ठीपुरा निवासी तथा पूर्व सभासद रफाकत अली उर्फ लाला की कबाड़ की दुकान संचालित है जहां पर लोहा आदि



सामान के साथ डीजल पेट्रोल की खरीद और बिक्री भी की जाती थी और यह कारोबार खुलेआम बर्षो से चल रहा था लेकिन जिम्मेदारों की नजर इस कबाड की दुकान की तरफ नही गयी। लेकिन गुरुवार शाम एसटीएफ कानपुर यूनिट के सब इंस्पेक्टर राहुल परमार की टीम ने वहा पर छापेमारी की तो वहां पर डीजल और पेट्रोल के अवैध कारोबार की भी पुष्टि हुई है। शुक्रवार को सीओ डा. देवेन्द्र पचौरी और कोतवाली प्रभारी कामता प्रसाद ने मामले का खुलासा करते हुये बताया कि टीम को हाईवे किनारे स्थित लाला कबाडी की दुकान से 14 ड्रमो में डीजल लगभग 2800 लीटर और दो ड्रम पेट्रोल लगभग 440 लीटर के अलावा रिलायन्स कम्पनी की डीजल भरी गाड़ी के साथ तमाम तरह के उपकरण भी मिले है। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में गिरफ्तार किये गये सपा नेता सैफ अली पुत्र रफाकत अली निवासी भठ्ठीपुरा, कालपी के साथ भूरा पुत्र गफ्फार उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी राजघाट कालपी, बरकत अली पुत्र सोहरत अली निवासी भठठीपुरा के साथ मुस्ताक पुत्र कल्लू उम्र 50 वर्ष निवासी मिर्जामण्डी कालपी तथा इरफान पुत्र इकराम निवासी सदर बाजार के खिलाफ धारा 41, 411 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## फसल चराने से मना करने पर क्षेत्र पंचायत सदस्य पर हमला

**दुद्धी सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

विंढमगंज थाना क्षेत्र के हुमेलदोहर गांव में अरहर की फसल मवेशियों के द्वारा चराने से मना करने पर क्षेत्र पंचायत सदस्य दिलीप कुमार गुप्ता पर धारदार हथियार से प्रहार कर घायल कर दिया। घटना की सूचना पर विंढमगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

विंढमगंज थाना में प्रार्थना पत्र देकर हुमेलदोहर गांव निवासी पीड़ित क्षेत्र पंचायत सदस्य दिलीप कुमार गुप्ता पुत्र बालकृष्ण गुप्ता ने बताया है कि मेरे खेत में अरहर की फसल लगी हुई थी जिसे पास के ही निवासी रामपरिखा यादव पुत्र स्वर्गीय चर्तुगुन यादव के द्वारा अपने गाय, बैल, बकरी से अरहर की फसल को खिला



रहा था। मौके पर पहुँचकर फसल को मवेशियों के द्वारा खाते देख मना किया तो उक्त रामपारीखा यादव के द्वारा अरहर की फसल खा रहे मवेशियों को रोकने की बजाय हमसे उलझ गया और गाली गलौज देते हुए हाथ में लिए टांगी से हमारे हाथ व पैर पर प्रहार करके घायल कर दिया।

**▸ 112 नंबर पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी पर भेजा**

चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों ने मौके पर पहुँचकर बीच बचाव किया तब जाकर प्रार्थी की जान बच सकी। जिसकी सूचना डायल 112 नंबर पुलिस को दी।मौके पर पहुंची 112 नंबर पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी पर भेजा। जहाँ इलाज चल रहा है। वही विंढमगंज पुलिस ने आरोपी रामपरीखा यादव के खिलाफ 324, 504, 506 के तहत प्राथमिक दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।



## प्रा.वि. में प्रवेशोत्सव समारोह सम्पन्न

**सोनभद्र।** राबर्टसगंज विकास खंड अंतर्गत न्याय पंचायत चुर्क स्थित प्राथमिक विद्यालय मेहुडी खुर्द परिसर में प्रवेशोत्सव एवं विदाई समारोह बहुत धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ मंडल उपाध्यक्ष एवं राबर्ट्सगंज विकासखंड की अकादमिक रिसोर्स पर्सन आशा भारती ने माता सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूली बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया। बच्चों द्वारा स्कूल चलो अभियान पर आधारित विभिन्न प्रकार के गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर आगंतुकों का मनमोह लिया साथ ही देश भक्ति गीत, भक्ति गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। अभिभावक अपने बच्चों की प्रस्तुति देख शिक्षकों की सराहना करने को विवस रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आशा भारती ने कहा कि नया सत्र प्रारंभ हो गया है।

## साहब! पड़ोसी दीवार बनाने पर मारपीट पर हो जाता उतारू

**जालौन (उरई)।** कुछ माह पूर्व घर की कच्ची दीवार गिर गई थी। अब पड़ोसी नई दीवार नहीं बनने दे रहे हैं। बनाने पर गाली, गलौज व मारपीट पर आमादा हो जाते हैं। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धंतौली निवासी कृष्णा देवी ने पुलिस को बताया कि उसका घर कच्चा बना हुआ है। बारिश में कच्चे घर की एक ओर की दीवार कमजोर हो गई थी। जो कुछ माह पूर्व टूटकर गिर गई है। अब घर में किसी के घुसने का भी खतरा बना रहता है। मेहनत मजदूरी करके उसने दीवार बनावाने का सामान इकट्ठा किया और शुक्रवार को दीवार बनवाना शुरू दिया।

## संचारी रोगों से बचाव के लिए छात्रों ने निकाली रैली

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**




शहर के प्रतिष्ठित एसएसवी इंटर कॉलेज में गुरुवार को शिक्षा विभाग के निर्देश पर संचारी रोग से रोकथाम के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने स्वयं किया। इस दौरान उन्होंने प्रार्थना सभा स्थल पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें संचारी रोग से बचाव के विभिन्न उपाय भी बताए।डॉ. तिवारी ने कहा कि संचारी रोग से बचने के लिए सबसे महत्वपूर्ण जागरूक होना है और खुद के जागरूक होने के साथ ही औरों को भी जागरूक किया जाना प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि आसपास के क्षेत्र में भी जागरूकता अभियान चलाया जाना है।इस उद्देश्य से शिक्षा विभाग की ओर से संचारी रोग से रोकथाम के लिए जागरूकता रैली निकाले जाने के निर्देश है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कई स्लोगन भी बताए।हाथों में जागरूकता से संबंधित तख्तियां और पोस्टर लिए छात्र विद्यालय से निकले। कश्मीरी मोहल्ला,साहबगंज तथा बाल्दा सहित कई प्रमुख क्षेत्र से होते हुए छात्र वापस विद्यालय पहुंचे। जागरूकता रैली में एक हज़ार से अधिक विद्यार्थी सहित उप प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार तिवारी, महेश नारायण यादव,वारिज नयन शर्मा,दुर्गा प्रसाद शर्मा, मनोज कुमार व जयेंद्र पाठक सहित कई शिक्षक शामिल रहे।

**बयान** | **सोशल मीडिया के साथ ही अराजकता फैलाने वालों पर रखी जा रही है पैनी नजर**

## त्यौहारों पर अराजकता का माहौल बनाने का प्रयास न होगा बर्दाश्त:डीएम

**▸ नगर में शांति बनाये रखने की नगरवासियों की जिम्मेदारी: एसपी**

**जालौन,उरई। समृद्धि न्यूज**



भ्रमण के दौरान जालौन में लोगों से वार्ता करते डीएम व एसपी।

लोकसभा चुनावों के साथ ही अलविदा जुमा और नवरात्र और ईद के पर्व को लेकर पुलिस व प्रशासन लगातार सक्रिय बना हुआ है। डीएम राजेश पांडेय व एसपी ईराज राजा के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने नगर की सड़कों व धार्मिक स्थलों के आसपास गश्त कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। लोकसभा चुनाव के साथ ही शुक्रवार को रमजान माह के अखिरी जुमा एवं नवरात्र व ईद के पर्व को लेकर प्रशासन लगातार सतर्कता बरत रहा है। नगर व क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अराजक तत्वों को चेताते हुए शुक्रवार को डीएम राजेश पांडेय व एसपी ईराज राजा के नेतृत्व में एसडीएम अतुल कुमार, सीओ रामसिंह, कोतवाल विमलेश कुमार, अतिरिक्त इंस्पेक्टर जगदंबा प्रसाद दुबे, एसएसआई शीलवंत सिंह, चौकी प्रभारी दामोदर सिंह समेत कोतवाली पुलिस व पैलामिलिट्री फोर्स के जवान नगर की सड़कों पर उतरे। कोतवाली परिसर से पैदल गश्त करते हुए अधिकारी व जवान देवनगर चौराहा, कांजी हाउस, पानी की टंकी, बस स्टैंड, सब्जी मंडी, झंडा चौराहा से तकिया मैदान पर पहुंचे। इस दौरान लोगों से वार्ता कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। धार्मिक स्थलों के आसपास भी उन्होंने लोगों से बातचीत कर पर्वो को शांतिपूर्वक मनाए जाने की अपील की। डीएम राजेश पांडेय ने कहा कि सोशल मीडिया के साथ ही अराजकता फैलाने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

चुनाव आयोग के नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। यदि कोई शांतिभंग की कोशिश करता है तो तत्काल उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा सरकार में महंगाई और भ्रष्टाचार से लोग त्रस्तः इमरानबिन जफर

- बसपा प्रत्याशी इमरान बिन जफ़र ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात, सपा भाजपा पर साधा निशाना
- पर्यटक आवास गृह में पत्रकारों से हुए मुखातिब

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**





**शुक्रवार को** जिले मे पहुंचे बसपा प्रत्याशी इमरान बिन जफ़र ने शहर के यूपीटी में पत्रकारो से वार्ता की। इस दौरान उन्होने सपा सरकार और अखिलेश यादव को लेकर जमकर निशाना साधा। साथ ही उन्होने भाजपा को भी कम वोट मिलने की बात कही। जिला मुख्यालय के जीटी रोड स्थित पर्यटक आवास गृह पर आयोजित हुई प्रेस कान्फ्रेंस में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी इमरान बिन जफ़र कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई और भ्रष्टाचार से लोग त्रस्त हैं। कहा कि उनके नाम की घोषणा के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव असमंजस की स्थिति में हैं, जिसके चलते वह प्रत्याशी का नाम तक घोषित नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बहन मायावती ने बसपा शासन काल में कन्नौज में विकास कराया। तिर्वा में बना मेडिकल कालेज बसपा सरकार की देन है। उन्होने कहा कि जनता में अब बसपा के प्रति लोकप्रियता बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश में बसपा शासन के दौरान एक भी दंगा नही हुआ। उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए कहा कि अभी हाल ही में कन्नौज आए अखिलेश यादव ने एक पत्रकार के सपा प्रत्याशी के बारे में घोषणा के सवाल पूछने पर कहा कि अच्छे दिन आने दीजिए समाजवादी पार्टी की ओर से प्रत्याशी की घोषणा की जाएगी। श्री जफ़र ने सवाल उठाते हुए कहा कि नवरात्र में अच्छे दिन की बात करते हैं अब बताइये मुसलमानो का पाक महीना रमजान है इससे अच्छा दिन क्या होगा, जिनके वोट से मुख्यमंत्री बनते है आप मुसलमान के दिन को बुरे दिन कह रहे है। आपको इसके लिए माफी मांगनी पड़ेगी। श्री जफ़र ने कहा कि बहुजन का मतलब है सभी लोग, सब हमारे साथ हैं। उन्होने अपनी जीत का दावा करते हुए कहा कि वे 2 से ढाई लाख के अन्तर से अपनी जीत दर्ज कराएंगे और कन्नौज लोकसभा क्षेत्र की जनता की सेवा करेंगे। बसपा प्रत्याशी इससे पहले छिबरामऊ में जुमे की नमाज के बाद पहली बार कार्यकर्ताओं से मिले और उनमें जोश भरा। प्रेस वार्ता के दौरान बसपा जिलाध्यक्ष बबलू गौतम, जिला कार्यकारणी सदस्य लाखन सिंह दोहरे समेत अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# ईशन नदी से सात घंटे बाद गोताखोरों ने बरामद किये किशोर के शव

- गुरूवार की दोपहर ईशन नदी में दोस्तों संग नहाने गया था भोरामऊ गांव का आशू
- तालग्राम पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**



ईशन नदी में वोट पर सवार होकर खोजबीन करते गोताखोर

**ईशन नदी** में नहाने गए किशोर का शव करीब सात घण्टे के बाद पुलिस की गोताखोर टीम ने देर रात बरामद कर लिया। शव घटनास्थल से करीब आधा किलोमीटर दूर तालग्राम थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव के निकट नदी की झाड़ियों में फंसा हुआ मिला। किशोर का शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। तालग्राम पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के भोरामऊ गांव निवासी आशू (14) पुत्र शिशुपाल जाटव गुरूवार की दोपहर अपने कुछ साथियों के साथ ईशन नदी में नहाने गया था। उसी दौरान तेज बहाव की चपेट में आने से वह नदी में बह गया। मामले की जानकारी मिलने पर इंदरगढ़ पुलिस ने पुलिस अधीक्षक को जानकारी दी। जिला मुख्यालय से गोताखोरों की टीम मदद के लिए भेजी गई। रात 10.30 के करीब तालग्राम थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव के निकट ईशन नदी की झाड़ियों में फंसा हुआ आशू का शव बरामद किया गया। गोताखोरों की टीम ने शव को नदी से निकालकर तालग्राम पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

# महर्षि कश्यप की शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ जोरदार स्वागत

- महर्षि कश्यप निषाद वंशी युवा शक्ति द्वारा आयोजित हुई शोभायात्रा
- डीएन कॉलेज से शुरू होकर बालाजी मंदिर में हुआ समापन

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**




महर्षि कश्यप की शोभायात्रा में शामिल समाज के लोग — समृद्धि न्यूज

**कस्बे में** महर्षि कश्यप की जयंती पर महर्षि कश्यप निषाद वंशी युवा शक्ति द्वारा विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा डीएन इंटर कॉलेज से शुरू होकर कस्बे के इंदरगढ़ तिराहे तक गई। बाला जी मंदिर के निकट शोभायात्रा का समापन किया गया। इस शोभायात्रा का कस्बे में जगह-जगह समाजसेवियों द्वारा स्वागत किया गया। महर्षि कश्यप निषाद वंशी युवा शक्ति के तत्वाधान में शुक्रवार की सुबह 11 बजे के करीब डीएन इंटर कॉलेज से यात्रा की शुरूआत हुई। यात्रा में सबसे आगे रथ पर महर्षि कश्यप की प्रतिमा विराजमान थी। इसके बीच समाज के सैकड़ो लोग महर्षि कश्यप अमर रहे के नारे लगाते हुए पैदल व बाइकों पर सवार होकर चल रहे थे। यात्रा का ठठिया रोड चैराहा, प्लाजा मार्केट, क्रान्ति चैराहा, गांधी चैराहे पर जोरदार स्वागत किया गया। स्टेट बैंक के निकट नवदुर्गा सेवा समिति के महासचिव प्रभात कुमार वर्मा ने शोभायात्रा में शामिल लोगों पर पुष्प बर्षा कर उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद यात्रा इंदरगढ़ तिराहे पर स्थित बालाजी मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। इस यात्रा में प्रमुख रूप से कन्नौज के भाजपा सांसद सुब्रत पाठक, तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत, सपा नेता नबाव सिंह यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख उदय राजपूत, चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता, सपा नेता अवनीश यादव के अलावा किरन निषाद, अध्यक्ष ध्रुव कश्यप, महामंत्री विजय बाथम, उपाध्यक्ष शिवा बाथम, राजीव बाथम, सनी बाथम, प्रदीप, अवधेश, रामासरे, नीरज, कृष्णा सहित समाज के कई लोग मौजूद रहे।

# भगवान के स्मरण मात्र से पाप नष्ट हो जाते हैं: रमाशंकर मिश्रा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**



**क्षेत्र के** गांव नदसिया में बाबा श्री हनुमान जी के दरबार में चल रही सप्ताहिक श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के षष्टम दिवस पर रूरा कानपुर देहात से पधारे श्रीमद भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य रमाशंकर मिश्रा ने अपनी सरस मयी वाणी से भगवान के भाव का वर्णन किया। आचार्य ने बताया कि कलयुग में जो भक्त भगवान की पूजा आराधना करता है भगवान उसके वस में होते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि परमात्मा सर्व शक्ति मान है जीवन की सारी समस्याये एवं किये गये अपराधों का पाप ईश्वर के स्मरण मात्र से नष्ट हो जाते हैं। मनुष्य को भगवान का स्मरण करते रहना चाहिए। परमात्मा कभी निराश होने ही नही देगा। आगे के प्रसंग में आचार्य ने भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव से लेकर प्रभू की पावन मयी बाल लीलाओं का वर्णन किया। संगीत मयी प्रसंग सुन श्रोता भाव बिभोर हो गये। कथा पाण्डाल में सैकड़ो की संख्या में भक्त भगवान के भजन गुनगुनाते हुए ताली की सेवा करते हुए मन्त्र मुग्ध नजर आये। इस दौरान कथा के आयोजक डा0 रामपाल द्विवेदी समेत कार्यक्रम के व्यवस्थापक भी मौजूद रहे।

## खबरें चलते-चलते

### 21वें दुर्गा महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू

- नवदुर्गा सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित होता दुर्गा महोत्सव
- राम नवमी को निकलेगी विशाला शोभायात्रा

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के प्लाजा मार्केट में नवदुर्गा सेवा समिति के तत्वाधान में चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर 21वें विशाल दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियों शुरू कर दी गई है। समिति द्वारा श्रीमद् भागवत कथा, हवन व राम नवमी के दिन विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाता है। समिति के अध्यक्ष विमलेन्द्र सिंह बघेल व महासचिव प्रभात कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि हर बर्ष की भांति इस बर्ष भी दुर्गा पूजा महोत्सव की शुरूआत 09 अप्रैल से होने जा रही है। इस कार्यक्रम में प्रथम दिन विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद प्लाजा मार्केट परिसर में ही श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। भागवत कथा लगातार आठ दिनों तक चलेगी। राम नवमी को सुबह विशाल भण्डारे का आयोजन होगा। भण्डारे के बाद विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा दौलेश्वर धाम से शुरू होकर सिद्धपीठ मां काली मंदिर तक जाएगी। इसको लेकर सभी तैयारियां शुरू हो चुकी है।

### मदरसा मजहर उलूम में रोजा अफ्तार आज

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** माहे रमजान के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति शनिवार को मदरसा मजहर उलूम गांधीनगर में 06. 33 बजे शाम को रोजा अफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समस्त रोजेदार पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। यह जानकारी नगर के मोहल्ला गांधीनगर स्थित आवास कार्यालय पर पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी एवं ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने संयुक्त रूप से दी। इस दौरान उनके साथ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी, तस्कीन सिददीकी, भोजपुर विधानसभा प्रभारी अरशद जमाल सिददीकी, पूर्व ब्लाक प्रमुख राशिद जमाल सिददीकी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जुनैद सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

### गिरवर के जंगल में मिले शव की हुई शिनाख्त जंगल में पड़ा मिला था शव

**राठ (हमीरपुर)।** कुछ दिन पहले गिरवर गांव के जंगल में मिले शव की पहचान महोबा जनपद के पहाड़ी ब्यारजों गांव निवासी मुन्नालाल रैकवार के रूप में हुई है। परिजनों की जानकारी के अनुसार मृतक मानसिक रूप से परेशान रहता था। मझगवां पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जनपद महोबा के महोबकंठ थाना अंतर्गत पहाड़ी ब्यारजों गांव निवासी नारायण रैकवार ने बताया कि उसका बड़ा भाई मुन्नालाल रैकवार(50) बीती 27 मार्च को मोबाइल रिचार्ज कराने के लिए पनवाड़ी जाने की बात कहकर घर से निकला था। जब वह घर वापिस नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन की गई मगर उसका कुछ पता नहीं चल सका। नारायण ने बताया उसका भाई पुत्री की शादी करने के बाद कर्ज में फंसा था। महोबकंठ के बैंक से 3 साल पहले 3 लाख रुपए का किसान क्रेडिट कार्ड बनवाया था। लगातार फसल में नुकसान होने पर कर्ज अदा नहीं कर सके थे। इन्ही सब बातों और आर्थिक तंगी के चलते वह मानसिक रूप से परेशान था। मगर वह गिरवर गांव के जंगल में कैसे पहुंच गया इसका पता नहीं है। मुन्ना लाल की पहचान उसके पुत्र बृजेंद्र और उनके परिजनों ने कपड़ों के माध्यम से कर ली है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मझगवां थानाध्यक्ष नंदलाल प्रजापति ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# व्यापारियों का उत्पीड़न करने से बाज आएं अधिकारीः शिवम राज

- अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष ने जताई अपेक्षा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**



शिवमराज वर्मा का फाईल फोटो

**सामान्य निर्वाचन** लोकसभा चुनाव 2024 में व्यापारी समाज इस दल को अपना समर्थन देगा जो दल व्यापारियों की सुरक्षा एवं बात करेगा कहा कि बड़ी ही विडंबना है कि देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले व्यापारियों के हितों के प्रति सरकारें गंभीर नही हैं। कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

यह बात नगर के सब्जी मंडी स्थित प्रतिष्ठान कार्यालय पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष शिवम राज वर्मा ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। कहा कि अधिकारी जांच के नाम पर बेवजह व्यापारियों का उत्पीड़न करना बंद कर दें अन्यथा व्यापार मंडल व्यापारी हितों में धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा। महामंत्री आयुष पंडित ने कहा कि श्रम विभाग दुकानों पर खरीद करने आए छोटे बच्चों को बाल श्रम के आरोप में पकड़ रहा है जबकि बीड़ी कारखाने एवं ईट भटटों एवं होटलों पर छापेमारी कर छोटे बच्चों को नहीं पकडते हैं। इस दौरान रंजीत गुप्ता उर्फ टिल्ले, सरदार वर्मा, आजम सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# जुमा की नमाज़ अदा कर मांगी गई अमन चैन की दुआएं

- समधन में सभी मस्जिदों के बाहर मुस्तैद रही पुलिस

**समधन, समृद्धि न्यूज़**



अलविदा जुमा की नमाज़ शांतिपूर्ण ढंग से अदा करने के लिए समधन मस्जिद के बाहर मुस्तैद पुलिस — समृद्धि न्यूज

रमजान मुबारक महीने का आखरी अलविदा जुमा की नमाज अदा कर मांगी गई मुल्क में अमन चैन की दुआएं। समधन नगर की सभी मस्जिदों में जुमा की नमाज अदा करने के लिए रोजेदार जुमा की अजान होने से पहले ही नमाजी लोग मस्जिदों में पहुंचने लगे थे जैसे ही नमाज का वक्त हुआ नमाजियों से मस्जिदें खचाखच भर गई। अलविदा जुमा की नमाज अदा करने के लिए सभी मुस्लिम लोगों में काफी उत्साह देखा गया। नगर के मोहल्ला सौरखी तरफ़ मस्जिद में जुमा की नमाज से पहले मौलाना जियाउल हक कसमी ने अपने बयान में नमाजियों को बताते हुए कहा कि मुसलमानों अपने दिलों की खिड़की को खोलो आमिना के लाल ने हमें और आपको समझाने का काम किया था उस समय हम और आपने समझा था अब हम और आप दूर क्यों होते जा रहे हैं दूसरी बात बताई कि हम लोग यतीमो मजलूमों की ज्यादा से ज्यादा इस महीने में मदद करें आगे बताया कि सभी से बुराई हो जाए लेकिन यह अपने मोहल्ले के मस्जिदों के इमाम से बुराई मत रखना उन्हें बुरा भला मत कहना उनकी गीबत ना करना आगे उन्होंने बताया कि अगर आपने पूरे महीने इबादत कर ली और सदका फितरा खैरात न निकाली तो अल्लाह ताअला हम सबके रोजे नमाज तिलावत कबूल नहीं करेगा बताया कि अगर आपके जितने बच्चे हैं उनका फितरा निकालना बाजिब है रमजान के महीने में ईद का चांद निकलने से पहले फितरा निकालना जरूरी है।

# मानसिक तनाव के चलते युवक ने लगाई फांसी

**मौदहा।** शुक्रवार की सुबह कस्बे के एक व्यापारी के पुत्र ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस में मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जबकि मृतक की पत्नी के साथ ना रहने के चलते तनाव में रहने की बात सामने आ रही है। कस्बे के मोहल्ला मराठीपुरा निवासी रवि साहू (25) पुत्र रामफल साहू ने शुक्रवार सुबह अपने घर के ऊपर वाले कमरे में अपने अंगोंछे से फंदा बनाकर फांसी लगा ली,उस समय उसकी भाभी घर के कामों में व्यस्त थी और मां दुकान पर बैठी हुई थी।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने उसे फांसी के फंदे से उतार आनन -फानन सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सक ने रवि को मृत घोषित कर दिया। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस ने सरकारी अस्पताल पहुंच मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# रमजान में अल्लाह तआला की रहमतें बरसतीं हैं: अमन हुसैन



अमन हुसैन सिददीकी, शाहनबाज खॉन, परवेज अहमद, मुईन अहमद के फाईल फोटो

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

- समाजसेवियों नें अलविदा जुमा की नमाज के बाद रोजेदारों को दी मुबारकबाद

**समाजसेवियों एवं** व्यापारी नेताओं नें माहे रमजान की अलबिदा की नमाज के बाद रोजेदारों व नागरिकों को मुबारकबाद देते हुये ईद त्योहार को आपसी भाईचारा एवं सौहार्द पूर्ण ढंग से मनाने की अपील की है। नगर के मोहल्ला गांधीनगर स्थित आवास कार्यालय पर युवा समाजसेवी अमन हुसैन सिददीकी एवं एडवोकेट शहनबाज खॉन नें रोजेदारों को माहे रमजान की शुभकामनायें देते हुये कहा कि अल्लाह तआला की इबादत के लिये रमजान पवित्र माह है, माहे रमजान में हर मुसलमान को खुदा की इबादत कर गुनाहों से तौबा करनी चाहिये। जीटी रोड स्थित प्रतिष्ठान कार्यालय पर व्यापारी नेता परवेज अहमद उर्फ चन्दन नें कहा कि माहे रमजान जहां एक ओर रोजदारों के लिये दुआ करने का मुकददस मौका देता है तो वही दूसरी ओर अल्लाह के बंदों के लिये जन्नत के दरवाजे भी खोल दिये जाते है। इस माह में अल्लाह तआला गुनाहों से तौबा करने का मौका भी देता है और उनके सभी गुनाहों को माफ करता है। भाकियू टिकैत गुट के समधन नगर अध्यक्ष मुईन अहमद ने रोजेदारों को माहे रमजान की मुबारकबाद देते हुये कहा कि रोजा रखने वालों पर अल्लाहताला की रहमतों की बारिश होती है और उनके सारे गुनाह माफहो जाते हैं साथ ही रमजान के पवित्र माह में नेककाम, गरीबों की मदद व अल्लाह तआला की इबादत करने वालों को सौ गुना शबाब भी मिलता है।

**बैठक** | जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में बैठक कर एएमएफबूथों की तैयारियों के संबंध दिये आवश्यक निर्देश

# सभी मतदान केन्द्रों में मूलभूत व्यवस्थाएं दुरुस्त कर लीं जाएं: जिला निर्वाचन अधिकारी

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को सर्वे किए जाने के दिये निर्देश

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



**जिला निर्वाचन** अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने लोक सभा निर्वाचन के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में एएमएफबूथो की तैयारियो के संबंध में बैठक की। बैठक में उन्होने निर्देश देते हुये कहा कि जनपद में 13 मई को चुनाव सम्पन्न होने हैं। इसको दृष्टिगत रखते हुये मतदान केन्द्रो में 11, 12 और 13 मई को बारात का ठहराव न किया जाये। उन्होने निर्देश दिये कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मूलभूत सुविधाओं को समय से दुरूस्त कर लिया जाये।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पोलिंग प्रतिशत बढ़ाने हेतु सभी प्रयास किये जायें। उन्होने मई में अधिक गर्मी रहने की संभावना को देखते हुए निर्देश दिये कि सभी मतदान केन्द्रों में लोगो के लिये छाया की समुचित व्यवस्था होनी चाहिये। घड़े में पेयजल एवं अन्य उपयोग के लिए जल पर्याप्त होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन के गाइड लाइन के अनुसार सभी मतदान केन्द्रों के लिए मेडिकल किट उपलब्ध होना चाहिए। उन्होने संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिये कि सभी मतदान केन्द्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे मतदान भवन केन्द्र की अच्छी स्थिति, साफ-सफाई की व्यवस्था, बिजली, पानी, रैंप, फर्नीचर, कुर्सी, शेड, महिला एवं पुरूष के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था पूर्व में ही सुनिश्चित कर ली जायें। उन्होने कहा कि मतदान दलों की ठहरने की व्यवस्था हेतु चारपाई, गद्दे, पंखे, मॉरटीन एवं खाने पीने की व्यवस्था होनी चाहिये। मीनू के अनुसार मिड्डेमील में रसोइयां भोजन बनाये। उन्होने कहा कि सभी बूथों में आने जाने का समुचित रास्ता होना चाहिये। उन्होने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि जिन विद्यालयो में विद्युत के नये कनेक्शन होने है, विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर विद्युत कनेक्शन कराया जाये। उन्होने कहा कि बूथो की तैयारियो के सम्बंध में जिस अधिकारी को जो जिम्मेदारी सौंपी गयी है, उसे समय से पूरा कर लिया जाये। सभी खण्ड विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में स्वयं जाकर एक-एक बूथ का निरीक्षण करें। जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा सर्वे किया जायेगा किसी प्रकार की कोई कमी नही मिलना चाहिये। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अदब और एहतराम के साथ अदा की गई अलविदा की नमाज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



अलविदा की नमाज अदा करते अकीदतमंद

**रमजान के** मुक्कदम महीने के आखिरी जुमे पर शहर की प्रमुख मस्जिदों में एहतराम और अकीदत के साथ अलविदा की नमाज पढ़ी गई। मौलानाओं व इमामों ने अपने-अपने मुर्करर मस्जिद दोपहर में पहुंचकर रोजेदारों और नमाज पढ़ने आये लोगों को अमन और शांति का संदेश देते हुए अलविदा की नमाज पढ़ाई। नगर की प्रमुख मस्जिद घुमना स्थित जामा मस्जिद में शाही इमाम मुफ्ती मुअज्जम अली ने नमाज पढ़ाई। इस मौके पर उन्होंने खिताब करते हुए कहा कि इंसान को अपने गुनाहों से तौबा करना चाहिए। अल्लाह की बारगाह में अपनी खता कबूल करने वालों के गुनाह माफ हो जाते है। उन्होंने कहा कि हम बिखरे हुए है इस कारण से कमजोर पड़ जाते है, एकजुट रहे तो मजबूत रहेगे। दुनियां की सबसे बड़ी आबादी होने के बावजूद हम एकता के अभाव में तिनके की तरह उड़ा दिये जाते है। उन्होंने कहा कि इस्लाम अमन और शांति का मजहब है। इसलिए अमन और शांति का पैगाम घर-घर पहुंचना चाहिए। ईश्वर ने हम लोगों को इबादत करने के लिए दुनिया में भेजा है। इंसान का जन्म लेकर अल्लाह की इबादत कर लो, यही साथ जायेगा। रुपया-पैसा, हाथी घोड़ा कुछ नहीं साथ जाता। इमान, आमाल और नेकिया ही चलते वक्त आदमी के साथ में होती है। उन्होंने कहा कि ईद की नमाज सुबह 8.15 बजे नई ईदगाह में व 8:30 बजे पुरानी ईदगाह में होगी। 9 बजे सुनहरी मस्जिद, 10 बजे फतेहगढ़ में ईद की नमाज होगी। मौलाना ने अमन और शांति बरकरार रखने की गुजारिश की। शहर की सुनहरी मस्जिद में सैय्यद मेराज अली जाफरी ने नमाज अदा करायी। प्रमुख मस्जिदों में अलविदा की नमाज भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई। डीएम एसपी नजर बनाये रहे। सीओ, कोतवाल, पुलिस पीएससी का पहरा बना रहा।

## डीएम, एसपी ने किया फ्लैग मार्च



शहर में फ्लैगमार्च करते सीओ व अन्य पुलिस फोर्स

**फर्रुखाबाद।** अलविदा की नमाज को देखते हुए जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह, एसपी विकास कुमार, नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल, सीओ सिटी प्रदीप कुमार ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए नगर में फोर्स के साथ पैदल गस्त किया। जिलाधिकारी ने बताया कि शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से फ्लेग मार्च किया गया है। शुक्रवार को पूरे जनपद में फ्लेग मार्च किया गया। इसके अलावा मस्जिदों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात रहा। जो चप्पे-चप्पे पर तैनात रहा।

# जानलेवा हमला करने के मामले में अभियुक्त को तीन वर्ष का कारावास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**चार्जर चोरी** के विवाद में गोली मारकर घायल कर देने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश विष्णु चन्द्र वैश्य ने अभियुक्त समोद सिंह पुत्र शिवपाल सिंह निवासी बिल्हा थाना कम्पिल को दोषी करार देते हुए 03 वर्ष का कारावास व 70 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

विगत 6 सितम्बर 2011 को थाना कम्पिल के क्षेत्र बिल्हा निवासी संतोष सिंह पुत्र श्रीपाल ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया था कि समय करीब साढ़े पांच बजे मैं व मेरे पिता श्रीपाल अपने वाणा से जानवर बांधकर अपने घर जा रहे थे। जैसे ही गुड्डू पुत्र रामस्वरुप के घर के पास पहुंचे, तभी विनोद, समोद पुत्रगण शिवापाल सिंह व शिवपाल सिंह आये और मोबाइल चार्जर चोरी का आरोप लगाकर गाली-गलौज करने लगे। जब गाली-गलौज का विरोध किया तो वाढ़े से शिवपाल सिंह लाठी, विनोद सिंह देशी रायफल, समोद तमंचा लेकर आ गया और मेरे पिता पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। शोर शराबे की आवाज सुनकर परिजन व आसपास के लोग आ गये। गोलीबारी में मेरे पिता के पैर में गोली लग गई। जिससे वह घायल हो गये। आरोपीगण जानमाल की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। साक्ष्य व गवाहों के आधार पर आरोप पत्र पुलिस ने न्यायालय में दाखिल कर दिया था। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश विष्णु चन्द्र वैश्य ने अभियुक्त समोद सिंह पुत्र शिवपाल सिंह निवासी बिल्हा थाना कम्पिल को दोषी करार देते हुए धारा 324 में तीन वर्ष का सश्रम कारावास व 50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 504 के आरोप में एक वर्ष का कारावास व दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 25/27 के आरोप में दो वर्ष के कारावास व दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# खबरें चलते-चलते

## महिला कर्मी से अभद्रता करना बीडीओ को पड़ा भारी

- उग्र रुप देख मौके से खिसके, पीड़िता की नहीं लिखी गई रिपोर्ट
- उच्चाधिकारियों से शिकायत कर न्याय की महिला कर्मी ने लगायी गुहार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बढ़पुर ब्लाक के बीडीओ द्वारा एक महिला कर्मी पर कार्यालय के कार्य से हटकर काम कराने का आदेश मानने का दबाव बनाया। उसने कई बार नजरअंदाज कर दिया, लेकिन जब पानी सिर से ऊपर हो गया तो उसने अधिकारी को अपनी भाषा में हाथपैर चलाकर जबाव दिया। किसी तरह वह वहां से बचकर निकल गये। इस घटना की किसी भी अधिकारी व बीडीओ ने पुष्टि नहीं की है। सूत्रों की माने तो बढ़पुर ब्लाक के अधिकारी ने कार्यालय में काम करने वाली एक महिला पर कई बार दबाव बनाया कि वह उनके द्वारा दिये गये हर आदेशों का पालन करें, चाहें वह कार्यालय से संबंधित हो उससे हटकर। महिला कर्मी का कहना था कि हम सरकार के नौकर है, कार्यालय से संबंधित और मेरे पद के अनुसार जो भी काम होगा वह करेगी, लेकिन इससे हटकर निजी कार्य नहीं करूंगी। अधिकारी की लिखा पढ़ी से तंग आकर शुक्रवार को अवला नारी ने चंडी का रुप धारण कर लिया और फिर क्या था अधिकारी अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकले। बढ़पुर ब्लाक में तैनात पीड़ित महिला कर्मी ने बीडीओ द्वारा किये जा रहे मानसिक उत्पीड़न के संदर्भ में उच्चाधिकारियों से शिकायत की, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़ित महिला कर्मी ने हमारे संवाददाता को बताया कि हमारी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बढ़पुर ब्लाक के बीडीओ पर कई ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने भी कई तरह के पहले भी आरोप लगाये, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिसके चलते अधिकारी के हौसले बुलंद है। वहीं इस संदर्भ में बढ़पुर ब्लाक में तैनात बीडीओ ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया।

## पत्नी तथा शराबी पुत्र के अभद्र व्यवहार से दुखी दर-दर की ठोकरें खा रहा कोचिंग संचालक

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद नगर के मोहल्ला बड़इयन टोला निवासी एवं कोचिंग संचालक उमाशंकर पुत्र शिवचरन ने पत्नी उर्मिला देवी तथा पुत्र शनि उम्र 25 वर्ष तथा एक अज्ञात व्यक्ति सहित तीन लोगों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा है पत्नी जो हमेशा किसी न किसी बात को लेकर लड़ती झगड़ती रहती है। विरोध करने पर गाली गलौज कर मारपीट करती है। आरोप है इस कृत्य में उसका शराबी पुत्र सनी तथा एक अज्ञात व्यक्ति भी है जो अक्सर शाम के वक्त घर आता है तथा घर में पुत्र के साथ शराब पीकर उपद्रव करता। विरोध करने पर गाली-गलौज तथा मारपीट करता है। आरोप तो यह भी है मां बेटे तथा अज्ञात व्यक्ति द्वारा गाली गलौज कर मारपीट की गई तथा मारपीट की तथा धक्के मारकर घर से निकाल दिया। शिकायती के अनुसार लगभग 2 महीने से जान बचाकर इधर-उधर मुहल्ले की गलियों और सड़कों पर भूखे प्यासे भटकने को मजबूर है। पत्नी तथा शराबी पुत्र के आतंक से दुखी पीड़ित ने अज्ञात सहित तीनों लोगों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी।

## अपहरण के आरोपी के घर 82 का नोटिस चस्पा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपहरण के मामले में फरार चले आरोपी के घर पुलिस ने 82 की कार्यवाही करते हुए नोटिस चस्पा किया है। कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस ने धारा 363, 366, 504 आईपीसी के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त विशाल निवासी मोहल्ला भीमसेन मार्केट अंबेडकर कॉलोनी पहुंचकर 82 की कार्यवाही करते हुए गवाहन चस्पा की।

# अलविदा की नमाज पर देश में की गयी अमन चैन की दुआ

- एएसपी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था, मस्जिदों के बाहर तैनात रही पुलिस

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज



मस्जिद में नमाज अदा करते अनुयाई समृद्धि न्यूज



मस्जिद के बाहर सुरक्षा व्यवस्था हेतु तैनात पुलिस फोर्स

**रमजान महीने** की समाप्ति तथा अलविदा की नमाज को शांति के माहौल में संपन्न कराए जाने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए थे। नगर की विभिन्न मस्जिदों के आसपास भी सुरक्षा व्यवस्था को बरकरार रखने के लिए पुलिस फोर्स लगाया गया था। सुरक्षा व्यवस्था कम रहे जिससे अशांति का माहौल न हो और शांति के माहौल में अलविदा की नमाज संपन्न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा गस्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। नगर में स्थित लगभग एक दर्जन मस्जिदों में अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने नमाज अदा कर अल्लाह से नेकी और बरक्कत की दुआ करते हुए देश में अमन चैन कायम रहे, इसकी दुआएं कीं। बताते हैं नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थित मस्जिद जहां बड़ी संख्या में अल्प संख्यक समुदाय के लोगों को अलविदा की नमाज अदा करते हुए देखा गया। सुरक्षा व्यवस्था परखने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक ने शमशाबाद में सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने कोट वाली मस्जिद के नजदीक सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। निश्चित समय के अनुसार नगर की विभिन्न मस्जिदों में अलविदा की नमाज अदा की गई। जब नमाज के उपरांत जब लोग बाहर निकले तो एक दूसरे से गले मिले और एक दूजे को शुभकामनाएं दीं। उधर अलविदा की नमाज को लेकर नगर की गलियों में चहल पहल का माहौल रहा। दुकानें गुलजार रहीं और अच्छी खासी खरीदारी का दौर चलता रहा। इस दौरान शमशाबाद थानाध्यक्ष बलराज भाटी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।

# न्यायालय के आदेश को दरकिनार कर थानाध्यक्ष पीड़ित की भूमि पर बनवा रहे थाने का आवास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**न्यायालय** के आदेश को धता बताकर थानाध्यक्ष पीड़ित की जमीन पर थाने के आवास का निर्माण करवा रहे हैं। जबकि उपरोक्त के संबंध में न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। पीड़ित ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है। पीड़ित सुभाषचंद्र पुत्र बनवारी लाल निवासी ग्राम व पोस्ट थाना जहानगंज ने जिलाधिकारी को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि पीड़ित का एक मुकदमा न्यायालय सिविल जज सी0डी0 जिसकी वाद संख्य-24/2017 जगदीश प्रसाद आदि बनाम उ0प्र0 सरकार आदि विचाराधीन चल रहा है। उपरोक्त मुकदमे में दिनांक 11.04.2023 को न्यायालय में एक आदेश पारित किया है। जिसमें कहा है कि विपक्षीगणों को आदेशित किया जाता है कि स्वयं अथवा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के माध्यम से वादग्रस्त सम्पत्ति ग्राम सिरौंज परगना भोजपुर तहसील व जिला फर्रुखाबाद में स्थित भूमि 82/रकववा 0.045डि0 में वादीगण के शांतिपूर्ण अध्यासन में किसी प्रकार का कोई हस्तक्षेप न करें, लेकिन विपक्षीगण न्यायालय के आदेश को नहीं मान रहे हैं। विपक्षीगण संख्या 3 थानाध्यक्ष जहानगंज पीड़ित की जमीन पर जबरिया थाने का आवास बनवा रहे हैं। प्रार्थना पत्र के साथ पीड़ित न्यायालय के आदेश 11.04.2023 की नकल की छायाप्रति प्रस्तुत कर रहा है। ऐसी स्थिति में न्यायहित में पीड़ित की जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को रोका जाना आवश्यक है।

# फर्जी जमानत लेने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में फर्जी जमानतगीर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जेल में बंद दो आरोपियों की फर्जी तरीके से जमानत लेने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बिहार के दो अभियुक्तों की जमानत फर्जी तरीके से ली थी। जानकारी के अनुसार जिला कारागार में निरुद्ध अभियुक्त संजय शाह पुत्र सिकन्दर शाह व गौतम शाह पुत्र रामप्रकाश निवासी लक्ष्मीपुर बरारी जनपद कटिहार बिहार की जमानत थाना जहानगंज के खेरा सितौली निवासी यादराम पुत्र भागीलाल व हिन्दपाल पुत्र रूपा उर्फ रूपलाल नें फर्जी तरीके से ली थी। जिसकी जानकारी होने पर जांच की गयी, तो उपनिरीक्षक रक्षा सिंह ने बीते 15 फरवरी 2024 को कोतवाली फतेहगढ़ में तहरीर दी। जिसमे आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 465, 468, 471 आई.पी.सी. के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की विवेचना हुई। शुक्रवार को निरीक्षक सुदेश कुमार, दारोगा मिथलेश कुमार आदि ने सेंट्रल जेल तिराहे से दोनों आरोपियों यादराम व हिन्दपाल की गिरफ्तारी की।

## वृद्ध की मौत से मचा कोहराम

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** वृद्ध की अचानक हालत बिगड़ गयी। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव अताईपुर निवासी महेश चन्द्र (62) की अचानक हालत बिगड़ गयी। परिजन अस्पताल लाये। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

## मार्ग दुर्घटना में चार घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव ममापुर निवासी अजयपाल का 8 वर्षीय पुत्र विनायक, जिजपुरा निवासी राजेश (55), थाना नवावगंज के गांव सहसा जगदीसपुर निवासी नहार सिंह (45), इजौर निवासी रेनू (26) पत्नी पुनीत कुमार मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। सभी घायलों को लोगों ने अस्पताल भर्ती कराया।

# आगामी त्यौहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज



बैठक लेते एसडीएम व सीओ तथा मौजूद संभ्रांत लोग

**थाना परिसर** में एसडीएम व सीओ ने क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों की बैठक बुलायी तथा आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को उप जिलाधिकारी अमृतपुर रविंद्र कुमार, क्षेत्राधिकार अमृतपुर रविंद्र नाथ राय व थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी ने आगामी त्यौहारों व चुनाव को लेकर क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों की बैठक बुलायी। जिसमें क्षेत्राधिकार रविंद्र नाथ राय ने कहा कि आगे ईद व नवरात्र का त्यौहार आ रहा है। धारा 144 लागू होने के कारण आप सभी लोग इन त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। उप जिलाधिकारी अमृतपुर रविंद्र कुमार ने लोगों से कहा आगामी लोकसभा चुनाव में आप निष्पक्ष तरीके से मतदान करें। किसी के बहकावे व प्रलोभन में ना आएं। यदि कोई भी व्यक्ति आपके ऊपर अनावश्यक दबाव बनाता है तो तत्काल प्रशासन को सूचना दें। ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर प्रधान फखरपुर शिवदत्त तिवारी, प्रधान करनपुर, राजकुमार, प्रधान प्रवीण कुमार, प्रधान अतर सिंह, पूर्व प्रधान बलवीर सिंह, प्रधान धर्म सिंह, सोनू शुक्ला, पंकज शुक्ला आदि कई अन्य क्षेत्रीय प्रधान बीडीसी व वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे।

# अलीगंज तथा जैथरा में विधि विधान से हुआ सपा कार्यालय का उद्घाटन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर हवन पूजन करते सपा नेता व प्रत्याशी

**लोकसभा के** अंतर्गत अलीगंज तथा जैथरा में सपा प्रत्याशी नवलकिशोर शाक्य के कार्यालय का उद्घाटन हवन पूजन के साथ विधि विधान से सम्पन्न हुआ। अलीगंज में इस अवसर पर रवेंद्र पाल पालिया, बालकराम यादव, वाशुदेव सिंह शाक्य, प्रेमचन्द्र कश्यप, किशनपाल यादव, रामब्रजेश यादव, ब्रजेश सागर, कृपाल सिंह दिवाकर, नूनील सक्सेना, नरेश पाल, नूरहसन, सुभाष शाक्य, सुरेश शाक, इन्द्रपाल शाक्य, सुधीर शाक्य, नागेंद्र शाक्य, विनोद यादव, रवेंद्र यादव, जुगेंद्र यादव, सुरेश पाल तथा राजेश यादव सहित सैकड़ों गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। वहीं जैथरा में रवेंद्र पाल पालिया ने फीता काटकर कार्यालय का उद्धघाटन किया। लोकसभा प्रत्याशी डॉ0 नवलकिशोर शाक्य ने जनता से वायदा किया कि मैं आधी रात आप लोगों की सेवा में तत्पर रहूँगा। इस दौरान जसवीर सिंह, मनोज सिंह, बालकराम पाल, राम ब्रजेश सिंह, दिनेश प्रधान, छोटेलाल शाक्य, वेदराम पाल, राजुद्दीन प्रधान, प्रवेश प्रधान, उदयवीर शाक्य सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रामब्रजेश सिंह प्रधान ने किया।

## बाइक पलटने से महिला घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अनियंत्रित बाइक पलटने से महिला घायल हो गयी। उसे डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के ग्राम कटरी धर्मपुर निवासी सोनी पत्नी विनोद अपने पति के साथ बाइक से जा रही थी, तभी अचानक बाइक अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गयी। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बैठक | जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारियों को स्पष्टीकरण देकर तलब करने के दिये निर्देश

# खाद्य विभाग की कार्रवाई से असंतुष्ट दिखे जिलाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज




बैठक लेते जिलाधिकारी समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी** डॉ0 वी0 के0 सिंह की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की उपस्थिति में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय कमेटी की त्रैमासिक वैठक का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा खाद्य विभाग द्वारा लिए गए नमूनों पर समय से कार्यवाही न होने पर नाराजगी जताई व निर्देशित किया इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारियों को चिन्हित कर स्पष्टीकरण तलब किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि खाद्य विभाग द्वारा प्रस्तुत कृत कार्यवाही की रिपोर्ट में वाद संख्या भी अंकित की जाये। औषधि निरीक्षक रजत कुमार द्वारा जो भी मेडिकल स्टोर व हॉस्पिटल की जाँच/कार्यवाही की जाती है उसकी कोई भी आख्या जिलाधिकारी को प्रस्तुत नहीं की जा रही है पूछने पर बताया कि ऐसी कोई नियमावली नहीं है। इस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई व उनके प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर जानकारी लेने के निर्देश दिए गए। मिडडे मील के 17 नमूने अधोमानक पाये गये थे जिस पर बीएसए को पत्र लिखकर कार्यवाही के निर्देश दिए गए। खाद्य विभाग को खुले में बिक रहे खाद्य पदार्थो के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गए और कहा कि कार्यवाही दिखनी चाहिए। जिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि खाद्य विभाग द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन समुचित रूप से नहीं किया जा रहा है। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुभाष चंद्र प्रजापति व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर महिला को पीटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार पीड़ित राजरानी देवी पत्नी सर्वेश राठौर निवासी ग्राम बबुरारा गढ़िया थाना नवाबगंज ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह दिनांक 09 मार्च को समय लगभग शाम 5 बजे मैं अपने खेत में कार्य कर रही थी। उसी समय बल्लन उर्फ राहुल दीक्षित व भूरे पुत्र रामखिलाड़ी व चांदनी पुत्री रामखिलाड़ी, गौरी पुत्री बल्लन उक्त सभी लोग खेत पर पहुंचे। पीड़िता अपने खेत में पोल लगा रही थी। इसी बात पर गुस्साये उक्त सभी लोगों ने मुझे गाली-गलौज किया। जब पीड़िता ने गाली देने से मना किया, तो उक्त सभी लोगों ने एक राय होकर मुझे व मेरे पति सर्वेश को लाठी-डंडों से मारापीटा। बचाने आये मेरे पुत्र अंशुल को भी मारापीटा। मारपीट में पीड़िता व उसके पति सर्वेश के शरीर मं गम्भीर चोटें आयी हैं। पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# क्रिश्चियन इंटर कालेज में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

▸ जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ शिक्षकों ने खेली फूलों की होली

**क्रिश्चियन इंटर** कालेज में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक ने पहुंचकर शिक्षकों के साथ फूलों की होली खेली। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि होली एक उल्लास का पर्व है। इस पर्व को हम सब मिलजुल कर मनाते है। मेरी सभी शिक्षकों से अपील है जैसे मिलजुल कर त्योहार मनाते है ऐसे ही विद्यालय के शिक्षण कार्य को और बेहतर करें। जिससे विद्यालय का नाम रोशन हो सकें। प्रबंधक राजेश मसीह, प्रधानाचार्य अमित सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह को बुके देकर स्वागत किया। रखा बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्य डा0 नीतू मसीह ने जिला विद्यालय निरीक्षक की पत्नी का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। प्रबंधक राजेश मसीह ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक विद्यालय की प्रगति के लिए सहयोग करें। जिससे शिक्षण व्यवस्था और अच्छी हो। साथ ही उन्होंने होली मिलन पर सभी को बधाई दी। होली मिलन समारोह में शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे ने कहा कि होली पर लोग दुशमन को भी गले लगा लेते है और बुराइयों को दूर करने के लिए मिलजुल कर मनाते है। मान्यता है कि होली की आग में हम गेहूं की बाली चढ़ाते है, यह सुभ संकेत होता है कि नये वर्ष में होली का स्वागत करते है। शिक्षक संघ के जिला महामंत्री नरेन्द्र सिंह सोलंकी ने कहा कि होली हमें प्रेम और भाईचारा का संदेश देती है। प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर ने कहा कि हम शिक्षक होने के नाते शिक्षा की बात करें और उसकी कीमत समझे और क्रिश्चियन इंटर कालेज का जैसा नाम था वैसा ही अपने एक अच्छे वातावरण के साथ बदल रहा है। प्रधानाचार्या डा0 नीतू मसीह ने कहा कि होली हमे सर्व धर्म संभाव की प्रेरणा देता है। प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने कहा कि अनुशासन से ही संस्था का विकास होता है, तभी लक्ष्य की प्राप्ती होती है। प्रबंधक राजेश मसीह ने कहा कि सभी शिक्षक विद्यालय की प्रगति के लिए सहयोग करें। जिससे शिक्षण व्यवस्था और अच्छी हो। सभी ने एक दूसरे के साथ फूलों की होली खेली। प्रतिभोज के साथ होली मिलन समारोह सम्पन्न हुआ। धन्यवाद नवनियुक्त प्रधानाचार्य अमित सिंह ने ज्ञापित किया। इस मौके पर प्रभात दीक्षित, आर रावर्ड, जगदीप लाल, अवधेश प्रभु खोजी, अतुल दास, यादवेन्द्र सिंह परिहार, सोलोमन दयाल, शैलेन्द्र दास, नोयल जोयल, जयवंत सनी, गौरव एविल, सुनील सक्सेना, वेनीराम, दीपिका लाल आदि लोग मौजूद रहे।


होली मिलन समारोह में मौजूद डीआईओएस, प्रबंधक व शिक्षक

# योगेन्द्र नाथ मिश्रा बने सपा युवजन सभा के सदर विधानसभा अध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**समाजवादी युवजन** सभा के जिलाध्यक्ष शिवम यादव ने छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा की संस्तुति पर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए योगेंद्रनाथ मिश्रा को युवजन सभा का सदर विधानसभा अध्यक्ष घोषित किया है। योगेंद्र नाथ मिश्रा को छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा के साथ युवजन सभा के जिलाध्यक्ष शिवम यादव ने मनोनयन पत्र सौंपा। योगेन्द्र नाथ मिश्रा ने कहा कि वह सदर विधानसभा में पूरी निष्ठा के साथ अपने समाज को समाजवादी पार्टी में जोड़ने का काम करेंगे और लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी डॉ0 नवल किशोर शाक्य को जिताकर भेजेंगे।


योगेन्द्र नाथ मिश्रा को मनोनयन पत्र सौंपते शिवम यादव

# जीजीआईसी में मेधावी छात्राओं को परीक्षा परिणाम के साथ किया गया पुरस्कृत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**महीयसी महादेवी** वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज में वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण एवं मेधावी छात्रा सम्मान के साथ नवीन सत्र का प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार सदर मोनिका तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर नवीन सत्र का शुभारम्भ किया। प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने छात्राओं को नवीन सत्र के अनुशासन व परिश्रम के साथ उच्चतम लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रेरणा दी। नायब तहसीलदार ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए अभी से प्रयास करने के लिए कहा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि सरकारी विद्यालय में उत्कृष्ट शिक्षक होते है। सरकार की छात्राओं की नियमित उपस्थिति रहकर अध्ययन कराना चाहिए। इसके साथ छात्राओं को मतदान हेतु प्रेरित करते हुए जागरुक किया गया। प्रवक्ता रिचा तिवारी ने कार्यक्रम की सराहना की। सर्वेश शाक्य ने कक्षा 6, 7, 8, 9 11 में प्रथम व द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं की घोषणा की। चयनित छात्राओं को पुरस्कार देते सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण में नीलम कश्यप ने सहयोग किया। संचालन शिक्षिका सरिता त्रिवेदी ने किया। स्वागत गीत प्रवक्ता विरमा पाल व श्यामा कश्यप ने गाया। छात्रा अर्शी ने सरस्वती वंदना पर नृत्य प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रवक्ता शिल्पी, शैल्जा मौर्या, आरती यादव, गुलशन जहां, गरिमा पाण्डेय, दीप्ती सिंह, मीना आदि लोग मौजूद रहे।


पुरस्कार प्राप्त करती मेधावी छात्रायें    समृद्धि न्यूज

# अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दूसेना ने निजी स्कूल प्रकाशकों के खिलाफ मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू** सेना ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मांग की है कि सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित निजी स्कूल तथा स्कूल प्रकाशक मिलकर बच्चों की किताबों में दुकानदार के साथ चौगुने दामों में किताबे बेंच रहे है। केजी से कक्षा 12 की किताबे 3500 से लेकर 15 हजार रुपये में बेंची जा रही है। अधिवक्ताओं ने बीते दिन मांग उठायी थी, अब व्यापारी संगठन, समाजसेवी मांग करते है कि शीघ्र ऐसे लोगों पर कार्यवाही हो। जिला विद्यालय निरीक्षक के अलावा डीएम से भी शिकायत की गई। अभी तक किसी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई है। ऐसे में प्रतीत हो रहा है कि इस लूट में प्रशासन के लोग शामिल है। सीबीएसई बोर्ड के बच्चों की किताबे में एनसीआरटी की किताबे नहीं जोड़ी जा रही है और न ही कार्यवाही की जा रही है। अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दूसेना मांग कर रहा है कि भ्रष्टाचार मुक्त हो और निजी प्रकाशको की किताबों पर बैन लगाया जाये। विजेन्द्र गुप्ता, शिवम त्रिपाठी, जितेन्द्र अग्रवाल ने नौनिहालों के भविष्य के साथ खिलवाड़ की शिकायत मुख्यमंत्री से पत्र द्वारा की है।

## खबरें एक नजर में

### महर्षि कश्यप व गुहराज निषाद की जयंती पर समाज के लोगों ने असहाय लोगों की मदद करने का लिया संकल्प



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महर्षि कश्यप व महाराज गुहराज निषाद की जयंती बढ़पुर स्थित पवन आयल में निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप की अध्यक्षता में मनायी गई। सभी ने महर्षि कश्यप व महाराज गुहराज निषाद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए जयंती मनायी। निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप ने कहा कि महर्षि कश्यप की जयंती पर हम संकल्प लें कि समाजहित में कार्य करेंगे और असहाय लोगों की मदद करेंगे। साथ ही गुहराज निषाद के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर अजीत बाथम, ज्ञानेन्द्र कश्यप, सचेन्द्र कश्यप, सुरेश कश्यप, बाबा मौजी लाल, इंद्र कश्यप, रानू राजपूत, पप्पू बाथम, सर्वेश, सचेन्द्र, सुरेश, राजीव मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

### सपाइयों ने मनाई महर्षि कश्यप व निषादराज की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी आवास विकास स्थित कार्यालय पर महर्षि कश्यप एवं राजा निषादराज की जयंती मनाई गई। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि हमारी सदियों से यह परंपरा रही है कि हम ऋषियों और मुनियों द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने का अनुसरण करते रहे हैं। हमें उनके पथ पर चलकर समाज को बुराइयों से दूर रखना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव, रामबाबू यादव, कश्मीर सिंह, अनिल यादव, श्रीपाल सिंह यादव, भूपेंद्र सिंह यादव, एमपी सिंह यादव, महेंद्र सिंह यादव, राजेंद्र सिंह यादव, नंदकिशोर दुबे वंदे मातरम, सर्वेश कुमार, छोटे सिंह यादव, शंभू दयाल, शिवम शर्मा, अखिल कटेरिया आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने दबिश देकर पकड़ी कच्ची शराब व लहन



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आबकारी निरीक्षकों ने श्याम नगर एवं नरसिंहपुर में दविश देकर बरामद लहन को नष्ट कर दिया। इसके साथ ही कच्ची शराब भी बरामद की। पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। शुक्रवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 राजेश कुमार चौबे, क्षेत्र 3 सचिन त्रिपाठी मय स्टाफ द्वारा संदिग्ध ग्राम श्यामनगर एवं नरसिंहपुर में मुखबिर की सूचना पर दविश दी। जहां से लगभग 80 किलोग्राम लहन बरामद कर उसे नष्ट कर दिया। इसके साथ ही 50 लीटर कच्ची शराब भी बरामद की। इस दौरान पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया। जिला आबकारी निरीक्षक ने बताया कि जनपद में कच्ची शराब के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। किसी को भी मानव के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने की छूट नहीं दी जायेगी। बताते हैं कि शराब को यूरिया आदि कैमिकलों से बनाया जाता है। जिसके सेवन से मनुष्य की चार-पांच साल में ही मौत हो जाती है।

### लाखों की कीमत से लगे सीसीटीवी कैमरे हुए कबाड़

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज नगर में खंभों पर लगे सीसीटीवी कैमरे लगभग 1 साल से शोपीस बने हुए है। जिनकी देखरेख की जिम्मेदारी नगर पंचायत कमालगंज की थी और पूर्व मे नगर पंचायत कमालगंज द्वारा ही लगवाए गए थे। जिनकी कीमत लगभग 20 लाख है। कैमरे लग गए थे कमीशन का खेल हो गया, उसके बाद कुछ माह चलने के बाद वह कैमरे खराब हो गए। उस पर ठेकेदार ने भी अपनी जिम्मेदारी का पालन नहीं किया, क्योंकि नगर पंचायत के द्वारा ठेकेदार से इस मामले में कोई भी शिकायत नहीं की गई थी। कुल मिलाकर कमीशन का खेल था। ठेकेदार ने अपना कमीशन रखा तथा नगर पंचायत ने अपना कमीशन रखा और जनता के खून पसीने की कमाई को जमकर लूट गया। इस मामले में व्यापार मंडल अध्यक्ष ध्रुव प्रकाश मिश्रा ने नगर में लगे सीसीटीवी कैमरो को सही करवाने एवं मच्छरों के कारण परेशान व्यापारियों ने नगर पंचायत द्वारा फागिंग मशीन को हर 2 से तीसरे दिन चलवाने की मांग रखी। वही कमालगंज नगर के तिराहे पर टेंपुओ के कारण लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए नगर पंचायत एवं पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान कराये जाने की मांग रखी। पूर्व में फिरोज गांधी जनता इंटर कॉलेज में टेंपो स्टैंड बनाया गया था, लेकिन कुछ माह चलने के बाद फिर से टेंपो चालको के द्वारा तिराहा कमालगंज में रोड पर आड़े तिरछे टेंपो खड़े कर देने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

### दबंगों ने कोरियर कर्मचारी को पीटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोरियर कर्मचारी को दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाना कादरीगेट पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को अभिषेक सिंह पुत्र संजय निवासी महावीरगंज-प्रथम कोतवाली फर्रुखाबाद ने थाना कादरीगेट पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह फ्लिप कार्ड का कोरियर देने डिग्गीताल जा रहा था, तभी रंजिशन अनवर खान, दानिश खान निवासी डिग्गीताल ने मेरे साथ मारपीट की ओर मेरी जेब से रुपये निकाल लिये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर देकर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

# अंडर-19 के ट्रायल मैच में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम


ट्रायल मैच के दौरान खिलाड़ी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला क्रिकेट एसोएिशन द्वारा शुक्रवार को अंडर-19 चयन हेतु सेकेंड ग्रुप के खिलाड़ियों का ट्रायल मैच स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में आयोजित हुआ। टीम में अपना स्थान पक्का करने हेतु खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत की। 27 खिलाड़ी ट्रायल में मौजूद रहे। सचिव मोहन लाल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 14 खिलाड़ियों का चयन हुआ। जिसमें 7 बल्लेबाज व 7 बॉलर चयनित हुए। शनिवार को दोनों ग्रुप में चयनित खिलाड़ियों का ट्रायल मैच के बाद जिला टीम की घोषणा की जायेगी। मैच में कुनाल राजपूत ने 52 रनों की पारी खेली एवं पीयूष चौहान ने 24 रन बनाये। बॉलिंग करने उतरे तेज गेंदबाल साहिल पाल ने दो विकेट, अमूलकांत दो विकेट, हिमांशु ने दो विकेट लिये। वैभव दुबे ने 17 रन बनाये।

# लो टर्न बूथ पर चल रहे मतदाता जागरुकता अभियान के तहत दिलायी गई शपथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिला निर्वाचन** अधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा के निर्देशन में लो टर्न बूथ पर चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर स्वीप सुधीर कुशवाहा एमहिला मतदाता जागरूकता प्रभारी भारती मिश्रा एवं वैभव समवंशी के द्वारा पांचाल घाट पर चुनावी चौपाल का आयोजन किया गया। महिला मतदाता प्रभारी भारती मिश्रा ने कहा कि होली, दिवाली तथा अन्य पर्व हम सब वार्षिक रूप से मनाते हैं पर लोकतंत्र का यह पर्व पांच वर्ष के बाद मनाने का अवसर मिलता है कि लोकतंत्र के इस महापर्व पर आप सभी अपने-अपने बूथ पर जाकर मतदान अवश्य करें। स्वीप प्रभारी सुधीर कुशवाहा ने कहा मतदान एक आवश्यक कार्य है। जिसे हम सबको प्राथमिकता के आधार पर करना ही चाहिए हर एक वोट का अपना महत्व होता है। वैभव सोमवंशी ने कहा कि सब लोग यह नोट करें कि 13 मई को जो 5 वर्ष में एक बार मत देने का अवसर प्राप्त होने वाला है। उस अवसर को व्यर्थ न गंवाएं, वोट डालने अवश्य जाएं इसके पश्चात सभी मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर विभोर सोमवंशी, ईश्वर दास ब्रह्मचारी महाराज, महेश पाल सिंह, हरिभान सिंह गहरवार, संचित पाल, निर्भय मिश्रा, अभिनव कुमार पाल, आकृति मिश्रा, कीर्ति त्रिवेदी, संध्या राजपूत, सोनाली अग्निहोत्री, शिवा, अंशिका, मधु, ज्ञान प्रकाश, राधा, सोनवती, अनामिका, नीरू, जमुना, अमरपाल सिंह, संदीप दीक्षित, आराधना, शिवांगी, रानी, मुन्नी देवी, रजनी, दिव्यांशी आदि मौजूद रहे।


मतदाता जागरुकता की शपथ लेते लोग    समृद्धि न्यूज

# स्वीप प्रभारी गौरव शाक्य ने छात्रों को दिलायी मतदाता जागरुकता की शपथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मतदाता जागरूकता** अभियान कार्यक्रम का आयोजन भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के स्वीप प्रभारी गौरव शाक्य द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय कतरौली पट्टी के प्रांगण में संपन्न हुआ। विद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन करते हुए गौरव शाक्य ने उपस्थित सभी लोगों को मतदान दिवस 13 मई को मतदान करने हेतु प्रेरित किया। सभी विद्यार्थियों से भी मतदान दिवस पर अपने गांव में निवास करने वाले सभी लोगों को वोट डाले जाने हेतु बुलावा टीम बनाकर घर-घर जाकर वोट डालने हेतु निकालकर ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए जागरुक किया। विद्यार्थियों ने गांव वालों को जागरुक करते हुए नारे लगाए पहले मतदान फिर जलपान, छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान, हम सबकी है जिम्मेदारी-वोटिंग करें सभी नर नारी, लालच देकर वोट जो मांगे भ्रष्टाचार करेगा आगे, लालच में तुम कभी ना आना, सोच समझ कर बटन दबाना, मजबूत लोकतंत्र, सबकी भागीदारी। इस अवसर पर सुनीता देवी इंचार्ज प्रधान अध्यापिका, राजेश कुमार, नीशू पांडे, अर्चना तिवारी, राजकुमार सिंह, स्मिता राठौर, अरविंद कुमार, आनंद राव, गौरव चौहान, रमेश कुमार पाल, मुकुंद पालीवाल, अमित सेंगर, नाजरीन आदि उपस्थित रहे।


छात्रों को शपथ दिलाते गौरव शाक्य    समृद्धि न्यूज

# पुरानी ईदगाह में नौ बजे मौलाना शमशाद चतुर्वेदी अदा करायेंगे नमाज


बैठक में मौजूद पुरानी ईदगाह कमेटी के सदस्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ईदगाह कमेटी की बैठक फजले रहमानी मस्जिद में सम्पन्न हुई। बैठक में कमेटी के लोगों ने पुरानी ईदगाह में नमाज अदा करने के लिए समय तय करते हुए बताया कि सुबह 9 बजे पुरानी ईदगाह में नमाज होगी। मौलाना शमशाद चतुर्वेदी नमाज अदा करायेगे। मुजफ्फर हुसैन रहमानी ने बताया कि ईदगाह में नमाज को लेकर कार्यक्रम तय किया गया है। व्यवस्था कमेटी के सभी सदस्य देखेंगे। जिसके लिए कमेटी के सदस्यों ने व्यवस्थाओं को पूर्ण करते हुए मस्जिद की साफ-सफाई, वजू के लिए पानी का इंतजाम किया है। आने वाले नमाजियों के लिए पानी की सबील लगायी जायेगी। बैठक में हाजी मुजफ्फर हुसैन रहमानी, मिर्जा हसीन बेग, हाजी दिलशाद, हाजी मकबूल, सरदार खां, आकिल खां आदि लोग मौजूद रहे।

# मॉडल बूथ क.प्रा.वि. चांदपुर में चुनाव पाठशाला का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**स्वीप मतदाता** कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खण्ड कायमगंज के मॉडल बूथ कन्या प्राथमिक विद्यालय चांदपुर कक्ष में चुनाव पाठशाला का आयोजन हुआ। ब्लॉक गाइड कैप्टन ज्योति ने सभी लोगों को बताया कि भारत लोकतांत्रिक देश है। जिसमें सभी लोगों की भागीदारी आवश्यक है और सभी की भागीदारी तभी सुनिश्चित हो सकती है, जब हम अपना अमूल्य वोट करें। हम सब मतदान में हिस्सा लेकर लोकतंत्र को मजबूत बनाए जाने के लिए अपना वोट अवश्य दें। तथा सबसे पहले अपने घर फिर अपने मोहल्ले और अपने गांव के लोगों को भी वोट करने में सहयोग प्रदान करें। साथ ही मतदाता जागरुकता की शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर संजीव कुमार, प्रीतम सिंह, प्रदीप कुमार, ओमप्रकाश शाक्य, आरती, शिवानी, सरिता, सुनीता, माल्ती, अनीता, नरेंद्र प्रताप, विपिन, विनोद, जीतू, वीरपाल, अनीता, रेनू प्रेमपाल, मोहनलाल आदि लोग मौजूद रहे।


मतदाता जागरुकता की शपथ लेते शिक्षक    समृद्धि न्यूज

सम्मान | मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

# गुरु भविष्य निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाते है: ईश्वरदास ब्रह्मचारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**डी0एस0बी0डी पब्लिक** स्कूल पांचालघाट में नवीन शैक्षिक सत्र एवं मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।

मुख्य अतिथि दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत ईश्वर दास ब्रह्मचारी महाराज ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज समाज में मास्टर नहीं बल्कि गुरु बनने की आवश्यकता है। मास्टर सिर्फअपने वेतन का इंतजार करते है, बल्कि एक गुरु भविष्य निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाते हुए बच्चों को अपने संस्कारों से जोड़ने का काम करते हैं। गुरु शिष्य की परंपरा पर बल देते महंत ने पूरे विश्व में शांति, सुख-समृद्धि की कामना की। प्रबंधक महेश पाल सिंह उपकारी ने बताया कि उनकी संस्था के कुछ बच्चे बहुत ही कम उम्र में बड़े कथावाचक के रूप में, कही कुछ बच्चे अग्निवीर, कुछ बच्चे एयर फोर्स, पुलिस की भर्तियों में सफल हुए। इसका मतलब है कि मेरा जो संस्था संचालन का उद्देश्य था वो सफल हुआ। डायरेक्टर हरभान सिंह गहरवार ने बताया कि नवीन सत्र में कुछ नए प्रयासों के साथ हमारी संस्था में शिक्षण कार्य प्रारंभ होगा। प्रधानाचार्य विभोर सोमवंशी ने बताया कि आज समाज में विद्यालयों की नहीं बल्कि शिक्षालयों की जरूरत है। विद्यालय सिर्फ किताबी ज्ञान देता है और हमारा शिक्षालय बच्चों को संस्कारों से जोड़ता है। राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षिका भारती मिश्रा ने सभी शिक्षकों एवं बच्चों को निर्देशित किया कि सशक्त भारत के निर्माण में हमारी आपकी सबकी अहम भागीदारी है। जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा ने कहा कि अगले सत्र से संस्था में स्काउट की ट्रेनिंग का विधिवत शुभारंभ होगा। इस मौके पर शिक्षक निर्भय मिश्रा, अभिनव कुमार पाल, आकृति मिश्रा, कीर्ति त्रिवेदी, संध्या राजपूत, सोनाली अग्निहोत्री, शिवा, अंशिका पाण्डेय, ज्ञानप्रकाश आदि मौजूद रहे। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया।



परीक्षा फल व पुरस्कार के साथ मौजूद बच्चे

# दिल्ली में वेंटिलेटर पर स्वास्थ्य व्यवस्था

एजेंसी

▸ दिल्ली के एलजी ने मंत्री को रोडमैप बनाने का दिया सुझाव



**नई दिल्ली।** एलजी वीके सक्सेना ने कहा कि शहर की स्वास्थ्य प्रणाली वेंटिलेटर पर है और मंत्री को एक रोडमैप बनाने का सुझाव दिया। स्थिति में सुधार करें। दिल्ली सरकार ने सक्सेना पर पलटवार करते हुए कहा है कि एलजी दवाओं की कमी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों का समर्थन कर रहे हैं। भारद्वाज ने इस मामले पर एलजी को पत्र लिखा था, जिसका जवाब आज उन्होंने दिया।

दिल्ली सरकार और एलजी वीके सक्सेना के बीच एक और लड़ाई छिड़ गई है, इस बार राष्ट्रीय राजधानी में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति को लेकर।

ताजा मामला दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज द्वारा सिस्टम की बिगड़ती स्थिति के बारे में एलजी को लिखे जाने के बाद आया है। पूरे मामले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एलजी वीके सक्सेना ने कहा कि शहर की स्वास्थ्य प्रणाली वेंटिलेटर पर है और मंत्री को एक रोडमैप बनाने का सुझाव दिया। स्थिति में सुधार करें। दिल्ली सरकार ने सक्सेना पर पलटवार करते हुए कहा है कि एलजी दवाओं की कमी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों का समर्थन कर रहे हैं। भारद्वाज ने इस मामले पर एलजी को पत्र लिखा था, जिसका जवाब आज उन्होंने दिया।

### एलजी ने पत्र में क्या कहा?

दिल्ली के एलजी ने कहा कि उन्होंने भारद्वाज को इस मामले पर एक हफ्ते में दो बार बैठक के लिए बुलाया, हालांकि, वह नहीं आए। दिल्ली एलजी ने लिखा कि पिछले एक हफ्ते में मैंने तुम्हें दो बार मिलने के लिए बुलाया लेकिन तुम नहीं आये, जहां तक दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की बात है तो यह सीएम की अध्यक्षता में होने वाली एनसीसीएसए की बैठक के जरिये किया जा सकता है, पिछले 6 महीनों से सीएम ने एनसीसीएसए की बैठक नहीं बुलाई है। सक्सेना ने आगे कहा कि मंत्री अपनी जिम्मेदारियों से बचना चाहते हैं। मुझे लगता है कि इस तरह आप सिर्फ अपनी जिम्मेदारियों से बचना चाहते हैं। दिल्ली के जिस स्वास्थ्य मॉडल की बात की जाती है उसका सच तो ये है कि अस्पताल में रुई तक नहीं है। ऐसा लगता है कि दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था खुद वेंटिलेटर पर है। 9 वर्षों में दिल्ली सरकार ने केवल एक अस्पताल बनाया है। आपको अपनी नेतृत्व क्षमता दिखाते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने का रोडमैप बनाना चाहिए। और इसकी शुरुआत एक श्वेत पत्र लाकर होनी चाहिए।

### दिल्ली सरकार का एलजी पर पलटवार

दिल्ली सरकार ने सक्सेना पर पलटवार किया और आरोप लगाया कि एक साजिश के तहत सरकारी अस्पतालों में दवाओं की कमी है। उन्होंने कहा कि एक साजिश के तहत दिल्ली सरकार के अस्पतालों में दवाओं और अन्य आवश्यक सामग्रियों की कमी हो रही है। अफसरों के खिलाफ सिर्फ एलजी ही कार्रवाई कर सकते हैं। एलजी के पत्र से पता चलता है कि वह उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करना चाहते हैं। एलजी दिल्ली में दवाओं की कमी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों का समर्थन कर रहे हैं। सरकार ने कहा, एलजी गरीबों की दवाओं और इलाज पर राजनीति कर रहे हैं।


# मुंबई हाईकोर्ट की नागपुर बेंच का अंडरवर्ल्ड डॉन गवली को समय से पूर्व रिहा करने का आदेश

▸ जेल प्रबंधन को जवाब देने के लिए चार सप्ताह का समय दिया

एजेंसी

**नागपुर।** मुंबई हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने शुक्रवार को अंडरवर्ल्ड डॉन अरुण गवली की समय से पूर्व रिहाई का आदेश दिया है। नागपुर खंडपीठ ने जेल प्रबंधन को इस मामले में जवाब देने के लिए 4 सप्ताह का समय दिया है। मुंबई के शिवसेना निगम पार्षद कमलाकर जामसंडेकर की हत्या के मामले में अरुण गवली को 2 आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

फिलहाल गवली नागपुर कारागार में अपनी सजा काट रहा है। अरुण गवली ने 2006 के सरकारी फैसले



के आधार पर सजा से छूट की मांग की थी। गैंगस्टर अरुण गवली की याचिका पर मुंबई हाई कोर्ट की नागपुर बेंच में सुनवाई पूरी हो गई थी लेकिन कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रखा था। कोर्ट ने आज अपना फैसला सुनाते हुए अरुण गवली को समय से पहले रिहा करने का निर्देश दिया है। हालांकि, जेल प्रशासन को इस संबंध में जवाब देने के लिए 4 सप्ताह का समय भी दिया गया है। इस मामले में अब जेल प्रबंधन क्या फैसला लेगा? इस ओर सब कि निगाहें लगीं हैं। गवली को मुंबई के शिवसेना पार्षद कमलाकर जामसंडेकर की हत्या मामले के साथ-साथ अन्य अपराधों के लिए 2 बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। फिलहाल अरुण गवली आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। अरुण गवली की ओर से मामले की पैरवी करने वाले मिर नगमान अली ने बताया कि महाराष्ट्र सरकार ने 2006 में एक अधिसूचना जारी की थी, जिसमें कहा गया है कि यदि कोई सजायाफ्ता कैदी अपनी आयु के 65 वर्ष पूरे कर चुका है। साथ ही अगर वह कैदी शारीरिक रूप से कमजोर हो चुका हो तो उसे सजा पूरी होने से पहले रिहा करने पर विचार किया जा सकता है।

# सीबीआई को मिली हिरासत में के. कविता से पूछताछ की अनुमति

▸ ईडी के मुताबिक के कविता ने सौ करोड़ की थी हेराफेरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट की जज कावेरी बावेजा ने सीबीआई को दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के. कविता से न्यायिक हिरासत में पूछताछ की अनुमति दे दी है। सीबीआई ने याचिका दायर कर कविता से पूछताछ की अनुमति मांगी थी। कोर्ट के आदेश में कहा गया है कि सीबीआई को एक दिन पहले जेल अधिकारियों को जानकारी देनी होगी।

कोर्ट ने 4 अप्रैल को के. कविता की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। जमानत याचिका पर 8 अप्रैल को फैसला सुनाया जाएगा। कोर्ट ने 26 मार्च को



के. कविता को 9 अप्रैल तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। पेशी के दौरान के. कविता ने कहा था कि यह मनी लांड्रिंग का नहीं, बल्कि राजनीतिक लांड्रिंग का मामला है। यह एक मनगढ़ंत और झूठा मामला है। हम बेदाग, बेकसूर साबित होंगे। ईडी के मुताबिक के कविता ने सौ करोड़ की हेराफेरी की थी। आरोप है कि इंडोस्पिरिट्स के जरिये 33 फीसदी लाभ कविता को पहुंचता था। कविता शराब कारोबारियों की लॉबी साउथ ग्रुप से जुड़ी हुई थीं। ईडी ने कविता को पूछताछ के लिए दो समन भेजे थे लेकिन कविता पेश नहीं हुईं, जिसके बाद छापेमारी कर उन्हें गिरफ्तार किया गया था।

### आईपीएल 2024 : मुंबई इंडियंस टीम में शामिल होने के लिए तैयार सूर्यकुमार

**मुंबई।** सूर्यकुमार यादव बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में ठीक होने के बाद मुंबई वापस आ गए हैं और वह अब दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच से पहले मुंबई इंडियंस कैंप में शामिल होने के लिए तैयार हैं। सूर्यकुमार ने अब तक आईपीएल 2024 में हिस्सा नहीं लिया है क्योंकि वह इस साल की शुरुआत में हुई टखने की सर्जरी से उबरने के लिए एनसीए में थे। हालांकि यह अभी भी पुष्टि नहीं हुई है कि वह रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मैच के लिए फिट हैं या नहीं। सूर्यकुमार का आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच दिसंबर में जोहान्सबर्ग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरा टी-20 था, जहां उन्होंने 56 गेंदों में 100 रन बनाए थे। उस मैच के दौरान उनके टखने में चोट लग गई थी। टखने की सर्जरी के अलावा, उन्हें स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी भी करानी पड़ी।

# संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने ज्योतिर्लिंग भगवान ओंकारेश्वर व ममलेश्वर के किए दर्शन

एजेंसी

**खंडवा/ओंकारेश्वर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत इन दिनों मध्य प्रदेश के प्रवास पर हैं। उन्होंने शुक्रवार सुबह खंडवा जिला स्थित प्रसिद्ध तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में ज्योतिर्लिंग भगवान ओंकारेश्वर-ममलेश्वर के दर्शन किए। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहां करीब 10 मिनट उन्होंने पूजा-अर्चना की। उन्होंने ओंकारेश्वर में मां नर्मदा का भी पूजन-अभिषेक किया।

मंदिर ट्रस्ट के व्यवस्थापक पंडित आशीष दीक्षित ने बताया कि दर्शन के बाद श्रीजी मंदिर ट्रस्ट द्वारा उन्हें भगवान ओंकारेश्वर की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया गया। इसके बाद निरंजनी अखाड़ा पहुंच कर उन्होंने हवन में आहुति दी। उन्होंने श्रीश्री रविशंकर के आश्रम में मां नर्मदा की स्वच्छता, पवित्रता को लेकर विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी और



स्वयंसेवकों से चर्चा की। उल्लेखनीय है कि सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत गुरुवार शाम दो दिवसीय निजी प्रवास पर ओंकारेश्वर पहुंचे। ओंकारेश्वर पहुंचने पर आचार्य महामंडलेश्वर विवेकानंद पुरी महाराज और स्वामी भूमानंद सरस्वती ने सरसंघचालक डॉ. भागवत की अगवानी की। इस मौके पर संघ के भैया जोशी, गोपाल कृष्ण, माखन सिंह सहित संघ के कई पदाधिकारी मौजूद थे। इसके बाद डॉ. भागवत ने ओंकार पर्वत स्थित एकात्मधाम पहुंच कर आदिगुरु शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची प्रतिमा के दर्शन किए। प्रतिमा लोकार्पण के बाद काम में शिथिलता को देखते हुए उन्होंने सिंहस्थ 2028 तक प्रोजेक्ट को पूरा होने की मंशा भी जताई। पूरे प्रोजेक्ट की जानकारी लेने के साथ उन्होंने आदिगुरु शंकराचार्य की 11 फीट ऊंची प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने रात्रि विश्राम बिलोरा खुर्द स्थित श्रीश्री रविशंकर के आश्रम में किया। दरअसल, सरसंघचालक डॉ. भागवत एक सप्ताह से मप्र के प्रवास पर हैं। उन्होंने बीते शनिवार को अमरकंटक से अपने प्रवास की शुरुआत की थी।

## खबरें एक नजर में

### 75 के दर्शन लाल ने जयपुर में जीती टेनिस प्रतियोगिता

**यमुनानगर।** राजस्थान के जयपुर में आयोजित अंतराष्ट्रीय लॉन टेनिस आईटीएफ-200 प्रतियोगिता में यमुनानगर से 75 आयु वर्ग में दर्शन लाल मारिया ने एकल मुक़ाबले को जीत कर एक नया रिकॉर्ड क़ायम किया। इस प्रतियोगिता में विश्व के कई देशों के खिलाड़ियों ने भगा लिया। शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए दर्शन लाल मारिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता में उनसे ऊपर की रैंकिंग वाले खिलाड़ी भी थे, जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर टेनिस में अपना लोहा मनवा चुके हैं। पर इस बार उन सब को हरा के 2.5 घंटे चला फाइनल मुक़ाबला जीता। मारिया ने बताया कि इस जीत से उनकी 75 आयु वर्ग में भारत की रैंकिंग 11 पर पहुँच गई है। उन्होंने कहा कि उम्र के इस पड़ाव में भी जब तक वह टेनिस खेल सकते हैं, तब तक खेलेंगे और शहर का नाम रोशन करने की पूरी कोशिश करेंगे। दर्शन लाल मारिया की जीत की खुशी में स्थानीय टेनिस खिलाड़ियों ने जिमखाना क्लब में एक बैठक कर उनको मोमेंटो और शॉल देकर सम्मानित किया।

### आठ लोस सीटों के लिए 352 उम्मीदवारों का नामांकन दाखिल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को आठ लोकसभा सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए 352 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किये हैं। आधिकारिक प्रवक्ता के मुताबिक गुरुवार को मराठवाड़ा और विदर्भ के निर्वाचन क्षेत्रों बुलढाणा, अकोला, अमरावती, वर्धा, यवतमाल-वाशिम, हिंगोली, नांदेड़ और परभणी में नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन था। उन्होंने बताया कि नामांकन दाखिले के अंतिम दिन तक बुलढाणा में 29 , अकोला में 28, अमरावती में 59 , वर्धा में 27 , यवतमाल-वाशिम में 38 , हिंगोली में 55 , नांदेड़ में 74 और परभणी से 42 उम्मीदवारों नामांकन पत्र भरे हैं। शुक्रवार को सभी नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी।

### उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया और इस दौरान दो संदिग्ध आतंकवादी मारा गया। रक्षा सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने उरी में सबुरा नाला रुस्तम में नियंत्रण रेखा के करीब घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखी और उन्हें ललकारा। इसी दौरान आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी।। उन्होंने बताया कि अब तक एक आतंकवादी मारा गया है और अभियान जारी है। सीमा सुरक्षा बल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने हाल ही में कहा था कि चुनाव के दौरान नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की आशंकाओं के मद्देनजर सुरक्षाबल अलर्ट हैं। बारामूला लोकसभा सीट पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से सटे होने के कारण संवेदनशील क्षेत्र है।

### सहनी की पार्टी वीआईपी बनी इंडिया का हिस्सा, मिलेंगी तीन सीटें

**पटना।** मुकेश सहनी की पार्टी वीईपी इंडिया गठबंधन का हिस्सा बन गई है। उन्हें राजद कोटे से 3 सीटें मिलेंगी। इस मौके पर बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा ...हम मुकेश सहनी का महागठबंधन में स्वागत करते हैं। राजद ने अपने कोटे 26 सीटों में से 3 सीटें मुकेश सहनी को दीं, जिनमें गोपालगंज, झंझारपुर और मोतिहारी सीट शामिल है। मुकेश सहनी की पार्टी इन 3 सीटों से चुनाव लड़ेगी। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा, मुकेश सहनी अति-पिछड़ा समाज के लोगों के लिए काफी संघर्ष किया। जिस प्रकार से भाजपा ने इनके दल को तोड़ने का प्रयास किया है वो भी हमने देखा है, जो लोग कल्पना कर रहे हैं और 400 पार का नारा लगा रहे हैं, इस बार बिहार की धरती उन्हें धूल चटाने का काम करेगी। इस बार बिहार चौंकाने वाले नतीजे देगा। राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा, राजद 26 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और हमारी पार्टी ने फैसला किया है कि हम अपने कोटे से मुकेश सहनी की पार्टी को 3 सीटें देंगे। तीन सीटें-गोपालगंज, झंझारपुर और मोतिहारी हैं। वहीं विकासशील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी ने कहा, आज हमलोग महागठबंधन, छ्क्प। गठबंधन में जुड़े हैं। निर्णय यही है कि आगे लड़ाई लड़नी है, हम हमेशा लालू प्रसाद यादव की विचारधारा को मानने वाले लोग हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने कार्यकर्ता शोमा कांति सेन को दी जमानत

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में आरोपी शोमा कांति सेन को शुक्रवार को जमानत दे दी। अंग्रेजी साहित्य की प्रोफेसर और महिला अधिकार कार्यकर्ता सेन को 6 जून, 2018 को मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। आदेश सुनाते हुए जस्टिस अनिरुद्ध बोस और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने निर्देश दिया कि अन्य शर्तों के अलावा, सेन विशेष अदालत की अनुमति के बिना महाराष्ट्र राज्य नहीं छोड़ेंगे। इसमें कहा गया है कि वह एनआईए के जांच अधिकारी को उस पते के बारे में सूचित करेगी जहां वह जमानत अवधि के दौरान रहेगी। पीठ ने कहा कि सेन को अपने मोबाइल फोन का जीपीएस भी चौबीसों घंटे सक्रिय रखना होगा। यह मामला 31 दिसंबर, 2017 को पुणे के शनिवारवाड़ा में आयोजित एल्गार परिषद सम्मेलन में दिए गए कथित भड़काऊ भाषणों से संबंधित है, जिसके बारे में पुलिस का दावा है कि अगले दिन शहर के बाहरी इलाके में स्थित कोरेगांव-भीमा युद्ध स्मारक के पास हिंसा भड़क उठी।

# कांग्रेस के घोषणा पत्र में गरीबों को न्याय का वादा

यह चुनाव लोकतंत्र व संविधान को बचाने इसको ध्वस्त करने वालों के बीच

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने 2024 के चुनाव के लिए हाथ बदलेगा हालत नारे के साथ आज अपना घोषणा पत्र जारी किया और कहा कि यह न्याय पत्र है जो देश की जनता को पांच न्याय के साथ 25 गारंटी देता है तथा गरीबों की खुशहाली का वादा करता है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष पी चिदंबरम और पार्टी महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त रूप से कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी किया और कहा कि घोषणा पत्र न्याय की गारंटी देता है इसलिए इसे न्याय पत्र कहा गया है। इसमें सभी देशवासियों से न्याय का वादा है और लोगों को विश्वास दिलाया गया है कि कांग्रेस को वोट देने से पूरे देश के हालात बदल जाएंगे। श्री खडगे ने कहा कि घोषणा पत्र गरीबों को समर्पित है और देश के गरीबों को सम्मान देने का वादा किया गया है। इसमें आम लोगों की आर्थिक हालत सुधारने के लिए 5,000 करोड़ रुपए का नया स्टार्टअप फंड देने का भी वादा किया गया है। उन्होंने कहा हम देश की सामाजिक और आर्थिक गति को आगे ले जाएंगे। किसानों, गरीबों, मजदूरों, महिलाओं और वंचित वर्गों के विकास के बंद दरवाजे खोलेंगे। ये हमारी प्रतिज्ञा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा ही डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना करते हैं लेकिन उन 10 वर्षों में कांग्रेस ने मनरेगा, सूचना का अधिकार, खाद्य सुरक्षा, भूमि अधिग्रहण कानून, शिक्षा का अधिकार सहित कई कदम उठाए हैं। मनरेगा और खाद्य सुरक्षा के पीछे सोनिया गांधी का बहुत बड़ा योगदान रहा है। मोदी इसके मुकाबले अपने 10 साल के कार्यकाल में एक भी काम नहीं कर सके। पार्टी नेता राहुल गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान उन्होंने देश की हालत करीब से देखे हैं और वह जानते हैं कि देश के लोगों के साथ न्याय नहीं हो रहा है इसलिए कांग्रेस पांच न्याय के तहत देशवासियों को 25 गारंटियां देने का वादा करती है उन्होंने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने तथा इसको ध्वस्त करने वालों के बीच हो रहा है इसलिए जनता को संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए कांग्रेस को वोट देना है। उनका यह भी कहना था कि कांग्रेस और भाजपा के साथ यह जबरदस्त चुनावी जंग है और कांग्रेस इस पूरे दमखम के साथ लड़ेगी।

### वर्ल्ड एक्वेटिक्स आर्टिस्टिक स्विमिंग वर्ल्ड कप 2024 की मेजबानी करेगा बीजिंग

**बीजिंग।** दुनिया भर की 14 टीमों के लगभग 100 विशिष्ट कलात्मक तैराक बीजिंग के नेशनल एक्वेटिक सेंटर (वाटर क्यूब) में वर्ल्ड एक्वेटिक्स आर्टिस्टिक स्विमिंग वर्ल्ड कप 2024 के पहले चरण में प्रतिस्पर्धा करेंगे। मेजबान देश 5-7 अप्रैल चरण के दौरान सभी 11 स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेगा, लेकिन उसकी राष्ट्रीय टीम के शीर्ष तैराक केवल टीम फ्री पर ध्यान केंद्रित करेंगे, जबकि दूसरे स्तर के एथलीट अन्य 10 स्पर्धाओं में भाग लेंगे। चीनी राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच झांग शियाओहुआन ने गुरुवार को सिन्हुआ के हवाले से कहा, हाल ही में नियमों में कुछ नए बदलाव हुए हैं। हमें अपनी मूल दिनचर्या को समझने और पुनर्निर्माण करने के लिए समय चाहिए। दूसरी ओर, यह हमारे युवा तैराकों के लिए विश्व कप में अन्य विशिष्ट तैराकों से सीखने और दिखाने का एक शानदार अवसर है।÷ चीन ने दो महीने पहले दोहा वर्ल्ड एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में 11 स्पर्धाओं में सात स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य जीतकर कलात्मक तैराकी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल किया।

# आचार संहिता के उल्लंघन में चंद्रबाबू नायडू को चुनाव आयोग का नोटिस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग के नोटिस के अनुसार, नायडू ने 31 मार्च को आंध्र प्रदेश में अपने अभियान भाषणों के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया। यह नोटिस युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के राज्य महासचिव लैला अप्पी रेड्डी और एक अन्य व्यक्ति द्वारा दायर शिकायत के बाद जारी किया गया था। चुनाव आयोग ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के लिए तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) प्रमुख चंद्रबाबू नायडू को नोटिस जारी किया।

चुनाव आयोग के नोटिस के अनुसार, नायडू ने 31 मार्च को आंध्र प्रदेश में अपने अभियान भाषणों के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया। यह नोटिस युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के राज्य महासचिव लैला अप्पी रेड्डी और एक अन्य व्यक्ति द्वारा दायर शिकायत के बाद जारी किया गया था। आंध्र प्रदेश के येम्मिगनूर, मार्कापुरम और बापटला निर्वाचन क्षेत्रों में अपनी रैलियों के दौरान, नायडू ने वाईएस जगन मोहन रेड्डी के संदर्भ में ÷अपमानजनक÷ भाषा का इस्तेमाल किया। उन्होंने कथित तौर पर वाईएसआरसीपी नेता को राक्षस, चोर, जानवर, लोगों के साथ विश्वासघात करने वाला, और दुष्टकर्मी और अन्य शब्दों से संदर्भित किया। नायडू के भाषण चुनाव आयोग को एक पेनड्राइव में उपलब्ध कराए गए थे और उन सभी को पढ़ने के बाद, चुनाव पैनल ने निर्धारित किया कि उनकी टिप्पणियों ने चुनाव संहिता का उल्लंघन किया है। चंद्रबाबू नायडू को जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ अपनी टिप्पणी के संबंध में स्पष्टीकरण देने के लिए 48 घंटे का समय दिया गया है। चुनाव आयोग ने विचाराधीन भाषणों की समीक्षा की है, जो एक पेन ड्राइव में उपलब्ध कराए गए थे, और निर्धारित किया है कि वे प्रथम दृष्ट्या आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन करते हैं।

### भारत-नेपाल सीमा से चार संदिग्ध पाकिस्तानी हुए गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल-भारत सीमा से दो पाकिस्तानियों सहित तीन आतंकियों की गिरफ्तारी के अगले ही दिन शुक्रवार को काठमांडू से चार पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। नेपाल पुलिस ने काठमांडू के अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर चार पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता कुबेर कडायत ने बताया कि भारत के उत्तर प्रदेश एंटी टेररिस्ट स्क्वायड द्वारा पकड़े गए पाकिस्तानियों और कश्मीर के आतंकवादियों को मदद करने के आरोप में चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए सभी पाकिस्तानी नागरिक हैं। इनकी पहचान जुबेर उम्जाद (57), शाहजहां तनवीर (42), मलिक अहमद हामिद (52) तथा आरिफ मसीह (44) के रूप में हुई है।

# समानता के मुद्दे पर भारत को किसी से उपदेश की जरूरत नहीं : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि भारत को समानता के मुद्दे पर इस ग्रह पर किसी से उपदेश की जरूरत नहीं है, हम हमेशा इसमें विश्वास करते हैं।

देशों से अपने भीतर झांकने का आह्वान करते हुए उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कुछ देशों में अभी तक कोई महिला राष्ट्रपति नहीं है जबकि हमारे यहां ब्रिटेन से भी पहले एक महिला प्रधानमंत्री थी। अन्य देशों में सुप्रीम कोर्ट ने बिना महिला जज के 200 साल पूरे कर लिये, लेकिन हमारे यहां है। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के बारे में फैलाई जा रही झूठी कहानी और गलत सूचना के प्रति आगाह करते हुए धनखड़ ने कहा कि सीएए न तो किसी भी भारतीय नागरिक को उसकी नागरिकता से वंचित करना



चाहता है, न ही यह पहले की तरह किसी को भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने से रोकता है।

यह उल्लेख करते हुए कि सीएए पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यकों के लिए भारतीय नागरिकता के अधिग्रहण की सुविधा प्रदान करता है, उपराष्ट्रपति ने कहा, हमारे पड़ोस में उनकी धार्मिक प्रतिबद्धता के कारण सताए गए लोगों को यह राहत, उपचारात्मक स्पर्श भेदभावपूर्ण कैसे हो सकता है?÷ यह देखते हुए कि सीएए उन लोगों पर लागू होता है, जो 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत आए थे, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह आमद का निमंत्रण नहीं है। उन्होंने आगाह करते हुए कहा कि हमें इन आख्यानों को बेअसर करना होगा।लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में उनके व्यावसायिक पाठ्यक्रम के चरण- के समापन पर 2023 बैच के आईएएस अधिकारी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने युवाओं से ऐसे तथ्यात्मक रूप से अस्थिर राष्ट्र-विरोधी आख्यानों के रणनीतिक आयोजन का खंडन करने का आह्वान किया।

### चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर की चर्चा

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से चुनाव आयोग ने शुक्रवार को 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नगर निगम आयुक्तों और जिला चुनाव अधिकारियों के साथ बैठक की और पिछले चुनावों के दौरान कम मतदान प्रतिशत होने को लेकर गहन विचार-विमर्श किया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बैठक के दौरान निगम आयुक्तों और जिला चुनाव अधिकारियों से ऐसा माहौल बनाने को कहा जिससे लोग मतदान करने के लिये स्वतः प्रेरित हो सकें। अधिकतर शहरों से आये निगम आयुक्त और बिहार और उत्तर प्रदेश से चुनिंदा जिला चुनाव अधिकारियों ने चिह्नित शहरी और ग्रामीण पंचायत केन्द्रों में मतदाता भागीदारी बढ़ाने की दिशा में विचार-विमर्श किया गया। सम्मेलन में ईसीआई द्वारा मतदाता शिक्षा सामग्री के प्रसार के लिये होर्डिंग्स, डिजिटल स्पेस, कियोस्क और कॉमन सर्विस सेंटर और अन्य योजनाओं की भी रूपरेखा तैयार की गयी।

# अपोलोमेडिक्स में चाइल्ड डेवलपमेंट क्लिनिक का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बच्चों के लिए विशेष देखभाल की बढ़ती मांग को देखते हुए राजधानी के अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ने चाइल्ड डेवलपमेंट क्लिनिक (सीडीसी) की शुरुआत की है। यह क्लिनिक शैशवावस्था से लेकर प्रारंभिक किशोरावस्था तक के बच्चों के लिए हर तरह की देखभाल प्रदान करेगा है, जो बच्चों के विभिन्न विकासात्मक और व्यवहारिक विकास के लिए आवश्यक हैं।

अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में डेवलपमेंट पेडियाट्रिशियन डॉ. प्रांजलि सक्सेना ने बाल विकास में शुरुआती हस्तक्षेप के महत्व पर बल दिया। हर बच्चा अद्वितीय होता है, और उनके विकास के दौर में, उन्हें गहन निरीक्षण और सहायता की आवश्यकता होती है। सीडीसी यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि प्रत्येक बच्चे को उनके स्वास्थ्य के लिए आवश्यक ध्यान और




पोषण प्राप्त हो। आधुनिक जीवन में व्यस्त जीवन शैली के। चलते तीव्र गति के साथ, विकासात्मक विकार तेजी से आम होते जा रहे हैं।

अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के सीईओ और एमडी डॉ. मयंक सोमानी ने बताया, न्यूक्लियर फैमिली, देर से माता-पिता बनने की प्रवृति, स्क्रीन (टीवी या मोबाइल) का अत्यधिक उपयोग और उच्च जोखिम वाली गर्भधारण अवस्था, बच्चों में विकासात्मक समस्याओं के बढ़ने का कारण हैं। सीडीसी का उद्देश्य इन समस्याओं का समाधान करने और हमारे बच्चों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए सभी सेवाएं उपलब्ध कराना है।

अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में चाइल्ड डेवलपमेंट क्लिनिक उच्च जोखिम वाले नवजात शिशुओं के लिए मूल्यांकन, सीखने और ध्यान से जुड़ी कठिनाइयाँ, आत्मकेंद्रित स्पेक्ट्रम विकार, सेरेब्रल पाल्सी, भाषण और संचार विकारों के इलाज आदि सहित कई तरह की सेवाएं प्रदान करता है।